2 फरीदाबाद
महिला वर्ग में फतेहाबाद व पुरुष वर्ग में भिवानी ने मारी बाजी

6 अभिमत
सही मुख्यमंत्रियों की तलाश

9 देश-विदेश
तमिलनाडुः चेन्नई के कई हिस्सों में जलभराव, राहत कार्यों में तेजी

11 फीचर
भारी नुकसान के बाद चक्रवात मिचौंग पड़ा कमजोर

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 297
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 07 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



इंग्लैंड ने भारत के सामने खड़ा किया रनों का पहाड़
पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 69653 | ▲ | 357.59 |
| निफ्टी | 20937 | ▲ | 82.60 |
| सोना | 62850 | ▲ | 400 /10 gm |
| चांदी | 78100 | ▼ | 400 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 24.00°C
न्यूनतम 11.00°C

## क्विक न्यूज

### काशी-अयोध्या के बीच शुरू होगी हेलिकॉप्टर सर्विस




**वाराणसी।** काशी से अयोध्या के बीच जल्द ही हेलिकॉप्टर सर्विस शुरू होगी। इसकी तैयारियां चल रही हैं। वाराणसी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ने नमो घाट पर तीन हेलीपैड बनाया है। सब कुछ ठीक रहा, तो 22 जनवरी यानी अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले ही हेलिकॉप्टर सेवा शुरू हो जाएगी। तब दोनों शहरों के बीच 220 किलोमीटर की दूरी 40-50 मिनट में तय हो सकेगी।

### हरियाणवी कलाकार नवीन नारू गिरफ्तार



**हिसार।** रेप केस में फंसे हरियाणवी कलाकार नवीन नारू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 18 दिन पहले उस पर हिसार के हांसी में एक महिला से दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल करने का केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने उसकी ब्रेजा कार को भी जब्त कर लिया है। साथ ही उसके बैंक खाते की डिटेल भी खंगाली जा रही है। पुलिस महिला से रुपयों के लेने देन की जांच कर रही है। नारू हरियाणा की फेमस कलाकार सपना चौधरी के साथ भी कई गाने कर चुका है।

### बिहार की बैंक से 16 लाख की लूट



**पटना।** बिहार के आरा शहर के एक्सिस बैंक में बुधवार को 14 मिनट में साढ़े 16 लाख की डकैती हुई है। बैंक लूटे जाने की खबर मिलने पर पुलिस ने बैंक की इमारत को घेर लिया। करीब आधे घंटे तक सरेंडर-सरेंडर चिल्लाती रही। लेकिन बदमाश पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग चुके थे। आरा के बजाज मोड़ स्थित एक्सिस बैंक में सुबह करीब 10 बजकर 15 मिनट पर 5 अपराधी कस्टमर बनकर बैंक में घुसे। बैंक का शटर अंदर से गिरा दिया। बैंक के 12 स्टाफ को बंधक बनाया। उनके मोबाइल छीने। मारपीट कर 10 कर्मचारियों को कैंटीन में बंद कर दिया। इस दौरान एक कस्टमर बैंक से भाग निकला। अपराधी डर गए और लॉकर नहीं लूट पाए।

अमित शाह ने लोकसभा में नेहरू की चिट्ठी पढ़ी, बोले

# 'नेहरू ने खुद शेख अब्दुला से कहा था, कश्मीर मुद्दा यूएन ले जाना गलती थी'

**छह घंटे की बहस में किसी ने भी गृहमंत्री का विरोध नहीं किया**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**संसद** के शीतकालीन सत्र का बुधवार को तीसरा दिन था। लोकसभा में जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) बिल और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल पास हो गए। सदन में चर्चा के दौरान अमित शाह ने जवाहर लाल नेहरू को कोट किया। गृह मंत्री ने कहा, नेहरू ने शेख अब्दुल्ला को लिखा था कि कश्मीर मुद्दा यूएन ले जाना गलती थी। शाह के बयान पर कांग्रेस समेत विपक्ष ने हंगामा किया। शाह ने कहा कि मैंने वही बात कही, जो खुद नेहरू ने अब्दुल्ला से कही थी।

शाह ने ये भी कहा कि कश्मीर में सेना जीत रही थी, तभी सीजफायर कर दिया गया। नेहरू की गलती से पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) बन गया। देश की जमीन का जाना नेहरू का ब्लंडर था। यह बिल उन लोगों को अधिकार दिलाने का बिल है, जिनकी अनदेखी की गई। अच्छी बात ये रही कि 6 घंटे की बहस में किसी ने भी इसका विरोध नहीं किया। बिल पर प्रतिपक्ष के कुछ लोगों ने कम आंकने का प्रयास किया। किसी ने कहा कि सिर्फ नाम बदल रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि नाम में ही सम्मान जुड़ा है। मदद से ज्यादा सम्मान व्यक्ति को आगे बढ़ाने का काम करता है।



### गौमूत्र वाले बयान पर हुई नारेबाजी

**दिन** की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी के माफी मांगो के नारे के साथ शुरू हुई। भाजपा ने डीएमके सांसद सेंथिल कुमार से उनके गौमूत्र वाले बयान पर सदन में माफी मांगने को कहा। हंगामे के बाद सेंथिल ने लोकसभा में माफी मांग ली। उन्होंने कहा, कल अनजाने में मेरे द्वारा दिए गए बयान से किसी सदस्या या वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंची है तो मैं अपना बयान वापस लेता हूं। मुझे इसका अफसोस है। मंगलवार को सेंथिल कुमार ने कहा था कि भाजपा की ताकत केवल हिंदी बेल्ट के उन राज्यों को जीतने में ही है, जिन्हें हम आमतौर पर गोमूत्र राज्य कहते हैं।

# चार राज्यों में बीजेपी के 11 सांसदों ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मध्य** प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 21 सांसदों को मैदान में उतारा था। इनमें से 12 सांसद चुनाव जीते जबकि नौ हार गए। जीते हुए 12 सांसदों में से 11 ने बुधवार को लोकसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। सिर्फ राजस्थान से चुनाव जीतने वाले बालकनाथ ने अभी इस्तीफा नहीं दिया है।

संसद सदस्यता छोड़ने वालों में मध्य प्रदेश से नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक हैं। वहीं छत्तीसगढ़ से अरुण साव, रेणुका सिंह और गोमती साय जबकि राजस्थान से राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा शामिल हैं। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव जीते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने भी संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। रेवंत कल तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राजस्थान से बीजेपी की तरफ से सात सांसदों ने चुनाव लड़ा। जिनमें बाबा बालकनाथ, किरोड़ीलाल मीणा, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, भागीरथ चौधरी, नरेंद्र खीचड़ और देवजी पटेल शामिल थे। इन सात में से सिर्फ चार ही चुनाव जीत सके।

# ठोस कचरे के वजन की मॉनिटरिंग करेगी प्रदेश सरकार

## हरियाणा में सीएम फ्लाइंग की तर्ज पर बनेगा स्क्वाड

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** में प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने की दिशा में पहले ही स्वच्छ भारत-स्वच्छ हरियाणा योजना चला रखी है। इस कड़ी में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए सीएम मनोहर लाल ने ठोस कचरा के वजन में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए सीएम फ्लाइंग की तर्ज पर शहरी स्थानीय निकाय में भी फ्लाइंग स्क्वाड गठित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने नगर निगमों, नगर परिषद व नगर पालिकाओं की ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

**गुरुग्राम फरीदाबाद अंबाला जैसे बड़े शहरों में कूड़ा निस्तारण प्रोजेक्ट की ड्रोन तकनीक से होगी निगरानी**



मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कचरा ले जाने वाले वाहनों की निकासी तथा एंट्री पॉइंट पर तौल मशीनें लगाई जाएं और वास्तविक भार के अनुसार ही ठेकेदार को भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि कचरे से जो भी बायो उत्पाद निकलता है, उसकी भी मार्केटिंग की जाए। गुरुग्राम, फरीदाबाद, अंबाला जैसे बड़े शहरों में कूड़ा निस्तारण प्रोजेक्ट की ड्रोन तकनीक से भी निगरानी की जाए, ताकि डंपिंग पॉइंट तक कचरे की कितनी मात्रा पहुंच रही है, उसका पता लगता रहे। जिस प्रकार सीएम फ्लाइंग स्क्वाड भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने या विभागों में गड़बड़ी होने के अंदेशों के चलते खुद संज्ञान लेते हुए छापेमारी होती है, उसी प्रकार शहरी स्थानीय निकाय फ्लाइंग स्क्वाड भी ठोस कचरा संयंत्रों और डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण तथा वाहनों के निकासी व प्रवेश पॉइंट पर दबिश देगी।

### जारी हो रहे हर टेंडर पर सीएम की सख्त नजर

टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री हर टेंडर की खुद निगरानी कर रहे हैं। मोल-भाव के लिए उच्च अधिकार प्राप्त खरीद कमेटी और कार्य आवंटन कमेटी के समक्ष सीधे बैठने का ठेकेदारों को अवसर मिला है, जिससे खरीद प्रक्रिया में न केवल पारदर्शिता आई है, बल्कि सरकार निविदा में दिए गए रेट से 30 प्रतिशत तक बचत करने में सफल रही है।

# खड़गे के घर हुई विपक्षी गठबंधन की बैठक, कई नेता नहीं पहुंचे

**अगली बैठक 16 से 18 दिसंबर के बीच होगी**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**विपक्षी** गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस) की बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर हुई। खड़गे ने 28 दलों को मीटिंग के लिए बुलाया था। लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के सीएम स्टालिन, बिहार के सीएम नीतीश कुमार और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव शामिल नहीं हुए। मीटिंग में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, अधीर रंजन चौधरी, राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और आप (आम आदमी पार्टी) नेता राघव चढ्डा समेत कई नेता शामिल हुए। सपा की ओर से राम गोपाल यादव मीटिंग में पहुंचे।

ममता बनर्जी ने कहा कि मीटिंग का समय कांग्रेस के हिसाब से क्यों तय होता है। मुझे इस मीटिंग के बारे पहले नहीं बताया गया था। चार दिसंबर को राहुल गांधी ने बताया कि हम जल्द ही मीटिंग करने वाले हैं। ममता ने कहा कि मीटिंग के लिए कम से कम 7 से 10 दिन पहले बताना चाहिए। मीटिंग के बाद कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने कहा कि सदन में आने वाले बिलों को लेकर चर्चा हुई है। आने वाले दिनों में अलायंस की एक और मीटिंग होगी, जिसकी तारीख 1-2 दिन में बताई जाएगी। नसीर हुसैन ने दावा किया 17 से 18 पार्टियां शामिल हुई थीं। शिव सेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने कहा कि विपक्ष की अगली बैठक 16 से 18 दिसंबर के बीच होगी।



### कांग्रेस नेता ने अपना मुंह काला किया



**ग्वालियर** में ग्रामीण किसान कांग्रेस के जिला महामंत्री योगेश दंडोतिया ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने मुंह पर कालिख पोत ली। उन्होंने कहा, फूल सिंह बरैया को मुंह काला नहीं करने दूंगा, इसीलिए मैंने अपना मुंह काला किया है। कल भोपाल जाकर बरैया का समर्थन करूंगा। दतिया जिले की भांडेर सीट से विधायक चुने गए बरैया ने मंगलवार को कहा था कि वे सात दिसंबर को भोपाल में राजभवन के सामने अपना मुंह काला करेंगे। चुनाव में हेरफेर की गई है। विधानसभा चुनाव वे पहले बरैया ने कहा था कि अगर भाजपा को 50 सीटें भी मिल गईं तो वे राजभवन के सामने अपना मुंह काला करेंगे।

### सपा और कांग्रेस के बीच तनातनी

**हाल** ही में पांच राज्यों (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम) के विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस की चार राज्यों में हार हुई है। चुनाव के दौरान गठबंधन के नेताओं में नोकझोंक भी हुई थी। अखिलेश यादव ने कहा था कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने हमें सीट शेयरिंग को लेकर धोखा दिया है।

# मिजोरम गर्वनर से मिले जेडपीएम नेता लालदुहोमा

**एजेंसी।** मिजोरम

**मिजोरम** में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) के नेता लालदुहोमा ने आज सरकार बनाने का दावा पेश किया। लालदुहोमा ने बुधवार सुबह 10:30 बजे राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति से मुलाकात की।

जेडपीएम की तरफ से मुख्यमंत्री पद के दावेदार लालदुहोमा है। मंगलवार रात आठ बजे लालदुहोमा के घर विधायक दल की बैठक हुई। लालदुहोमा इंदिरा गांधी के सिक्योरिटी इंचार्ज और कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं। मिजोरम में 40 सीटों पर हुए चुनाव में जेडपीएम ने 27 सीटें जीतीं। सत्ताधारी एमएनएफ को 10, भाजपा को दो और कांग्रेस के खाते में एक सीट आई है।



**कल लेंगे सीएम पद की शपथ**

# पश्चिम बंगाल की सीएम ने बीजेपी को जेबकतरों की पार्टी बताया

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि भाजपा जेबकतरों की पार्टी है, जिसमें देश के लोगों को परेशान कर रखा है। भाजपा चुनाव से पहले मतदाताओं को धोखा देती है। उन्होंने 2014 में कहा था, चुनाव जीतने के बाद हर नागरिक के खाते में 15 लाख रुपये डाले जाएंगे।

सरकार में आने के बाद बीजेपी ने नोटबंदी कर दी। फिर कोरोना महामारी में लोगों को मिलने वाला मुफ्त राशन बंद कर दिया। भाजपा केंद्रीय एजेंसियों को राजनीतिक भोजन के लिए बार-बार राज्यों में भेजती है। ममता बनर्जी बुधवार को उत्तर बंगाल दौरे के लिए रवाना हो रही थीं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उन्होंने पत्रकारों से बात की। हम तृणमूल कांग्रेस वाले बीजेपी से अलग हैं। ममता ने कहा कि उप्र में बड़ी संख्या में फर्जी जॉब कार्ड हटाए गए। इसके बाद भी राज्य को मनरेगा योजना के तहत फंड मिल रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने बंगाल को मनरेगा के तहत मिलने वाला पैसा रोक रखा है।



**केंद्र सरकार ने बंगाल को मनरेगा के तहत मिलने वाला पैसा रोका**

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि गर्भगृह में दीपदान करने जा रहे लिए हिरासत में

**एजेंसी।** मथुरा

**पुलिस** ने 53 हिंदूवादी नेताओं को पाबंद और 30 को नजरबंद किया है। इसके अलावा हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया है। दरअसल, वो श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मूल गर्भगृह दीपदान करने जा रहे थे। मगर जन्मभूमि से 150 मीटर पहले उन्हें पकड़ लिया।

प्रशासन ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह के आस-पास 1450 से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। इसमें 1350 पुलिस कर्मी और 168 पुलिस अधिकारी थे। पूरे शहर की ड्रोन से निगरानी की गई। इसके अलावा खुफिया एजेंसी को भी अलर्ट कर दिया गया है। आईबी और एलआईयू की टीम होटल गेस्ट हाउस के साथ-साथ मथुरा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर नजर रख रही हैं।



# फरीदाबाद पायनियर अखबार के डीएनई की माता का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** के वरिष्ठ पत्रकार व पायनियर फरीदाबाद अखबार के डिप्टी न्यूज एडिटर (डीएनई) सुधीर बैसला की माता व पूर्व सैनिक स्व. श्रीपाल बैसला की पत्नी रूपा देवी (65) का बुधवार दोपहर को निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रही थीं। उनके निधन की खबर सुनकर तिगांव निवास स्थान पर मिलने वालों तांता लग गया।

उनका अंतिम संस्कार भैंसरावली गांव के श्मशान घाट में हुआ। रूपा देवी के निधन से परिवार, रिश्तेदार, मित्रों एवं पत्रकारों में शोक की लहर है। रूपा देवी की मृत्यु की सूचना जिसने भी सुनी वह स्तब्ध रह गया। वे एक सामाजिक और धर्मपरायण महिला थीं। निधन की जानकारी होने पर पर कई वरिष्ठ मीडिया बंधु सहित शहर के दिग्गज नेता, समाजसेवी और उद्योगपति मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोक में डूबे परिवार को सांत्वना दी। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



स्वर्गीय रूपा देवी

### सोनीपतः कार में जिंदा जला एक व्यक्ति

**सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत जिले में एक कार में आग लगने से एक व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। घटना गांव कथूरा के जलघर के पास की है और मृतक की पहचान गांव कहैल्पा निवासी बलबीर के रूप में हुई है।

बुधवार सुबह ग्रामीणों ने एक जली हुई वैगनआर कार में मानव कंकाल मिलने की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बरोदा थाना के प्रभारी रमेश चंद्र ने कहा, बलबीर मंगलवार देर शाम अपनी गाड़ी से घर से निकला था और रात को घर वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसकी कार आग जली हुई हालात में गांव कथूरा के जलघर के पास मिली, जिसमें मानव कंकाल मिला। उन्होंने बताया कि कंकाल गाड़ी की आगे वाली सीट के बीच में था।

# सुखदेव गोगामेड़ी हत्याकांड में शामिल दो आरोपी हरियाणा के निकले

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**श्री** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में पांच दिसंबर को उनके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों की पहचान कर ली है। इनमें एक शूटर मकराना का रोहित और दूसरा हरियाणा के महेंद्रगढ़ का निवासी नितिन फौजी है। नितिन अभी सेना में है। उसी ने गोगामेड़ी के सिर में गोली मारी थी।

बताया जा रहा है कि नितिन नवंबर में छुट्टी लेकर घर (महेंद्रगढ़) आया था। फिर वो चला गया। घरवालों को इसकी जानकारी नहीं थी कि नितिन कहां गया। जब गोगामेड़ी हत्याकांड का वीडियो आया तो परिवारवालों ने नितिन को पहचाना। शूटर नितिन पंजाब की बठिंडा जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गैंगस्टर संपत नेहरा के कॉन्टैक्ट में था। संपत नेहरा पर ही इस हत्याकांड की साजिश को अंजाम देने का शक जताया जा रहा है। इसका पता चलने के बाद राजस्थान पुलिस ने हरियाणा में छापे मारे। साथ ही राजस्थान समेत उत्तर प्रदेश, पंजाब और मध्य प्रदेश में भी घटना से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस हत्याकांड की जांच के लिए राजस्थान पुलिस ने एसआईटी भी गठित कर दी है। वहीं, राज्यपाल कलराज मिश्र ने कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत की और राजस्थान के हालातों के बारे में जानकारी दी।



### जिम्मेदारी लेने वाले गैंगस्टर ने गुरुग्राम के व्यवसाई से मांगी थी रंगदारी

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले गेंगस्टर रोहित गोदारा ने हाल ही में एक पूर्व स्थानीय पार्षद और व्यवसाई से एक करोड़ की रंगदारी मांगी थी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। राकेश कुमार नामक व्यवसाई की शिकायत पर बिलासपुर पुलिस थाने में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े गैंगस्टर के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। हालांकि मामले में कोई प्रगति नहीं हुई।

### कई हफ्तों से परिवार के संपर्क में नहीं था नितिन

**चंडीगढ़।** मामले में आरोपी नितिन फौजी के पिता ने कहा, नौ नवंबर को मेरा बेटा महेंद्रगढ़ में अपनी कार ठीक कराने के लिए गया था। उसी दिन उसने अपनी कार ठीक कराई, लेकिन उस दिन के बाद से उससे कोई संपर्क नहीं हुआ है।

### हत्याकांड को लेकर देशभर में प्रदर्शन

**हत्याकांड** के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने राजस्थान बंद बुलाया है। इसको लेकर प्रदेशभर में बाजार बंद हैं। जयपुर शहर में चलने वाली लो-फ्लोर बसें बंद करवा दी गई हैं। प्राइवेट स्कूलों ने भी बंद को समर्थन दिया है।

# देश-प्रदेश में तीसरी बार जीत की हैट्रिक लगाएगी मोदी-मनोहर सरकार : नगेंद्र भड़ाना



**फरीदाबाद।** मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की अभूतपूर्व विजय से उत्साहित भाजपाइयों ने एनआईटी क्षेत्र में विजय यात्रा निकालकर लोगों का अभिवादन किया। इस यात्रा का नेतृत्व भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक नेता नगेंद्र भड़ाना ने किया। विजय यात्रा के दौरान भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। जहां-जहां से यह यात्रा गुजरी, वहां-वहां लोगों का हजूम इसमें जुड़ता चला गया। यात्रा में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की जीत से यह साफ हो गया है कि आने वाले लोकसभा चुनावों व विधानसभा चुनावों में देश-प्रदेश में मोदी-मनोहर सरकार फिर से जीत की हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों में आस्था जता रही है, क्योंकि पिछले नौ सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का विश्व में डंका बजा है, जो देश कभी भारत को कमजोर समझते थे, आज भारत का लोहा मानते है। उन्होंने कहा कि आज देश में मोदी की गारंटी चल रही है और मोदी सरकार ने नौ सालों में जितनी योजनाएं चलाई है, उतनी योजनाएं पिछली सरकारों ने कभी नहीं चलाई। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश का सर्वांगीण विकास कर रहे है। एनआईटी क्षेत्र में भी विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है और लोगों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाने में सरकार कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ रही। उन्होंने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड विजय से कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार हुआ है और अब कार्यकर्ता लोकसभा व हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट गए है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में फिर से मोदी मैजिक चलेगा।

# मानव रचना में दंत चिकित्सा विषय पर संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन हुआ

### स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से विश्व विकलांगता दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मानव** रचना डेंटल कॉलेज व अस्पताल की ओर से विश्व विकलांगता दिवस पर सिल्वर डायमाइन फ्लोराइड पर एक संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन हुआ। फेडरेशन ऑफ स्पेशल हेल्थ केयर डेंटिस्ट्री के सहयोग से आयोजित हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं वाले रोगियों की मौखिक देखभाल को पूरा करना रहा।

कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य, झारखंड राज्य डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष और आईडीए झारखंड शाखा के राज्य सचिव डॉ. विवेक कुमार सिंह पहुंचे थे। वहीं अन्य अतिथियों में एफएससीडी अध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास नैमेनेनी, एफएससीडी सचिव डॉ. प्रिया वर्मा, एफएससीडी कोषाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, प्रिंसिपल सुधा रस्तोगी डेंटल कॉलेज डॉ. सीएम मार्या शामिल रहे। एमआरडीसी प्रिंसिपल, प्रोफेसर और प्रमुख, ऑर्थोडॉन्टिक्स और डेंटो-फेशियल ऑर्थोपेडिक्स डॉ. पुनीत बत्रा ने सभी अतिथियों के साथ मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डॉ. पुनीत बत्रा ने सभी अतिथि और वक्ताओं का स्वागत करते हुए विशेष स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं वाले रोगियों की देखभाल में दंत विशेषज्ञों के महत्व पर विचार रखे। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ. विवेक सिंह ने अपने संबोधन में विशेष स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं वाले रोगियों की मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में समाज में जागरूकता लाने के लिए ऐसे आयोजनों को जरूरी बताया। साथ ही विकलांग लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा करते हुए संस्थान की इस पहल को सराहा। संगोष्ठी में देश के 25 कॉलेजों से छात्र और फैकल्टी सदस्यों सहित दुबई, नेपाल, बांग्लादेश, कुवैत और अबु धाबी से ऑनलाइन और ऑफलाइन करीब 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे डॉ. मीनाक्षी खेर और डॉ. मुकुल जैन ने अतिथि व्याख्यान में विशेष मौखिक स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं वाले रोगियों के इलाज में एसडीएफ के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिल्वर डायमाइन फ्लोराइड एक ऐसी दवा है, जिसका उपयोग दंत क्षय के इलाज और रोकथाम के लिए किया जाता है और ये दवा विशेष स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता वाले लोगों के लिए बेहद लाभकारी है इसके बाद विशेष स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकता वाले मरीजों और एसडीएफ विषय पर एक पैनल चर्चा हुई। जिसमें डॉ. श्रीनिवास नैमेनेनी, डॉ. मीनाक्षी खेर, डॉ. मुकुल जैन और डॉ. शिव कुमार नुव्वुला ने विचार रखे।



इस दौरान आयोजित हुई कार्यशाला में दांतों पर एसडीएफ के अनुप्रयोग पर जानकारी दी गई। इस दौरान एमआरडीसी के बाल चिकित्सा और निवारक दंत चिकित्सा विभाग में स्थापित कांशियस सेडेशन क्लीनिक का उद्घाटन भी किया गया।

# महिला वर्ग में फतेहाबाद व पुरुष वर्ग में भिवानी ने मारी बाजी

### सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय खेलों का हुआ समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**सेक्टर**-12 के स्थानीय खेल परिसर में हुई तीन दिन की राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता में लड़कों की ट्राफी भिवानी ने जीत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। फतेहबाद की टीम ने दूसरा व रिवाड़ी की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। महिला वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में फतेहाबाद ने प्रथम, भिवानी ने दूसरा व फरीदाबाद की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं टीमों को फरीदाबाद जिला खेल अधिकारी ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विजेता खिलाड़ियों का कहना था कि फरीदाबाद में हुई प्रतियोगिता बहुत ही बेहतर प्रतियोगिता रही। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के रहने व ठहरने की बहुत ही अच्छी व्यवस्था की गई थी।

ट्रॉफी जीतने वाली फतेहाबाद एथलेटिक्स टीम की सदस्या पूजा का कहना है कि ट्रॉफी जीतकर बहुत ही अच्छा लग रहा है। सालों से वे हर रोज जो कड़ी मेहनत कर रहे थे। उसका आज फल मिला है। उन्होंने बताया कि यह जीत कोच की कड़ी मेहनत और उनके हर रोज किए गए अभ्यास की वजह से मुमकिन हुई है। उन्होंने बताया कि वे हर रोज सुबह व शाम को एथलेटिक्स की कड़ी मेहनत कोच की देखरेख में करती हैं। इसमें माता-पिता व भाई-बहन का भी पूरा सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि वे अब आगे ओलंपिक स्तर पर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करना चाहती हैं। ट्रॉफी जीतने वाली टीम की सदस्या रिंकू का कहना था कि ट्राफी जीतकर बहुत ही अच्छा महसूस हुआ है। उन्होंने बताया कि कई बार असफल रहने के बाद यह सफलता मिली है। इस सफलता में उनके कोच व परिवार वालों का भी सहयोग रहा है। उन्होंने कहा है कि अब वे और कड़ी मेहनत करेंगीं। जिससे आगे एशियाड व ओलंपिक स्तर पर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर सकें।

एथलेटिक्स की गोला फेंक व चक्का फेंक में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली ओमवती का कहना था कि वे आगे चलकर ओलंपिक स्तर पर जाकर मेडल जीतना चाहती हैं।



उन्होंने कहा कि उनकी इस परफॉरमेंस में टीम के कोच व माता-पिता का बहुत ही बड़ा योगदान रहा हैं। हाई जंप में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली किरण का कहना था कि उन्होंने विजयी होने के लिए कड़ी मेहनत की है। हर रोज कोच की देखरेख में वे घंटों तक मैदान में खेल की तैयारी करती हैं। उन्होंने बताया कि सभी खिलाड़ियों का मुख्य उद्देश्य विश्व स्तर पर और ओलंपिक स्तर पर मेडल प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार की हालात अच्छी नहीं होने से खेल के बलबूते पर नौकरी प्राप्त करना चाहती हैं। इसके लिए वे कड़ी मेहनत कर रही हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ चार दिसंबर को हुआ था। तीन दिन चली प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। सभी विजेता खिलाड़ी खुशी-खुशी अपने घर लौट गए।

# वोट बनवाने के लिए जेआरसी द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता

**फरीदाबाद।** उपायुक्त एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी फरीदाबाद विक्रम यादव के निर्देशानुसार मतदाताओं का रजिस्ट्रेशन प्राथमिकता से करने हेतु गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में एईआरओ एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस और सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने मतदाता जागरूकता हेतु पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। तिगांव विधान सभा क्षेत्र के एईआरओ, जेआरसी व ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने असेंबली में अठारह वर्ष और अठारह वर्ष से अधिक आयु वाले सभी छात्र एवं छात्राओं को बताया कि आप मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकते हैं। आप निर्वाचन क्षेत्र के उस मतदान क्षेत्र के निवासी जहां, आप पंजीकरण कराना चाहते हैं, ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही प्रकार से पंजीकरण करा सकते हैं। आप फॉर्म संख्या छह भरें जोकि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व बूथ स्तर अधिकारियों के कार्यालयों में भी उपलब्ध है। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# पिछड़े व गरीबों के उत्थान में समर्पित रहा बाबा साहब का संपूर्ण जीवन : बलजीत कौशिक

### कांग्रेसियों ने दी बाबा साहब को पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर हरियाणा कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश महासचिव एवं फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक के सेक्टर-9 स्थित कार्यालय पर एक सभा का आयोजन कर बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस दौरान कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए बलजीत कौशिक ने कहा कि बाबा साहब ने दलित, वंचित, पिछड़े व गरीब वर्ग के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया। उन्होंने इन वर्गो में व्यापक चेतना जागृत करके उन्हे अपने अधिकारों व उनके प्रति हो रहे शोषण व भेदभाव के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा दी। बाबा साहब के प्रयासों का ही फल है कि दलित व वंचित वर्ग आज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर अपने संवैद्यानिक हकों को प्राप्त कर रहा है। श्री कौशिक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाकर गरीब, पिछड़े, दलित व आमजन की आवाज को बुलंद करने का काम कर रही है, लेकिन सत्तारूढ भाजपा सरकार केवल वोट बैंक के रूप में इनका इस्तेमाल कर रही है और सत्ता प्राप्ति के बाद इन वर्गो की अनदेखी करती है। कौशिक ने कहा कि दलित, पिछड़े वर्ग को ऐसी राष्ट्रविरोधी ताकतों के खिलाफ बाबा साहब के दिखाये रास्ते पर चलकर पूरी ताकत से लड़का होगा, तभी वे समाज में सम्मान के साथ रह सकेंगे। बाबा साहब की पुण्यतिथि पर उनके दिखाये रास्ते पर चलकर जातिविहिन व समतामूलक समाज के लिए जीवनभर काम करने का संकल्प लेना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर मालती देवी, काजल, कमलेश देवी, धर्मपाल, नितिन, जुबेर खान, रोबिन खान, अजय, किशोरी, हेमंत कुमार राजपूत, रामप्रवेश कुमार सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।



# भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त ने की मतदाता सूची की समीक्षा

**फरीदाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजीव कुमार ने फरीदाबाद जिला की फाइनल इल्कट्रोल मतदाता सूची की समीक्षा की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि वह नए मतदाता बनाने, मरे हुए मतदाताओं के नाम काटने तथा मतदाता सूची में डुप्लीकेट मतदाता नहीं है। इसका सर्टिफिकेट बीएलओ से लेना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियां की गंभीरता से समीक्षा कर रहा है। भारत निर्वाचन आयोग देश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के हरगांव और शहर के हर वार्ड की समीक्षा बारीकी से कर रहा है। इसके लिए मतदाता सूची के कार्य में लगे जिला स्तर से लेकर के बूथ लेवल तक के अधिकारी गंभीरता से अपने कार्य का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।



डीसी विक्रम सिंह ने बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजीव कुमार को एक-एक करके जिला फरीदाबाद के सभी विधानसभा क्षेत्र वाइज बारीकी से जानकारी दी। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इलेक्टरोल मतदाता सूची में नए नाम को जुड़वाने वाले और पुराने नाम को कटवाने के लिए राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का पूरा सहयोग लिया जा रहा है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मतदाता सूची की वेबसाइट पर भी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद की सूचना को अपलोड किया जा रहा है।

# पर्वतीय कालोनी में आयोजित संकल्प यात्रा-जनसंवाद में किया सीधा संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बीजेपी** नेता नीरा तोमर ने पर्वतीय कालोनी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव में पहुंचने पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नीरा तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए लोगों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

बुधवार को पर्वतीय कालोनी के जल घर और स्कूल के पास चौंक पर आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि नीरा तोमर ने कहा कि सरकार की योजनाओं पर पहला हक गरीब व्यक्ति का है। प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करते हुए सरकार की अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये लोगों के द्वार पर केंद्र और प्रदेश सरकारो की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए प्रदेश में 50 हजार लोगों को ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। वहीं कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरियों में एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले बीपीएल परिवारों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है। वहीं अंत्योदय परिवार के उम्मीदवार को सरकारी नौकरियों की भर्ती में पांच अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं, जिसका कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं है।



उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को जोडना है। पिछले साढ़े नौ सालों में देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं। यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है, तो उन्हें योजनाओं और परियोजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जा रहा है। नीरा तोमर ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार का मुख्य ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों में आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। वहीं एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया।

## कल होगी ग्रीवेंस कमेटी की मासिक बैठक

**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि हरियाणा के सहकारिता व जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल की अध्यक्षता में आठ दिसंबर को लघु सचिवालय पलवल के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में दोपहर 12.30 बजे जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103




बड़ा गहरा सा मन मे प्रश्न ये उठता है कुछ दिन से
मसीहा कौन हैं सच्चे करें उम्मीद हम जिनसे
गिरावट का चलन लेकर कहां आया जमाना अब
जिन्हें दुत्कारना था आज प्रेरित हो रहा उनसे

# पहलादपुर तथा सागरपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

### यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर विजेंद्र नेहरा ने कार्यक्रम में की शिरकत, गांव के सपंच भी रहे मौजूद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बुधवार** को फरीदाबाद के गांव पहलादपुर तथा सागरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए लोगों को केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित किए गये शिविरों के माध्यम से लोगों को अलग-अलग प्रकार की सेवाओं से लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम में आए लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्य वक्ता विजेंद्र नेहरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई सोच के साथ एक नए भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस संकल्प यात्रा में जनसंवाद कार्यक्रम को जोड़कर हरियाणा में पिछले नौ साल में हुए विकास कार्यो एवं योजनाओं को भी इसमें शामिल किया है। जिस बारे में आमजन को जानकारी दी जा रही है और योजनाओं का लाभ नागरिकों को सुगमता से उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब योग्य व्यक्ति को कार्यालयों की चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है, बल्कि उन्हें घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्य वक्ता विजेंद्र नेहरा ने सभी स्टालों का अवलोकन भी किया। इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं शामिल हैं, जिन्हें इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टाल लगाकर नागरिकों को जागरूक किया गया और मौके पर उपस्थित लोगों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर गांव सागरपुर की सरपंच शकुंतला बघेल, गांव पहलादपुर की सरपंच पूजा, नायब तहसीलदार बल्लभगढ़ दिनेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी तथा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

adore
NEW THINKING. NEW BEGINNING

adore PROSPERITY HOMES


**DRAW OF FLATS**

Public at large is hereby informed that 1st draw of lots for allotment of flats, through **ONLINE DRAW ON E-DRAW PORTAL** of the Project "**Prosperity Homes**", Sector -86, Village Budena Faridabad, being developed by M/s PSG Propbuild LLP, 1F, 22-26, Ozone Center, Sector - 12, Faridabad - 121007, Haryana, under the Haryana Affordable Housing Policy, 2013, will be held on Thursday Dated **14.12.2023** at **3:30** PM. in office of Senior Town Planner, 2nd Floor, HSVP Complex, Sector-12, Faridabad in the presence of Draw Committee.

The applicants can view the live telecast of the E-draw, on dated 14.12.2023 at 3:30 PM at the mentioned link live telecast
**https://youtube.com/live/64ZLwsHTAHY?feature=share**

**PSG PROPBUILD LLP**
**1F, 22-26, Ozone Center, Sector - 12, Faridabad - 121007**
**www.adorerealtech.com | +91-810-1202020**

## मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 04.12.2023 को समय शाम 06.05 पर आई.एन.एस.पी. राम सिंह बस अड्डा बल्लबगढ़ का फोन चौकी पर प्राप्त हुआ था, कि एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश एस.बी.आई. एटीएम के पास बस अड्डा बल्लबगढ़ के अन्दर पड़ी हुई है, जिसको शिनाख्त हेतु बी.के. एच की मोर्चरी में रखवाया गया है, जिसका हुलिया रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, काली व सफेद दाढी, सिर के बाल काले व सफेद तथा आगे उड़े हुए है कद करीब 5 फुट 6 इंच बा उम्र करीब 65 साल है, जिसने भगवा रंग का कुर्ता व धोती, दाहिने हाथ की कलाई पर सूरमा स्याही से हिंदी में ऊँ नमः शिवाय व रमेश गुदा हुआ है, गले में रूद्राक्ष व मोंतियो की माला तथा दाहिने हाथ की उंगली में आर्टिफिशियल छल्ला व कलाई में तांबे का कड़ा पहना हुआ है व पैरों में नीले रंग के स्पोर्टस जूते पहने हुए है, दिनांक 06.12.2023 अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना शहर बल्लबगढ़ : 9582200132**
**आई.सी. पुलिस चौकी बस अड्डा बल्लबगढ़: 9582200168**
**आई.ओ. : 9953421686**

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 07 दिसंबर, 2023



# राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में होगा कंप्यूटर व बुनियादी केंद्र का निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**राजकीय** बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पलवल के छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के लिए स्कूल में लाखों की लागत से लाइब्रेरी, बुनियाद केंद्र और कंप्यूटर लैब का निर्माण किया जा रहा है।

इनके बनने के बाद इस स्कूल के छात्र निजी स्कूलों की तर्ज पर स्कूल में ही अच्छी व रोजगार देने वाली शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। नए सत्र से पहले इन तीन कमरों का निर्माण करके स्कूल को सौंप दिया जाएगा। इसके लिए सर्व शिक्षा अभियान की तरह से दिन रात कार्य किया जा रहा है। पलवल के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में शिक्षा विभाग की तरह स्कूली बच्चों को रोजगार दिलाने वाली शिक्षा देने के लिए स्कूल में लाइब्रेरी कक्ष, कंप्यूटर कक्ष व बुनियादी केंद्र के निर्माण पर 40 लाख की लागत आएगी। इनके बनने के बाद बच्चों के लिए लाइब्रेरी में रोजगार दिलाने वाली पुस्तकें रखी जाएंगी। जिनको पढ़कर बच्चे आगे अच्छी नौकरी



प्राप्त कर सकें। कंप्यूटर कक्ष बनने के बाद इसमें नए व बेहतरीन कंप्यूटर रखे जाएंगे। जिन पर शिक्षा लेकर बच्चे आगे देश व विदेश में नौकरी पा सकें। बुनियादी केंद्र में स्कूली बच्चों के लिए बच्चों की नींव को बेहतरीन बनाने के लिए खेल, विज्ञान व दूसरी शिक्षा छटी कक्षा से ही दी जाएगी। जिससे बच्चों की बुनियाद बेहतर हो सके। जिससे आगे चलकर वे खेल, शिक्षा व दूसरी एक्टीविटी में स्कूल का नाम आगे तक ले जा सकें। इनका निर्माण करने का उद्देश्य विदेशी तर्ज पर अच्छी शिक्षा देना है। जिससें वे देश व विदेश में क्षेत्र का नाम चमका सकें।

> स्कूल में कंप्यूटर कक्ष, लाइब्रेरी कक्ष व बुनियादी केंद्र नहीं होने की वजह से स्कूली बच्चों को आधुनिक शिक्षा नहीं मिल पाती थी। अब इनके बनने के बाद बच्चे निजी स्कूली की तर्ज पर शिक्षा लेकर आगे अपना रोजगार शुरू कर सकेंगे।
>
> **-सौरव कुमार, छात्र**
>
> राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पलवल में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष व बुनियादी केंद्र बनाया जा रहा है। जिससे बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके।
>
> **-विनीत सैनी, उपमंडल अभियंता, सर्व शिक्षा अभियान**

# सेंट कोलंबस विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह

### बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल व महिमा चौधरी ने की शिरकत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**विद्यालय** की वार्षिक उन्नति का लेखा-जोखा करने, विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने एवं अभिभावकों के समक्ष विद्यार्थियों की छुपी हुई प्रतिभा सांझा करने के लिए सेंट कोलंबस विद्यालय, दयाल बाग, फरीदाबाद में प्रतिवर्ष वार्षिकोत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया जाता हैं। इस वर्ष विद्यालय के 20वें वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में संपूर्ण विद्यालय के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता निभाकर, अनेकानेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दर्शक दीर्घा को अभिभूत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राकेश आर्य कमिश्नर ऑफ पुलिस फरीदाबाद, सम्मानित अतिथि शिखा एचसीएस ज्वाइंट कमिश्नर एमसीएफ, अमित मान एचसीएस सब डिवीजन मजिस्ट्रेट, बड़खल, यशिका यादव जज फैमिली कोर्ट, फरीदाबाद, सुरेश चंद्र चेयरमैन- ग्रैंड कोलंबस स्कूल, एसएस गुस्सैन स्टेट प्रेसिडेंट, एचपीएससी, स्पोर्ट स्टार ऑफ द नाइट निर्मल तंवर भाटी कैप्टन, इंडियन वॉलीबॉल टीम, स्टार ऑफ द नाइट- अमीषा पटेल बॉलीवुड अभिनेत्री व महिमा




चौधरी बॉलीवुड अभिनेत्री ने शोभा बढ़ाई। सभी गरिमामयी अतिथिगण की उपस्थिति अभिभावकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष ऋषि चौधरी व श्रीलेखा वीएमजी ने अतिथियों को पौधे प्रदान कर उनका स्वागत किया। सायंकाल में आरंभ हुए इस समारोह में लगभग 10 हजार लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय की छात्रा वैष्णवी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं उनमें प्राप्त उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। वार्षिक रिपोर्ट के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम के कारवां की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। नर्सरी कक्षा के नन्हें कोलंबियंस ने रेनचेरो डांस से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सनातन संस्कृति एवं संक्षिप्त रामायण का विहंगम दृश्य देखकर दर्शक दीर्घा भाव विभोर एवं नत मस्तक थी। शिव तांडव स्त्रोतम पर कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने आश्चर्यचकित कर देने वाली प्रस्तुति देकर जन मानस को चमत्कृत कर दिया। विद्यार्थियों ने जबरदस्त योगा का प्रदर्शन कर स्वास्थ्य के प्रति चेतना भी जागृत की। माता-पिता की महत्वता, नैतिक मूल्यों का विकास व फूलकुमारी नामक कहानी के माध्यम से देश के भावी कर्णधारों ने अपनी संकल्प शक्ति की बुलंद आवाज को जनता के समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें सम्मोहित किया। इसके अतिरिक्त छठ पूजा, पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानी, वेस्टर्न डांस देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अखंड भारत, आत्मनिर्भर भारत, चंद्रयान तथा सोशल मीडिया- कलयुगी रावण जैसे गंभीर मुद्दों को मंच पर जीवंत कर विद्यार्थियों ने विकसित भारत की तरफ बढ़ते अपने कदमों का प्रदर्शन किया। इंद्रधनुषी रंगों से सराबोर हर दिल अजीज सदाबहार ग्रैंड फिनाले में छोटे-बड़े सभी कोलंबियंस का एक साथ मंच पर एकत्रित होना, आत्मविश्वास एवं संगठनात्मक अभिरुचि का परिचायक था। इस अवसर पर सांता क्लॉज ने सभी को क्रिसमस और नववर्ष की अग्रिम बधाई प्रदान की।

# पीएनडीटी के नियमों का सख्ती से पालन करने की दी हिदायत



**पलवल।** जिला सलाहकार समिति पीएनडीटी की मासिक बैठक सिविल सर्जन पलवल के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, नागरिक अस्पताल पलवल की ग्यानाकोलोजिस्ट डॉ. कृतिका तंवर, पिडियाट्रिक्स डॉ. वासुदेव, माइक्रोबायोलोजिस्ट डॉ. सरफराज, सोमार्थ इन्क्लेन एनजीओ से मोहन, पलवल डोनर्स क्लब से अल्पना मित्तल मौजूद रहे।

पीएनडीटी बैठक में मेडिस्केन डायग्नोसिस पलवल की नई मशीन खरीदने व पुरानी यूएसजी मशीन को कमरा नंबर-1 से बदलकर बेसमेंट में शिफ्ट करने व उटावड में हथीन रोड पर स्थित न्यू मेवात अल्ट्रासाउंड सेंटर का यूएसजी का टाइम सुबह 8.30 बजे से दोपहर एक बजे तक करने के बारे में विचार-विमर्श किया गया। एशियन क्लीनिक का पता रसूलपुर चौक पर स्थित एक्सिस बैंक प्लॉट नंबर-1086 से बदलकर दिल्ली-मथुरा रोड पर एचडीएफसी बैंक के नजदीक शिव कॉलोनी पलवल में करने व डॉ. दिवाकर का नाम जोड़ने तथा डॉ. अजीत प्रताप का नाम हटाने के बारे में विचार-विमर्श किया गया। पहिल अल्ट्रासाउंड सेंटर पलवल का पता तहसीलदार राजपूत धर्मशाला तालाब चौक हसनपुर से बदलकर बाबरी मोड ओल्ड जीटी रोड होडल करने बारे विचार विमर्श किया गया व रूटीन चेकिंग में समय-समय पर सभी निजी अस्पतालों, क्लीनिक, नागरिक अस्पताल को उनकी कमियों व सभी चिकित्सकों को यह हिदायत दी कि वे पीएनडीटी का कार्य नियमानुसार सुचारु रूप से कार्य करें।

# शादी से चार दिन पहले युवक लापता

### कार्ड बांटने के लिए घर से निकला था, लैब टेक्नीशियन का काम करता था

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शादी** से चार दिन पहले युवक लापता हो गया। वह घर से ऑफिस के लिए निकला था, लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं आया। जिसको लेकर परिजन परेशान हैं। युवक जॉनी कश्यप गांव करनेरा का रहने वाला है।

जॉनी लैब टेक्नीशियन का काम करता है। वह चार दिसंबर को घर से निकला था और अभी तक उसका कुछ आता पता नहीं है। जॉनी की मां लक्ष्मी ने बताया कि वह चार नवंबर की सुबह घर से यह कह कर गया था कि वह काम पर जा रहा है। वहां उसकी मीटिंग है और उसको अपने कुछ दोस्तों को कार्ड भी देने हैं, लेकिन जब वह 11 बजे तक घर नहीं लौटा तो उसके मालिक को फोन किया।मालिक ने उन्हें बताया कि जॉनी काम पर ही नहीं आया। उसके बाद उसे ढूंढना शुरू किया, लेकिन उसकी कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पांच दिसंबर को एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद भी अभी तक कुछ पता नहीं लगा। इस पर बुधवार को परिजन एसीपी कार्यालय पहुंचे।

वहां पर उन्होंने एसीपी से मुलाकात की और उनसे आग्रह किया कि जल्द से जल्द उनके बेटे को ढूंढा जाए। उसकी सात नवंबर को लगन सगाई है और आठ नवंबर को शादी है। एसीपी ने आश्वासन दिया कि एक टीम गठित कर कर दी जाएगी।

# अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का मिलेगा सीधा लाभ : दीपक मंगला

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**लोगों** को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ स्कीमों का लाभ देना सरकार की प्राथमिता है। सरकार का उद्देश्य है कि अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी सरकारी की प्रत्येक योजना का लाभ सीधा पहुंचे, इसी मकसद को पूरा करने के लिए सरकार ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम को आरंभ किया है। विधायक दीपक मंगला गांव धतीर में संकल्प यात्रा के स्वागत में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उनके साथ ब्लॉक समिति पलवल के चेयरमैन भगत सिंह घुघेरा, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में एलईडी वैन जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में लोगों के बीच जाकर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को अवगत करवा रही हैं। इसके साथ ही जिला प्रशासन की



ओर से विभाग भी सरकारी सेवाओं व योजनाओं की पहुंच लोगों तक बनाने और सरकार की सेवाओं व योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को उसके घर द्वार पर देने के लिए विभाग संकल्प यात्रा के साथ अपनी-अपनी स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं से अवगत करवाने के संग उन्हें मौके पर ही लाभान्वित भी कर रहे हैं। इस मौके पर विधायक दीपक मंगला ने ग्रामवासियों को विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनाने में अपना हर संभव योगदान देने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा लगाई गई नमो दीदी ड्रोन की उडान का परिक्षण करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा लोगों को लाभ देने के लिए लगाई गई स्टॉलों पर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम के दिखाई दे रहे हैं सकारात्मक प्रभाव

जाकर अवलोकन कर जानकारी भी हासिल की। संकल्प यात्रा में एलईडी वैन पर बच्चों, ग्रामीण महिलाओं व बुजुर्गों और युवाओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर व विकसित बनाने के शुभ संदेश को भी दिखाया व सुनाया जा रहा है। इसके अलावा एलईडी के माध्यम से ही केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों की सक्सेस स्टोरी को भी दर्शाकर उनके विचारों को जनता के साथ सांझा किया जा रहा है, ताकि लोग सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित होवें। यह रथ यात्रा जिला के गांव अतरचटा, ततारपुर व असावटी में ग्रामवासियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं का लाभ मौके पर ही देने के लिए पहुंची।

# बेहतर चिकित्सा सेवा देने वाली महिलाओं को पुरस्कार से सम्मानित किया

### अमृता अस्पताल की ओर से आयोजित किया गया कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अमृता** अस्पताल के पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी विभाग की प्रोफेसर और एचओडी डॉ. प्रतिभा सिंघी को चिकित्सा और स्वास्थ्य देखभाल में महिलाओं की उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित गायत्री जयपुरिया पुरस्कार सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार भारत में बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी और न्यूरोडेवलपमेंट के क्षेत्र को विकसित करने और कार्यस्थल के अंदर और बाहर महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए उनके असाधारण योगदान की मान्यता में है।

अपने व्यापक मौलिक शोध के कारण डॉ. सिंघी को कई शोध पुरस्कार प्राप्त हुए हैं और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा किए गए एक अध्ययन में उन्हें दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में सूचीबद्ध किया गया है। वह सेरेब्रल पाल्सी और ऑटिज्म सहित विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए अपने कर्तव्य से



ऊपर जाकर काम किया है। उन्होंने घरेलू पुनर्वास प्रणाली बनाई और सैकड़ों पेशेवरों, अर्ध-पेशेवरों और सामुदायिक कार्यकर्ताओं को सिखाया कि कम उम्र में विकास संबंधी समस्याओं वाले बच्चों की पहचान कैसे करें और उनकी मदद कैसे करें।

डॉ. सिंघी ने इस अवॉर्ड के बारे में बात करते हुए कहा, मैं खुश और विनम्र दोनों हूं, और सीताराम जयपुरिया फाउंडेशन की बेहद आभारी हूं। यह सम्मान मुझे नए उत्साह और जुनून के साथ अपना काम जारी रखने के लिए और प्रेरणा देगा। यह युवा डॉक्टरों को अनुसंधान, संस्थान निर्माण में उत्कृष्टता हासिल करने और अपने मरीजों को करुणामयी देखभाल प्रदान करने के लिए प्रेरित करेगा। ये वार्षिक पुरस्कार सम्मानित स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को चिकित्सा क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और चिकित्सा नेतृत्व में उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए स्वीकार करते हैं और सम्मानित करते हैं, जो समग्र रूप से समाज की बेहतरी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

सीताराम जयपुरिया फाउंडेशन के सचिवालय से उन्हें संबोधित एक संदेश में कहा गया है कि फाउंडेशन डॉ. सिंघी को एक जीवन रक्षक के रूप में सलाम करता है जो देश भर के डॉक्टरों और महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं और बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी के क्षेत्र में उनके अपार योगदान और चिकित्सा के क्षेत्र में मौलिक योगदान को मान्यता देता है।

डॉ. सिंघी के शोध ने बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी के क्षेत्र में दिशानिर्देश तैयार करने के लिए वैज्ञानिक प्रमाण प्रदान किए हैं और न्यूरोसिस्टीसर्कोसिस, सीएनएस संक्रमण, ऑटिज़्म और सेरेब्रल पाल्सी वाले बच्चों के प्रबंधन में आदर्श परिवर्तन किए हैं। यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ और वर्ल्ड बार्क में उनकी विशेषज्ञता और सलाहकार भूमिकाओं ने बाल विकास और प्रारंभिक बचपन की शिक्षा के लिए नीतियां बनाने में मदद की है। उन्होंने इंटरनेशनल चाइल्ड न्यूरोलॉजी एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में वैश्विक नेतृत्व में भी अपनी पहचान बनाई है।डॉ. सिंघी ने दिल्ली में एक समारोह के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे की विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरस्कार प्राप्त किया। बेंद्रे, जो कैंसर से पीड़ित थीं, ने मेडिकल प्रोफेशन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉक्टरों ने उन्हें जीवन जीने का दूसरा मौका देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सीताराम जयपुरिया फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक जयपुरिया ने देश में डॉक्टरों द्वारा किए गए अमूल्य योगदान और बलिदान को रेखांकित किया।

# शिविर में विद्यार्थियों को बताया योग का महत्व



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन पलवल व योग समिति रहराना के तत्वावधान में योगाचार्य गुरमेश सिंह के सानिध्य में ग्रीनवुड कॉन्वेंट स्कूल रहराना तहसील पलवल में योग विज्ञान एवं चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र राणा ने की तथा संयोजन रवि कुमार बैसला ने किया। शिविर के दौरान योगाचार्य गुरमेश सिंह ने योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम, योगिग, जॉगिंग, आहार दिनचर्या के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई तथा योगासन में वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, उत्कटासन, पद्मासन, सुप्त वज्रासन, मंडूकासन, पवनमुक्तासन, चक्रासन, धनुरासन, सर्वांगासन, भुजंगासन, कल्याणआसन, एक पद सिंकदासन, पक्षीआसन का प्रशिक्षण दिया। सूक्ष्म व्यायाम में स्कंध चालन कटी चालन फिंगर चालन, गिरवा चालन, सर्वाइकल उपचार के लिए तथा ज्वाइंट्स, जोड़ों का दर्द के लिए विशेष व्यायाम कराए गए। प्राणायाम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, नाड़ीशोधन, उदगीद, भ्रामरी, ओमजाप व ध्यान योग भी कराया गया। इस अवसर पर मिट्टी, पानी, धूप, हवा से होने वाले उपचार की विस्तृत जानकारियां दी गई। इस योग सत्र में नरेंद्र राणा, राकेश शर्मा, संदीप रावत, रवि कुमार बैसला, संजय, कमलेश, यशिका, भारती, शीतल, करुणा, अंजुम, निशा, पूनम आदि ने भी शिविर के दौरान लाभ उठाया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल में जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित



**पलवल।** हर वर्ष की भांति मानव सेवा समिति पलवल ने इस वर्ष का पहला जर्सी वितरण कार्यक्रम सराय स्थित गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित किया। जिसमें समिति की तरफ से जरूरतमंद छात्राओं को 150 जर्सी एवं 150 जुराबे दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मुकेश मित्तल ने अपनी पत्नी वीना मित्तल एवं भतीजे विकास मित्तल के साथ अपने स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में मानव सेवा समिति की तरफ से यह कार्यक्रम आयोजित किया। स्कूल के बच्चों ने ढोल नगाड़े के साथ बहुत ही सुंदर तरीके से मानव सेवा समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया। धनराज तेवतिया के मंच संचालन एवं स्कूल की प्रिंसिपल सरला रावत के साथ पूरे स्टाफ ने बहुत ही जोर-शोर से सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। समिति की अध्यक्षा सीता वर्मा ने बताया कि अभी आगे और भी स्कूलों में, जहां जूते की और जर्सी की, जिस भी तरह की जरूरत होगी, समिति आगे भी अपने कार्यक्रम जारी रखेगी। कार्यक्रम में समिति की ओर से भगवत स्वरूप सिंगला, बंशीधर मखीजा, अर्जुन विरमानी, गुलशन गोयल, जयश्री जिंदल, सुशीला निगम, राजेश अरोड़ा, संगीता गर्ग, यतिन कालड़ा एवं भारती गोयल उपस्थित रहे।

### ब्लैकमेल कर छात्रा से दुष्कर्म, अदालत ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई

**फरीदाबाद।** युवती को ब्लैकमेल कर कई साल तक शारीरिक शोषण करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए जिला अदालत ने 20 साल कैद और ढाई लाख जुर्माना की सजा सुनाई है। मामला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ज्योति लांबा की अदालत में चल रहा था। दोषी दूर के रिश्ते में पीड़िता का चाचा लगता है।17 फरवरी 2019 को सेक्टर-16 महिला थाने में ओल्ड फरीदाबाद निवासी 22 वर्षीय युवती ने दी शिकायत में बताया उनके दूर के रिश्ते में चाचा लगने वाला प्रवीन सचदेवा घर के पास ही रहता था। मूल रूप से प्रवीन गुरुग्राम खांडसा रोड कर रहने वाला है और यहां प्रापर्टी डीलर का काम करता था। साल 2015 में पीड़िता बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा थी। आरोपी उसे कार सिखाने और कॉलेज छोड़ने के बहाने घर से ले जाता था। इस दौरान छात्रा को बहलाकर आरोपी गलत हरकत करने लगा। 15 मई 2015 को प्रवीन उसे अपने दोस्त के घर ले गया और शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद अक्टूबर 2017 को भी दोस्त के घर ले जाकर संबंध बनाए विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। 15 फरवरी 2019 को पीड़िता के घर में जागरण का आयोजन किया गया था। आरोपी भी वहां मौजूद था। कार्यक्रम के दौरान आरोपी शराब के नशे में पीड़िता का पकड़ कर कमरे में ले जाने लगा। परेशान होकर पीड़िता ने सभी बातें परिजनों को बता दी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। मंगलवार को न्यायाधीश ज्योति लांबा की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

### बड़खल मेट्रो स्टेशन के पीछे साफ सफाई की दरकार



**फरीदाबाद।** कई मेट्रो स्टेशन के आसपास साफ सफाई की व्यवस्था है एवं स्वच्छ वातावरण बना हुआ है। किंतु सबसे ज्यादा दुर्गति बड़खल मेट्रो स्टेशन के पीछे है। जहां पर गंदगी और गंदे पानी का जमावड़ा सदैव बना रहता है। विभिन्न संक्रामक बीमारियों के रोगाणु वातावरण में पनप रहे हैं। शौचालय महज शोपीस बने हुए हैं एवं दुर्दशा ग्रस्त हैं। बड़खल मेट्रो स्टेशन सेक्टर-19 क्षेत्र में बना हुआ है। यहां आरडब्ल्यूए ने भी इस समस्या के प्रति उदासीनता बढ़ती हुई है। किंतु साफ-सफाई की तवज्जो नगर निगम, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण एवं मेट्रो प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही है। सेक्टर 21-ए के समाजसेवी युगल किशोर शर्मा के अनुसार हजारों लोग प्रतिदिन बड़खल मेट्रो स्टेशन से आवागमन करते हैं। स्टेशन की साइड में भी रास्ता उखड़ा व टूटा हुआ पड़ा है। रात के समय भी अंधेरा रहता है। ऊबड़ खाबड़ रास्ते से मेट्रो स्टेशन जाने में चोट लगने का खतरा बना रहता है। मेट्रो अथॉरिटी से अपेक्षा है कि प्रशासन से तालमेल बिठाकर बड़खल मेट्रो स्टेशन के पिछवाड़े में वातावरण स्वच्छ करवाने का प्रयास करें। अधिकृत पार्किंग की व्यवस्था करने के लिए संभावित विकल्पों पर मेट्रो अथॉरिटी यथासंभव प्रयास करें।

### एलआर कॉलेज की छात्रा ने किया नाम रोशन



**फरीदाबाद।** पंडित एलआर कॉलेज ऑफ फार्मेसी कबूलपुर बांगर बल्लभगढ़ फरीदाबाद की बी-फार्मा तृतीय सेमेस्टर की छात्रा पलक मदान ने जुलाई 2023 की परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हरियाणा व पंडित बीडी शर्मा विश्वविद्यालय में पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले भी द्वितीय सेमेस्टर में पलक मदान ने पंडित बीडी शर्मा विश्वविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस के चेयरमैन पंडित लखमीचंद भारद्वाज, निदेशक प्रोफेसर आरपी आर्या, प्राचार्य डॉ. रवि मल्होत्रा, उप प्राचार्य केहर सिंह ने पलक मदान को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. रवि मल्होत्रा ने बताया कि बी फार्मा के 75 से भी अधिक कॉलेज और 4000 से भी अधिक छात्र और छात्राओं में से पलक मदान ने प्रथम स्थान प्राप्त करके अपने पिछले साल के द्वितीय स्थान को बेहतर करके कॉलेज व जिला-फरीदाबाद के साथ- साथ अपने अध्यापकों व माता-पिता का नाम रोशन किया। पंडित एलआर ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशंस ने बहुत कम वर्षो में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। इससे पहले पंडित एलआर कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों ने भी हरियाणा में कई बार टॉप किया है। पलक मदान को विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर पंडित एलआर कॉलेज ऑफ फार्मेसी से प्रोफेशर रीना कौशिक, सतबीर सिंह, रिचा शर्मा, हेमंत राणा, मीनाक्षी, पूनम, निधि, बृजेश, प्रगति, कमलेश आदि ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

### कार्यकर्ताओं ने मथुरा में दीपदान में भाग लिया



**फरीदाबाद।** श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा व राष्ट्रीय महा संगठन मंत्री कन्हैया बृजवासी ने कृष्ण जन्मभूमि दीप दान का कार्यक्रम था। सभी लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता अश्विनी शर्मा, प्रदेश सचिव नरेश ठाकुर, मथुरा के जिला उपाध्यक्ष राहुल गौतम सहित अन्य लोग उपस्थित रहे और सभी लोगों को हवालात के अंदर बंद किया गया। शौर्य दिवस की उपलक्ष में कुछ लोगों ने कृष्ण जन्मभूमि में दीपदान किया और शांतिपूर्वक शौर्य दिवस मनाने के लिए सभी कार्यकर्ता हजारों की तादाद में इकट्ठे हुए थे।

# देश विश्व गुरु तभी बनेगा जब युवा संस्कारवान और चरित्रवान होगा

## हनुमान चालीसा मुहिम का आंकड़ा हुआ 4 लाख 53 हजार के पार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेते बोधराज सीकरी व अन्य साधक।

**श्री श्याम** मंदिर न्यू कॉलोनी में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें यजमान सतपाल नासा और पुष्पा नासा रहे। मंदिर भक्तों से खचाखच भरा हुआ था। श्रद्धा भाव से अनुशासित तरीके से बैठकर लोगों ने हनुमान चालीसा का पठन किया। इस मंदिर में बोध राज सीकरी और गजेंद्र गोसाई ने अपने बाल्यकाल से स्वर्गीय पंडित चुनी लाल से रामायण पढ़ने का अभ्यास प्रारंभ किया था। अब तक सब पाठ को मिलाकर 162 स्थानों पर कुल 453,007 हनुमान चालीसा पाठ 32,157 साधकों द्वारा किये जा चुके हैं।

पंडित भीम दत्त ने मंत्रों की आवाज से घंटे घड़ियाल और शंखनाद से और गोसाई ने ओम की ध्वनि से पाठ का शुभारंभ किया और समापन राम राम की माला से किया। गजेंद्र गोसाई द्वारा संगीतमय तरीके से 21 बार हनुमान चालीसा पाठ के पठन के उपरांत बोधराज सीकरी भी पाठ किया। वो इस मंदिर के प्रधान भी हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक मैं संस्कार की बात करता आ रहा हूं।

अब चरित्र निर्माण के ऊपर भी हमारे युवा को ध्यान आकर्षित करना है। क्योंकि 65 प्रतिशत आबादी इस देश की युवा है। यदि वो संस्कारवान व चरित्रवान बन गया तो देश विश्व गुरु बनने में देर नहीं लगेगी। आज हम 5वें पायदान पर हैं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि 5 वर्षों में हम तीसरे पायदान पर पहुंच जाएंगे। ये तभी संभव होगा जब युवा संस्कारवान और चरित्रवान होगा। अगले सत्ताह मंगलवार को श्री श्याम मंदिर के प्रांगण से ही श्री राजेश सूटा जाने-माने अधिवक्ता व उनकी बेटी पूजा खेत्रपाल और उनके दामाद अभिषेक खेत्रपाल द्वारा हनुमान चालीसा का बहुत ही भव्य आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर गजेंद्र गोसाई, राजेश सूटा, विजय दीवान, अशोक सीकरी, उमेश शर्मा, राम लाल ग्रोवर, धर्मेन्द्र बजाज, रमेश कामरा, किशोरी डुडेजा, सुभाष ग्रोवर, रणधीर टंडन, मदन सतीजा, तिलक चानना, जगदीश रखेजा, सुखदेव, द्वारिका नाथ, नरिंदर कथूरिया, तिरलोक गोसाई, रजिंदर बजाज, उमेश गंभीर, रुपेश चौधरी मौजूद रहे।

# राष्ट्र सर्वप्रथम अवधारणा का संकल्प समय की मांग: सुखबीर तंवर

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सुखबीर तंवर ने बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर भवन, पटौदी में स्थापित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्रद्धांजलि के बाद उपस्थित बाबा साहब अनुयायियों को संबोधित करते हुये कहा कि वंचितों, पीड़ितों, शोषितों, श्रमिकों और महिलाओं के कल्याणपुंज भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के विचार और दृष्टिकोण वैश्विक स्तर पर अपनाये गये हैं। सुखबीर तंवर ने कहा कि दुखद विषय यह है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बाबा साहब का सत्कार करने की बजाय तिरस्कार किया।

बाबा साहब ने स्वतंत्रता से पूर्व और स्वतंत्रता के बाद अनेक विषयों में अपनी वैश्विक बुद्धिमत्ता का परिचय दिया। राष्ट्र को संविधान और अनेक कानून दिये। तत्कालीन कांग्रेस शासन ने बाबा साहब के विरुद्ध उनके सहायक को चुनाव लड़वाकर उनकी लोकप्रियता को दबाने का प्रयास किया। इसके विपरीत विश्वनाथ प्रताप सिंह नीत जनता दल की गैर कांग्रेस केंद्र सरकार ने बाबा साहब के महापरिनिर्वाण के 34 साल बाद 31 मार्च 1990 को भारत रत्न से अलंकृत करके सम्मान किया। बाबा साहेब के विचार जैसे किसी समाज की प्रगति का आंकलन उसकी महिलाओं की प्रगति से होता है।


बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते सुखबीर तंवर।

# बच्चों-महिलाओं को सुरक्षा के लिए किया जागरुक



**गुरुग्राम।** महिलाओं/बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से प्रबंधक महिला थाना मानेसर व उनकी टीम, दुर्गा शक्ति पुलिस टीम ने बुधवार को राजकीय कन्या स्कूल बास कुसला में बच्चों को महिला पुलिस थाना मानेसर में बुलाया।

उन्हें थाना में होने वाले दैनिक कार्यों, महिलाओं/बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साईबर अपराधों, नशामुक्ति, साइबर अपराधों, डॉयल 112 व दुर्गा शक्ति एप के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। इस दौरान पुलिस ने स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं, टीचर/स्टॉफ व स्कूल कर्मचारियों को महिलाओं/बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों, नशे से दूर रहने, नशा मुक्ति, अपराधों से बचाव व अपराध होने के बाद उनके उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# पीडितों, महिलाओं और गरीबों के मसीहा थे बाबा साहेब: पंकज डावर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## कांग्रेसी नेताओं ने बाबा साहब का परिनिर्वाण दिवस मनाया

**बुधवार** को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर एकजुट होकर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर के साथ सूबे सिंह यादव, पर्ल चौधरी, जय सिंह हुड्डा, पीएल कटारिया, सुनील वर्मा, मनोज आहूजा, मुकेश सिंगला, राजपाल यादव, डा. रोहित शर्मा, रोशन लाल, रमन वर्मा, भीम सिंह किरबत, दीपक समेत अन्य लोग मौजूद रहे। अपने संबोधन में पंकज डावर ने कहा कि डा. बीआर अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को को मध्य प्रदेश के महु में हुआ था। वे पीडितों, महिलाओं व गरीबों के लिए मसीहा थे। उन्होंने हर समय गरीब मजलूमों की आवाज उठाई। कमजोर वर्गों के बीच शिक्षा व संस्कृति के प्रसार के लिए बहिष्कृत हितकारिणी सभा का गठन भी किया था। लंदन में तीनों राउण्ड टेबल सम्मेलनों में भी उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया था। स्वतंत्र भारत के संविधान के मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्हें चुना गया था और उन्हें संविधान निर्माता के रुप में भी माना जाता है। देश की आजादी के बाद वह स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री भी बने थे। बाबा साहेब ने देश के विकास की एक ऐसी मजबूत नींव रखी कि आज उसी की बदौलत हमारा देश विकसित होने की राह पर चल पाया।


बाबा साहब की फोटो पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी नेता पंकज डावर व अन्य।

# इनोवेशन और परंपरा का अनूठा मेल दिखाएगा 'सेंटर स्टेज फेस्टिवल'

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**किरण** नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट (केएनएमए) ने दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सेंटर स्टेज फेस्टिवल' के आयोजन का एलान किया है। 8 और 9 दिसंबर को सुंदर नर्सरी में यह आयोजन किया जाएगा। नृत्य एवं संगीत की दुनिया की पांच युवा प्रतिभाएं इसमें परफॉर्म करेंगी। यह रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक भावों को प्रदर्शित करने का उत्सव बनकर सामने आएगा। इस उत्सव के माध्यम से केएनएमए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान कर रहा है। यह उत्सव अद्वितीय कलाकारों के लिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच बनकर सामने आएगा। केएनएमए का सेंटर स्टेज फेस्टिवल लोगों को यादगार अनुभव देगा। इसमें 13 से 30 की उम्र की प्रतिभाएं हिस्सा लेंगी।

सेंटर स्टेज फेस्टिवल में सांस्कृतिक परंपराओं को नया आकार दे रहे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। फेस्टिवल में 25 वर्षीय हिंदुस्तानी क्लासिकल वोकलिस्ट अनिरुद्ध ऐथल और 13 वर्षीय भरतनाट्यम नृत्यांगना अक्षता विश्वनाथ अपनी प्रतिभा से लोगों को सम्मोहित करेंगे। वेस्टर्न क्लासिक म्यूजिक से जुड़े अणुव्रत चौधरी का प्रदर्शन भी लोगों को लुभाने वाला होगा। वह दो डुएट परफॉर्म करेंगे। इनमें से एक डुएट में उनका साथ 14 वर्षीय मार्टिना चार्ल्स देंगी। अणुव्रत राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित पियानो वादक हैं, वहीं मार्टिना वायलिन वादन का उभरता सितारा हैं। अणुव्रत का दूसरा डुएट नृत्यांगना ईरा के साथ होगा, जो जैज और आधुनिक नृत्यकला में प्रशिक्षित हैं। इनके अतिरिक्त, रमना बालचंद्रन वीणा वादन करेंगे। वह देश के लोकप्रिय वीणा वादक हैं। उन्होंने करीब 400 सोलो कंसर्ट में हिस्सा लिया है। उत्सव का समापन अनिरुद्ध वर्मा कलेक्टिव के साथ होगा। इसका नेतृत्व पियानो वादक, कंपोजर और प्रोड्यूसर अनिरुद्ध वर्मा करेंगे। इसमें भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में इनोवेशन और परंपरा का अनूठा मेल दिखेगा।

किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट की सीनियर क्यूरेटर परफॉर्मिंग आर्ट्स अदिति जेटली ने कहा, 'किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट की सांस्कृतिक शाखा पारंपरिक एवं समकालीन कला के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। नए म्यूजियम में हम परफॉर्मिंग आर्ट्स को भी जगह देने जा रहे हैं। इसी के साथ केएनएमए दिल्ली के लोगों को भारत की विविधापूर्ण सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराने की दिशा में प्रयास करता रहेगा।' यह सार्वजनिक उत्सव होगा।

# गुरुग्राम में विकलांग व्यक्तियों के लिए सार्थक ग्लोबल रिसोर्स सेंटर होगा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/गुरुग्राम

**अग्रणी** गैर सरकारी संगठन, सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट जो पूरे भारत में दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्लूडी) को मुख्यधारा में लाने और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, 9 दिसंबर 2023 को गुरुग्राम में देश भर से दिव्यांगजनों के लिए भारत का वन-स्टॉप-सॉल्यूशन ''सार्थक ग्लोबल रिसोर्स सेंटर'' लॉन्च कर रहा है। जीआरसी का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के द्वारा किया जाएगा।

यह सेंटर दिव्यांग व्यक्तियों की शिक्षा और कौशल के लिए एक हब के रूप में काम करेगा और उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दिव्यांग व्यक्तियों की देश की कुल आबादी का 5 प्रतिशत से अधिक हैं और आजीविका कमाने के लिए प्रशिक्षण या कौशल सीखकर काम करने और आत्म-सम्मान अर्जित करने का उन्हें अवसर देने के लिए उन तक पहुंचने की ज़रूरत है। सार्थक उन अग्रणी गैर सरकारी संगठनों में से एक है, जो निवेश हासिल करने के लिए एनएसई तथा बीएसई के सोशल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट भी हुआ है 7 सार्थक इस जीआरसी के माध्यम से दिव्यांगजनों के जीवन मैं बदलाव लाने के लिए प्रतिबंध है और इसके लिए सामाजिक बदलाव लाने के प्रति झुकाव रखने वाले फाउंडेशन और एचएनआय से निवेश आकर्षित करना चाहता है। दिव्यांगता पर 10 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 8 और 9 दिसंबर 2023 को भारत सरकार का डीईपीडब्लूडी विभाग, सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट और नेशनल एबिलिम्पिक एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। 2 दिवसीय कार्यक्रम में ग्लोकल पार्टनरशिप - समावेशी, सुलभ और टिकाऊ दुनिया के लिए मार्ग प्रशस्त करना ये थीम पर चर्चा होगी। इन 2 दिनों में नॅशनल एबिलिम्पिक्स असोसिएशन ऑफ इंडिया की उत्तर क्षेत्रीय कौशल प्रतियोगिताएं तथा एक्ज़िबिशन भी आयोजित की जाएंगी, जिसमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एनसीआर सहित विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक दिव्यांग उम्मीदवार आईसीटी, शिल्प, सेवा और आतिथ्य के तहत 15 कौशल श्रेणियों मे भाग लेंगे।

सार्थक एजुकेशनल ट्रस्ट के संस्थापक और सीईओ डॉ. जितेंद्र अग्रवाल ने बताया, ''विकलांग लोगों के लिए ''सार्थक ग्लोबल रिसोर्स सेंटर'' (जीआरसी) एक अभूतपूर्व पहल है जो देश भर में विविध क्षमताओं वाले व्यक्तियों के लिए आशा की किरण के रूप में खड़ा होगा। हरियाणा सरकार और हमारे फंडिंग भागीदारों के दृढ़ समर्थन से, ग्लोबल रिसोर्स सेंटर (जीआरसी) गुरुग्राम में अपने दरवाजे खोलने के लिए तैयार है। यह परिवर्तनकारी स्थान एक अधिक समावेशी समाज के निर्माण की दिशा में हमारे राष्ट्र की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में उभरेगा। सार्थक ग्लोबल रिसोर्स सेंटर समय की मांग है जो सेवाओं, संसाधनों और दृष्टिकोण में लगातार अंतराल से उभरा है जो वर्तमान में दिव्यांगों की प्रगति में बाधक है।''

# एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम लॉन्च करने के लिए टैलेंट स्प्रिंट और आईआईएम लखनऊ के बीच समझौता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**विश्व** की अग्रणी एडुटेक कंपनी टैलेंट स्प्रिंट, और एनआईआरएफ रैंकिंग 2023 के तहत उच्च रैंकिंग प्राप्त - भारतीय प्रबंध संस्था आईआईएम लखनऊ - ने आपस में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते हुए एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम लॉन्च करने की घोषणा की है। इस समझौते से इन दो बड़ी संस्थाओं के संसाधन एक हो जाएंगे और कामकाजी पेशेवरों को सशक्त करने का अवसर मिलेगा और उनकी जनरल मैनेजमेंट की क्षमताओं में भी इजाफा होगा।

आईआईएम लखनऊ, जो की अपने अभूतपूर्व शैक्षणिक अनुभव, उद्योग से जुड़े हुए शिक्षण और प्रतिष्ठित शिक्षकों के लिए जाना जाता है, वह पिछले कई सालों से दुनियाभर के उच्च मैनेजमेंट संस्थानों की सूची में अपना स्थान बनाए हुए हैं। पिछले चार दशकों से उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए, आईआईएम लखनऊ नवाचार और नेतृत्व के क्षेत्र में मैनेजमेंट शिक्षा को नए स्तर पर ले गया है।

पिछले 10 सालों में टैलेंट स्प्रिंट ने अपने द्वारा विकसित टेक्नोलॉजी आधारित प्लेटफार्म पर अत्याधुनिक और प्रभावी एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्रोग्राम पेश करते हुए इस क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की दूरी को खत्म करने की आईआईएम लखनऊ की प्रतिबद्धता की ही बदौलत आज दुनियाभर में अलग-अलग क्षेत्र के कई पेशेवर अपने कैरियर में आगे बढ़ रहे हैं।

आईआईएम लखनऊ की निदेशक प्रोफेसर अर्चना शुक्ला ने कहा कि, ''आईआईएम लखनऊ में हम उच्च स्तरीय प्रबंधन शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज जनरल मैनेजमेंट पेशेवरों की एक बहुत बड़ी मांग है, जो यह समझ सके की पूरी संस्था में सब कुछ कैसे काम करता है और समस्याओं का समाधान एक समग्र रूप से निकाल सके। हम टैलेंट स्प्रिंट के साथ अपने सहयोग को लेकर बेहद उत्साहित है। हम ऐसा मानते हैं कि इस समझौते के तहत हम शिक्षा के अनुभव को और भी बेहतर बना सकते हैं, जिसे असल में लोगों के करियर में बेहतर बदलाव हो।''

टैलेंट स्प्रिंट के फाउंडिंग सीईओ और एमडी डॉ सांतनु पॉल ने कहा कि, ''हम मैनेजमेंट की अग्रणी संस्था आईआईएम लखनऊ के साथ किए इस समझौते से बेहद प्रसन्न है। यह समझौता शैक्षणिक प्रतिबद्धता और तकनीकी नवाचार के एक होने का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य आज के मौजूदा व्यापारिक जगत में पेशेवरों को समर्थ और सक्षम बनाना है।''

इस समझौते के तहत एक 11 महीने का एग्जीक्यूटिव जनरल मैनेजमेंट प्रोग्राम लाया जा रहा है, जिसकी मदद से कामकाजी लोगों को क्षेत्र की विशेषज्ञता और मैनेजमेंट की गहरी समझ प्रदान की जाएगी जो कि आज के परिवर्तनशील व्यापारिक परिदृश्य में उन्हें सफल होने में काम आएगी। खास कामकाजी लोगों के लिए बनाए गए इस पाठ्यक्रम में 220 घंटे तक गहन शिक्षण के सेशन होंगे जिसमें की 12 दिन आईआईएम लखनऊ के कैंपस पर बिताने होंगे।

# जीएमडीए कई सेक्टर्स में जल निकासी नेटवर्क बिछाएगा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) ने गुरुग्राम के नए सेक्टरों में जल निकासी नेटवर्क बिछाने से संबंधित अपनी दो परियोजनाओं के लिए निविदाएं जारी की हैं। इन दो कार्यों में सेक्टर 68-75 में आरसीसी बॉक्स टाइप मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन का निर्माण और सेक्टर 112-115 में आरसीसी बॉक्स टाइप मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन का निर्माण शामिल है। जीएमडीए के मुख्य अभियंता राजेश बंसल ने बुधवार को बताया कि ये गुरुग्राम के तेजी से विकसित होने वाले क्षेत्र हैं, जिनमें बढ़ती आबादी देखी जा रही है।

इन क्षेत्रों में मास्टर ड्रेनेज सिस्टम प्रदान करने और नागरिकों के लाभ के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए जीएमडीए द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। सेक्टर 68-75 और 112-115 में मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन का निर्माण प्राथमिकता पर किया जा रहा है और इन दो बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों के लिए टेंडर लगा दिए गए हैं। सेक्टर-68 से 75 में जल निकासी नेटवर्क को बढ़ाने के लिए, 17.63 किमी लंबाई में मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन बिछाने का काम करने की योजना है, जिसमें विभिन्न आकारों के आरसीसी बॉक्स टाइप ड्रेन का निर्माण किया जाएगा।

इन बरसाती नालों के पानी के निर्वहन का निपटान आगामी एसपीआर के साथ वाटिका चौक से एनएच 48 तक मास्टर स्टॉर्म वॉटर ड्रेन में और अंततः लेग-3 बादशाहपुर नाले में किया जाएगा। क्षेत्रों में सेक्टर-68, 69, 70, 70ए, 71, 72, 75, 75ए, 71, 73 और 74 शामिल हैं। सेक्टर 68-75 में जल निकासी नेटवर्क प्रदान करने की परियोजना 62.78 करोड़ रुपये की लागत से निष्पादित की जाएगी। प्रोजेक्ट पूरा होने का समय 22 महीने है। सेक्टर 112-115 की जल निकासी परियोजना के तहत सेक्टर 112-115 में लगभग 7.5 किमी लंबाई में विभिन्न आकार के मास्टर आरसीसी बॉक्स टाइप ड्रेन का निर्माण किया जाएगा।

# एग्रो फॉरेस्ट्री को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने की जरूरत : इपमा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एग्रो** फॉरेस्ट्री को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने की जरूरत है। देश में बहुत सी डिग्रेडेड जमीन है। इस जमीन को कागज उद्योग को लंबी अवधि की लीज पर दिया जा सकता है। इससे दो तरह से फायदा होगा। पहला, उस जमीन पर आने वाले वर्षों में हरे-भरे पेड़ होंगे, जिससे कार्बन अवशोषण में मदद मिलेगी। दूसरा, इससे न केवल कागज उद्योग बल्कि अन्य लकड़ी आधारित उद्योगों के लिए भी लकड़ी मिल सकेगी, जिससे बड़े पैमाने पर ग्रामीण रोजगार के अवसर सृजित होंगे। ग्रेटर नोएडा में आज शुरू हुए कागज उद्योग के सबसे बड़े शो पेपरेक्स 2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए इंडियन पेपर मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (इपमा) के प्रेसिडेंट पवन अग्रवाल ने यह बात कही।

कागज का उपभोग सीधे तौर पर अर्थव्यवस्था के विकास से जुड़ा होता है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है और साथ ही यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ता कागज का बाजार भी है। वैश्विक स्तर पर प्रति व्यक्ति कागज की औसत खपत 57 किलोग्राम है, जबकि भारत में यह औसत मात्र 16 किलोग्राम का है। विकसित देशों में प्रति व्यक्ति कागज की औसत खपत 200 किलोग्राम से ज्यादा है। यह दिखाता है कि देश में कागज उद्योग के विकास की कितनी संभावना है। आईपीएमए ने अगले कई साल तक कागज के उपभोग में सालाना 6 से 7 प्रतिशत के विकास का अनुमान जताया है। कागज उद्योग में लकड़ी कच्चे माल के रूप में प्रयोग होती है। लकड़ी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पिछले कई साल से कागज उद्योग 5 लाख से ज्यादा सीमांत किसानों के साथ काम कर रहा है। उद्योग ने एग्रो फॉरेस्ट्री (कृषि वानिकी) के तहत 12 लाख हेक्टेयर से ज्यादा डिग्रेडेड जमीन पर पौधारोपण किया है। सस्टेनेबिलिटी के मोर्चे पर यह उद्योग वुड पॉजिटिव है। जितने पेड़ पल्प बनाने के लिए काटे जाते हैं, उससे ज्यादा पेड़ लगाए जा चुके हैं।

कागज उद्योग के आर्थिक योगदान को बेहतर तरीके से समझने की जरूरत है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अहम सेक्टर है। आज देश में 500 से ज्यादा पेपर मिल्स ने 5 लाख से ज्यादा परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया हुआ है। यह प्रत्यक्ष रोजगार की संख्या है। यदि परोक्ष रोजगार को जोड़ें तो इस उद्योग ने करीब 20 लाख परिवारों को रोजगार दिया है।

सरकार के कई अभियानों के लिए कागज उद्योग बहुत अहम है। कागज उद्योग के बिना स्वच्छ भारत अभियान संभव नहीं है। सरकार सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण पैदा होने वाले कचरे और पर्यावरण संबंधी समस्याओं के हल के लिए प्रयासरत है और सिंगल यूज प्लास्टिक का कागज से बेहतर कोई विकल्प नहीं हो सकता है। छोटी एवं बड़ी सभी पेपर मिल्स को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए टेक्नोलॉजी को उन्नत करने की जरूरत है। आईपीएम ने अन्य उद्योगों की तरह ही कागज उद्योग के लिए भी टेक्नोलॉजी को उन्नत करने की दिशा में सरकार से सहयोग की मांग पर जोर दिया है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि पल्प एवं पेपर मिल्स की क्षमता बढ़ाने और टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करने के लिए बड़े निवेश की आवश्यकता है।

# संक्षिप्त समाचार

## मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए वाहन रवाना



**सोहना।** प्रदेश मुख्य निर्वाचन के आदेश पर अब ग्रामीणों को अपना वोट बनवाने से लेकर गलतियों को दुरुस्त कराने और मृतकों का नाम मतदाता सूची में कटवाने के लिए जागरुकता अभियान शुरु किया है। जागरुकता अभियान के दौरान प्रदेश मुख्य निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर एक वैन को गांव-गांव भेजा गया है। उक्त वैन को एसडीएम प्रदीप सिंह ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को अब प्रदेश चुनाव आयोग के आदेश अपना वोट बनवाने से लेकर मृतक मतदाताओं का नाम सूची में से कटवाना और मतदाता में दर्ज गलतियों को दुरुस्त कराने की जानकारी दी जाएगी। जिसके लिए एसडीएम प्रदीप सिंह ने बुधवार को अपने कार्यालय से एक वैन को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरुता रैली मास्टर टेऊर रोहताश सिंह के नेतृत्व में प्रचार प्रसार करेगी। एसडीएम ने बताया कि मतदाता ऑनलाइन भी चुनाव आयोग के नियमानुसार फार्म भर सकते हैं। इसके अलावा अपने बीएलओ के पास जाकर फार्म नंबर 6, 7 और 8 भर सकते हैं। इसके साथ-साथ एसडीएम कार्यालय में भी जाकर अपना वोट बनवा सकते है। 18 से अधिक उम्र वाले भी नई वोट बनवा सकते हैं। उन्होने बताया कि 5 जनवरी को लोक सभा चुनाव के उद्देश्य से प्रकाशन किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि उक्त प्रचार जागरुकता अभियान को लोग पूरा लाभ उठाए।

## चलती कार की छत पर शराब पीते युवक के खिलाफ केस दर्ज



**गुरुग्राम।** शहर में आए दिन सड़क पर स्टंट किए जाने के वीडियो सामने आ रहे हैं। ताजा वीडियो गोल्फ कोर्स रोड का सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस वीडियो में एक युवक चलती गाड़ी की छत पर शराब पीता नजर आ रहा है। पुलिस के पास यह वीडियो पहुंचते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सेक्टर-56 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि एक युवक गाड़ी की छत पर बैठा है और शराब पी रहा है। उसने दूसरे हाथ में मोबाइल पकड़ा हुआ है और उस पर बात कर रहा है। यह वायरल वीडियो जब पुलिस के पास पहुंची तो पुलिस ने संज्ञान लिया। आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि आखिर इस गाड़ी के साथ-साथ और कितने वाहन थे, जिस पर सवार लोगों ने यह वीडियो बनाई है। एसीपी अपराध वरुण दहिया का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। गोल्फ कोर्स रोड की यह वीडियो नजर आ रही है।

## स्वतंत्रता सेनानी स्व. मन्सा राम की धर्मपत्नी सावित्री देवी का निधन



**गुरुग्राम।** स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय मन्सा राम की धर्मपत्नी सावित्री देवी का बुधवार को 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। गांव दौलताबाद में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। श्रीमती सावित्री देवी की अंत्येष्टि में गढ़ी हरसरू के नायब तहसीलदार आशीष मालिक शमिल हुए। उन्होंने पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार से पूर्व हरियाणा पुलिस की तरफ से एएसआई राजबीर सिंह की अगुआई में हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की सलामी देने के बाद क्रिमिनेशन सम्मान निधि की राशि भी परिजनों को दी गयी। इसके उपरान्त स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति की तरफ से समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल, जिले सिंह, जोगिंदर सिंह जांधु, जय भगवान, धीरज, रामपाल, नवल सिंह, महाबीर सिंह, रामचंद्र, सत्यनारायण, पदम अजीत सिंह, भगवान दास, अशोक, कैप्टन बलबीर सिंह, वीरेंद्र सिंह, सतबीर सिंह, भगवान सहित अन्य गणमान्य ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ा कर कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक ने के दो साल पूरे किए



**गुरुग्राम।** पुलिस जहां एक ओर नागरिकों को सुरक्षित करने में सक्षम है, वहीं समाज के जरूरतमंद लोगों को भोजन पानी मुहैया करवाने में भी अग्रणी है। यह बात गुरुग्राम के पुलिस उपायुक्त मुख्यालय दीपक गहलावत ने व्यक्त किये। वे बुधवार को हरियाणा पुलिस रोटी पानी बैंक गुरुग्राम के दूसरे स्थापना दिवस पर विशाल भोजन वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। हरियाणा पुलिस रोटी पानी बैंक गुरुग्राम के दूसरे स्थापना दिवस के अवसर पर विशाल भोजन वितरण का कार्यक्रम फव्वारा चोक जिला पुलिस लाइन के गेट के सामने किया गया था, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरुषोत्तम गुप्ता, अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में आरएल शर्मा एडवोकेट, अध्यक्ष पुलिस शहीद फाउंडेशन, हरियाणा, दीपक मैनी चेयरमैन पीएफटीआई, डॉ एसपी अग्रवाल वाईस चेयरमैन पीएफटीआई, राजकुमार त्यागी समाज सेवी, करुणेश भारद्वाज ने समारोह में शिरकत की।

# इंडिया गठबंधन पर फिर से करना होगा विचार

## इनेलो प्रदेशाध्यक्ष राठी ने नूंह में कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधा





पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**इंडियन** नेशनल लोकदल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक नफे सिंह राठी नूंह पहुँचे। उनके पहुंचने पर कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने अनाज मंडी नूंह में इनेलो पार्टी के जिला कार्यालय पर फूलमाला व गुलदस्ता देकर जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी ने पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली।

इनेलो प्रदेश अध्यक्ष सिंह राठी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि कांग्रेस ने अपनी भूमिका ठीक तरह से नहीं निभाई। जहां मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में इंडिया गठबंधन की पार्टियां इसमें शामिल है, उनसे अगर कांग्रेस समझौता करके चलती तो हो सकता है कि परिणाम दूसरे होते। नफे सिंह राठी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं के दिमाग में यह बात आ गई कि अब हमारी लहर है, कांग्रेस की लहर नहीं है। इंडिया गठबंधन पर दोबारा से विचार करना पड़ेगा और सबको साथ लेकर चलना पड़ेगा क्योंकि बीजेपी को हराने के लिए सभी को साथ चलना होगा, नतीजे भी अच्छे आएंगे। नफेसिंह राठी बुधवार को अनाज मंडी नूंह में पार्टी कार्यालय पर वर्कर मीटिंग लेने के बाद कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सोहराब खेड़ी कंकर के कार्यालय उद्घाटन के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता कांग्रेस और जननायक जनता पार्टी को छोड़कर इनेलो में शामिल हुए तो यूथ जिलाध्यक्ष लियाकत अली सरपंच सुडाका का भी ऐलान बुधवार को किया गया।

राठी ने कहा कि जननायक जनता पार्टी राजस्थान में 19 जगह चुनाव लड़ी। सभी की जमानत जप्त हो गई। उनकी हालत खराब हो गई। इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफेसिंह राठी ने कहा हरियाणा में अगर लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव साथ होते हैं तो इनेलो पार्टी पूरी तरह से तैयार है और हमेशा तैयार रहती है। अगर दोनों चुनाव साथ होंगे तो उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। इनेलो पूरी तरह से मैदान में है ।पूर्व विधायक नफेसिंह राठी ने कहा कि इंडिया गठबंधन में जहां तक इंडियन नेशनल लोकदल के जाने की बात है, उन्होंने कहा कि जो पहले खाका तैयार हुआ था। वह पिछले साल फतेहाबाद की रैली गत 25 सितंबर को थी। उसमें कई वरिष्ठ नेता देश भर के आए थे। जिनमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल थे। उसी समय उन नेताओं ने इनेलो सुप्रीमों पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की मौजूदगी में यह कहा कि हम ओपी चौटाला आशीर्वाद लेकर यह लड़ाई शुरू करेंगे। यह नींव ही ओमप्रकाश चौटाला ने इंडिया गठबंधन की रखी थी। जब कांग्रेस को शायद यह वहां हो गया था कि हम अपने दम पर पांच राज्यों में चुनाव जीत जाएंगे। अगर कांग्रेस थोड़ा सा नरम होकर और गठबंधन के साथियों को साथ लेकर चुनाव लड़ती तो हो सकता है रिजल्ट में परिवर्तन आता। कांग्रेस को अब जमीनी हकीकत पता लग गई है। उम्मीद है कि हम सब साथ आ जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जहां तक अभय सिंह चौटाला के मुख्यमंत्री बनने का मामला है। उन्होंने कहा कि अगर अलग - अलग होंगे तो इंडियन नेशनल लोकदल की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। जहां तक नूंह जिले की बात है तो नूंह जिले की तीन विधानसभाओं के साथ - साथ पलवल जिले की हथीन तथा गुरुग्राम जिले की सोहना विधानसभा भी इंडियन नेशनल लोकदल जीतेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव में समय कम है। अब विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम होंगे और नूंह में आगामी 20 दिसंबर का कार्यक्रम प्रस्तावित है। लिहाजा कार्यकर्ता अब तैयारियों में जुट जाएं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुभान खान, नूंह विधानसभा क्षेत्र से वरिष्ठ नेता एवं कार्यकारी जिला अध्यक्ष नूंह, पूर्व एचसीएस रिटायर्ड महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ रफीक आजाद, एडवोकेट मोहम्मद तलहा, सल्ली असद घासेड़ा, जैकम प्रधान चंदेनी, द्यमजलस सरपंच खेड़ी कंकर, लियाकत अली सरपंच सुडाका, नसीम सरपंच बाई, जुबेर इल्ला पूर्व सरपंच अलावलपुर, हारून सुडाका, अकबर सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिले में न होने दें अवैध खनन जैसी गतिविधियां : उपायुक्त

**मेवात।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि जिले में अवैध खनन जैसी कोई भी गतिविधि नहीं होनी चाहिए, अगर जिला में अवैध खनन की गतिविधियों की जानकारी मिलती है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंसिंग हाल में खनन विभाग के कार्यों व गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। उपायुक्त ने बताया कि जिला में अवैध खनन करने वाले लोगों के व्हीकल इंपाउंड कर उन पर जुर्माना लगाया जाए।

उन्होंने कहा कि जिला में ओवरलोडिंग गाड़ियों पर लगाम लगाने के लिए अधिकारियों को कहा गया है कि वह सभी ई-रवाना रसीद की कॉपी जरूर रखें , ताकि जब भी कोई ओवरलोडिंग की गाड़ी पकड़ी जाए तो उसके लोड से मिलान हो सके और अतिरिक्त लोड होने पर उस पर कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया, एसडीएम नूंह अश्विन कुमार, एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, एसडीएम फिरोजपुर झिरका सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस मुख्यालय पर बाबा भीम राव अंबेडकर को किया याद



**मेवात।** जिला कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर बुधवार को डॉ.भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर खिराज ए अकीदत पेश की गई, कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसीसी डेलिगेट शरीफ अड़बर ने की। इस दौरान कांग्रेसियों ने संगोष्ठी सभा का आयोजन रखा जिसमें वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस सभा के कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शरीफ अड़बर ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर भारत के संविधान निर्माता थे। उन्होंने उस समय महात्मा गांधी के सिद्धांतों का अनुकरण करते हुए जातिगत भेदभाव को मिटाकर सभी को समानता का अधिकार दिया। विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधान के निर्माता ने देश हित में कई महत्वपूर्ण योगदान दिये। पार्षद मदन तंवर ने कहा की बाबा साहब ने सभी वर्गों को ताकत दी थी लेकिन आज की मौजूदा भाजपा सरकार उस संविधान को बदलने की बार बार कोशिश रच रही है, लेकिन कोई भी ताक़त उस संविधान को बदल नहीं सकती है। आमिल चेयरमैन ने कहा कि बाबासाहेब ने देश के अमीर गरीब सहित सभी को संविधान के तौर पर बड़ी सौगात दी थी जिसके कारण आज हर वर्ग के हक़ व हकुक सुरक्षित संभव हो पाए हैं। इस दौरान हाजी साहाबू कैराका, परवीन चैयरमैन इंडरी, आमिल चैयरमैन सालाहेड़ी, मदन तंवर नूह, अख्तर चंदैनी, हनीफ अख्तर चंदैनी, सुरेंद्र उर्फ मंत्री, महेंद्र आकेड़ा, अजमत सरपंच दिहाना, महबूब मेंबर बाउपुर, हबीब दिहाना, नियाज मोहमद बाई,गुरजी आकेड़ा, शमीम रहनिया सहित दर्जनों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### खेत में काम करने गई महिला से दुष्कर्म करने का आरोप

**तावडू।** नूंह के थाना रोजका मेव अंतर्गत एक गांव के खेत में काम करने गई महिला से जबरन दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के बयान पर दो आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला का कहना है कि उनके पति मजदूरी करते हैं जो अक्सर घर से बाहर रहते हैं। गांव के दो युवक उन्हें अश्लील इशारे करते हैं। एक दिन खेत में करने गई तभी दोनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पीछा करते हुए पहुंचे। जिन्होंने जबरन उन्हें पकड़ लिया, फिर उनकी मर्जी के विरुद्ध बारी-बारी से दुष्कर्म किया। आरोप है कि इस दौरान एक युवक ने फोटो और वीडियो बना ली। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि यदि कानूनी कार्रवाई या किसी को बताया तो उनकी फोटो वीडियो वायरल कर देंगे। जिसके बल बार-बार ब्लैकमेल करते हुए दुष्कर्म करते रहे। परेशान होकर जब उन्होंने एक बार संबंध बनाने से इनकार किया तो एक युवक ने फोटो फेसबुक पर वायरल कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला के बयान पर आरोपी इमरान और ताहिर के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**मेवात।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक लघु सचिवालय के सभागार में 7 दिसंबर को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि इस बैठक में कुल 15 परिवादों को निपटारा किया जाएगा, जिनमें 3 पुराने तथा 12 नए परिवाद शामिल हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित शिकायत के जवाब के साथ बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि एजेंडे में शामिल जिन शिकायतों की सुनवाई होगी, उनमें गांव उजीना निवासी प्रमोद कुमार की शिकायत जिला राजस्व अधिकारी, गांव शिकारपुर निवासी रफीक की कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, मोहम्मदपुर अहीर निवासी मुकेश की शिकायत जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, गांव ओथा निवासी इब्राहिम, गांव टपकन निवासी मकसूद की शिकायत पुलिस विभाग से संबंधित शामिल हैं। इसी प्रकार एजेंडे में गांव चीला निवासी असपाक की शिकायत स्वास्थ्य विभाग, पुन्हाना निवासी फूल सिंह की शिकायत नगरपालिका पुन्हाना, तावडू निवासी जयपाल की शिकायत नपा तावडू, गांव मेवली निवासी वहीद खां की शिकायत बिजली निगम, पुन्हाना निवासी सलीम खान की शिकायत जन स्वास्थ्य विभाग, गांव नावली निवासी जुबेदा की शिकायत समाज कल्याण व नूंह निवासी आसिफ अली की शिकायत नगर परिषद नूंह, पार्षद नूंह सरिपन की शिकायत कल्याण विभाग, गांव चुन्धीका निवासी छोटी की शिकायत नागरिक संसाधन विभाग से संबंधित हैं।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं अधिकारी


**मेवात ।** उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए संबंधित विभाग ठोस कदम उठाएं। हाई रिस्क वाले ब्लैक स्पॉट स्थानों को चिन्हित करें, अवैध कट बंद करें, मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाए तथा यातायात नियमों की पालना न करने वाले वाहन चालकों के चालान किए जाएं। उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उनके साथ पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारनिया भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि सड़क सुरक्षा पॉलिसी के तहत विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई हैं। सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन तत्परता से करें। उन्होंने कहा कि सड़क मार्गों के दोनों ओर अतिक्रमण हटवाए जाएं। बार-बार अतिक्रमण कर रोड बाधित करने वालों की एफआईआर करवाई जाए। सड़क मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे वाहनों के आवागमन के साथ जाम की समस्याएं होती हैं और दुर्घटना की संभावना से जान-माल का खतरा बना रहता है। सड़कों पर साइन बोर्ड लगाए जाएं तथा अभी सर्दी के मौसम को देखते हुए सभी मुख्य मार्गों व ब्रेकर्स पर सफेद पट्टिकाएं जरूर लगाई जाएं। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर सभी वाहनों पर रिफलेक्टर टैप लगाएं। अडबर चौक पर लालबती की वर्किंग जल्द शुरू करवाई जाए। नूंह शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगवाने की कार्यवाही जल्द करें। ये सीसीटीवी कैमरे पेट्रोल पंप, ज्वैलरी शॉप, मॉल, मैरिज हॉल आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर अवश्य लगने चाहिए। इसके अलावा जिला में जिन चौक-चौराहों पर लाल बत्ती लगाई जानी प्रस्तावित है, पुलिस विभाग उसकी रिपोर्ट बनाकर संबंधित विभागों को जल्द सौंपे। उन्होंने कहा कि अगर किसी चौक-चौराहे पर कोई मोड़ है तो वहां साइन बोर्ड व ब्रेकर अवश्य होने चाहिए। समय-समय पर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते रहें तथा उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों की अनुपालना के लिए प्रेरित करते रहें। संबंधित क्षेत्र के एसडीएम भी सड़क सुरक्षा के संबंध में अपने क्षेत्र में उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# नूंह में फलों की खेती पर बागवानी विभाग और किसानों का फोकस

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**बागवानी** विभाग का प्रयास है कि जिले में फलों की खेती को बढ़ाया जाए। नूंह जिले के मार्केट में फलों से लदी रेहड़ियों की तो भरमार है, लेकिन इस जिले में फलों की पैदावार कम है। जिला बागवानी अधिकारी डॉक्टर दीन मोहम्मद ने बताया कि अमरुद, अनार, पपीता, मौसमी, नींबू, की खेती पर सरकार सब्सिडी देती है।

उन्होंने बताया कि प्रति एकड़ 50000 रुपए की सब्सिडी दी जाती है। अगर कोई किसान मेरा पानी - मेरी विरासत स्कीम के तहत चेंज करके फलों की खेती करता है तो उसको यह राशि दी जाती है। अगर कोई बिना मेरा पानी - मेरी विरासत स्कीम के फलों की खेती करता है तो उसकी तीन टर्म में 43000 की सब्सिडी जाती है। सबसे पहले 23000 तथा दूसरी - तीसरी बार 10 -10 हजार रुपए की राशि दी जाती है। उन्होंने कहा कि अनार, मौसमी, किन्नू, बेर, अमरुद, खजूर, पपीता इत्यादि की खेती पर बागवानी विभाग सब्सिडी देता है, लेकिन अंजीर वगैरह की खेती पर सब्सिडी नहीं है और ना ही बागवानी विभाग किसानों को अंजीर लगाने की सलाह देता है। लेकिन बावजूद इसके किसान खजूर, अंजीर इत्यादि की खेती लगाकर नए प्रयोग कर रहे हैं। उनकी कोशिश है कि यह जमीन इन फसलों के लिए कितने उपयोगी हैं। नूंह जिले के मांडीखेड़ा गांव में किसान, जामुन, आंवला, बेर, अमरुद, चीकू, अनार इत्यादि के साथ-साथ अंजीर की भी खेती कर रहा है। किसान का मानना है कि यहां की खेती इन फलों की खेती के लिए बेहद उपयोगी है। इन फलों को न केवल खाने-पीने में इस्तेमाल किया जा रहा है अगर जरूरत पड़ती है तो बेचा भी जा रहा है। उनका कहना है कि किसी मदर प्लांट की तरह इन फलों के पौधों को तैयार कर रहे हैं ताकि अच्छी वैरायटी व क्वालिटी तैयार करके न केवल किसानों की आमद को बढ़ाया जाए बल्कि इस भूमि में भी फलों की खेतीकर इतिहास कायम किया जा सके।



जिला बागवानी अधिकारी डॉक्टर दीन मोहम्मद।

# दबंगों ने तोड़फोड़ कर वाहन को किया क्षतिग्रस्त

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**विरोध करने पर मारपीट व जाति सूचक शब्द प्रयोग कर किया अपमानित**

**एसडीएम की यूरिया खाद को लेकर की गई छापेमारी से आक्रोशित थे दबंग, चार के विरुद्ध केस**

**उपमंडल** के गांव रंगाला में दबंगों द्वारा जानबूझकर खड़ी गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर मारपीट करते हुए जाति सूचक शब्द प्रयोग कर अपमानित भी किया गया। दावा है कि कुछ दिन पहले गांव में एसडीएम द्वारा एक गोदाम में छापेमारी कर भारी मात्रा में यूरिया खाद पकड़ा था। आरोपी पीड़ित पक्ष को छापेमारी के लिए जिम्मेदार मान रहे थे। जिसकी रंजिश में दबंगों ने पहले पीड़ितों के एक वाहन को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया तो विरोध करने पर मारपीट की। मामले पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता महिला चमेली देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीते दो दिसंबर को बेटा गांव में ही एक लगन कार्यक्रम में अपनी गाड़ी से पहुंचा था। कार्यक्रम से निकलने के बाद गाड़ी क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली। जिसकी सूचना पुलिस को देते हुए वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। जिसकी फुटेज में कुछ युवक गाड़ी तोड़फोड़ करते हुए नजर आए। उन्होंने पहचान कर आरोपी युवकों के परिजनों से शिकायत तो महिला से दुर्व्यवहार व गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चोटिल कर दिया। पीड़िता महिला का कहना है कि दबंग उनके बेटे को जान से मारने की साजिश रच रहे हैं। इसके अलावा आरोप है कि उपरोक्त दबंग अवैध रूप से यूरिया खाद की भिवाड़ी राजस्थान की एक फैक्ट्री में तस्करी करते हैं।

कुछ दिन पहले एसडीएम ने दबंगों के गोदाम में छापेमारी कर चौदह हजार यूरिया खाद का स्टॉक पकड़ा था। छापेमारी का दोष भी उनके बेटे पर ही मढ़ा था। इसी दौरान दबंगों ने बेटे से रंजिश बनाई हुई थी। जब कार को छतिग्रस्त करने का विरोध किया तो पहले जाति सूचक शब्द प्रयोग कर अपमानित किया फिर जान से मारने की धमकी दी। सदर थाना पुलिस ने गांव रंगाला के रहने वाले आरोपी प्रहलाद,रतन,सुभाष और हिमांशु के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# परिवार पहचान पत्र से पारदर्शी तरीके से मिल रहा योजनाओं का लाभ : जान मोहम्मद



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**विकसित भारत-संकल्प यात्रा से योजनाओं का लाभ उठाकर लाभान्वित हो रहे पात्र**

**विभागों ने स्टॉल लगाकर लाभार्थियों को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी**

**विकसित** भारत-संकल्प यात्रा एवं जनसंवाद कार्यक्रमों की कड़ी में बुधवार को जिला के खंड तावडू के गांव छारोड़ा, खंड नूंह के गांव बड़का अलीमुद्दीन, खंड इंडरी के गांव कुतबगढ़ व खानपुर घाटी, खंड पिनंगवा के गांव फलैंडी, खंड पुन्हाना के गांव जाढ़ोली, खंड नगीना के गांव रानिका, खंड फिरोजपुर झिरका के गांव अहमदबास में यात्रा पहुंची, जहां पर ग्रामीणों व मुख्यातिथियों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया और इसे सरकार की जनहित में अनूठी पहल बताया। इस यात्रा में चल रही एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर अंत्योदय पर आधारित योजनाओं का लाभ आमजन को दिया।

खंड पिनंगवा के गांव फलैंडी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद के अध्यक्ष जान मोहम्मद ने ग्रामीणों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ दिलाई। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन करते हुए लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लाभार्थियों ने मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से अपने-अपने अनुभव सांझा किए। यात्रा के दौरान जान मोहम्मद ने ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य हरेक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडना है।

पिछले साढ़े 9 सालों में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और 9 सालों में हरियाणा की मनोहर लाल सरकार की जो भी योजनाएं बनी हैं, यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना है। परिवार पहचान पत्र ने प्रदेशवासियों को अलग पहचान दिलाई है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी व आसान तरीके से मिल रहा है।

# नप के कार्यकारी अधिकारी का पोर्टल चालू होने के साथ विकास कार्य शुरू

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों की जानकारी अब ऑनलाइन मिलनी शुरू हो गई है। परिषद कार्यकारी अधिकारी का पिछले चार माह से बंद पोर्टल चालू हो गया है। पोर्टल चालू के साथ ही ईओ ने पारित हुए विकास कार्यों को मंजूरी के लिए डीएमसी के पास भेजने की कवायद शुरू कर दी है। नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी के आवागमन से पोर्टल पिछले चार माह से बंद होने से विकास कार्य ठप पड़े हुए थे। विकास कार्य वार्डों में होने से पार्षद परिषद की होने वाली सदन की बैठकों में विकास कार्य होने के मुद्दे को उठाते रहे है। इतना ही नहीं पार्षदों ने एकजुट होकर अधिकारियों के साथ कई बार बैठके भी गई। लेकिन कार्यकारी अधिकारी के पद पर स्थाई नियुक्ति न होने के कारण बंद पोर्टलू चालू नहीं हो सका। विकास कार्यों की जानकारी ऑनलाइन होने और उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने के लिए पोर्टल चालू होना था।

**चार माह के बाद चालू हुआ पोर्टल :** करीब डेढ माह पहले नगर परिषद का कार्यकारी अधिकार के पद पर रेवाड़ी परिषद से संदीप मलिक को कार्यवाहक जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यवाहक अधिकारी ने पोर्टल को अथक प्रयासों के चलते पोर्टल को चालू करने के साथ की विकास कार्यों को हरी झंडी दे दी है।

**80 के लगभग विकास कार्यों को मजूरी :** जुलाई माह में डीएमसी ने नगर परिषद के 117 विकास कार्यों के विकास प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी थी। जिसमें से एक्सइएन और उनकी टीम ने करीब 80 विकास कार्यों को टेंडर लगाते हुए ठेकेदारों को सौंप दिए थे। लेकिन उक्त छोड़े गए विकास कार्यों को परिषद के कार्यकारी अधिकारी की मंजूरी मिलना जरुरी था। जिसके कारण टेंडर छोड़े जाने के बाद भी विकास कार्य शुरु नहीं हो सके थे।



सोहना नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संदीप मलिक पोर्टल चालू होने पर विकास कार्यों की फाइल अधिकारियों को मंजूरी के लिए भेजते हुए।

> “**विकास** के कार्यों को पोर्टल चालू होने के साथ ही मंजूरी देना शुरु कर दिया है। डीएमसी से वापस आए विकास कार्यों को फ्रि से मंजूरी के लिए भेजा दिया है। करीब एक सप्ताह में विकास कार्यों को डीएमसी की मंजूरी मिलने पर चालू हो जाएंगे।
>
> **( संदीप मलिक-ईओ नगर परिषद सोहना )**

# साइबर ठगी होने पर 1930 डायल कर करें शिकायत

**पुलिस ने राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में लोगों को किया जागरूक, यातायात के नियम भी बताए**

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**साइबर** अपराधों के बढ़ते मामलों को लेकर बुधवार को नूंह पुलिस द्वारा नूंह शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल नूंह में साईबर राहगिरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें स्कूली बच्चों / स्कूल स्टाफ व आम लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों व लोगों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने व नशे से दूर रहने बारे भी जागरूक किया गया।

निरीक्षक विमल राय प्रबंधक थाना साइबर क्राइम नूंह ने स्कूली बच्चों व लोगों को जागरुक करते हुये कहा कि आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है । आए दिन नए-नए तरीकों से लोगों को ठगा जा रहा है। इन्हें रोकने के लिए जागरूक होने की जरूरत है। सभी को समझना होगा कि साइबर अपराध करने वाले लोग बडे ही चालाक किस्म के होते हैं, जिनसे सभी को बचना होगा । वैसे जिला नूंह में साइबर क्राईम थाना और साइबर हेल्प डेस्क गठित है, जो काम कर रही है। इसके लिए बड़े सोशल प्लेटफॉर्म को सावधानी और सतर्कता के साथ प्रयोग करना जरूरी है । आज जिस तरह से अपराधियों के द्वारा साइबर अपराध को अपराध का एक सशक्त माध्यम बनाकर प्रयोग किया जा रहा है। उससे बचने के लिए लोगों को स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करना होगा।

**इंटरनेट बैंकिंग, ऑनलाइन फ्राड, यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी से बचने के दिए टिप्स:** उन्होंने सभी को फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, ओटीपी व फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्रॉड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी । फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में लोगों को जागरूक रहने के लिए कहा गया। सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमैट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, सोशल मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी कॉल, अनजान व्हाट्सएप वीडियो कॉल, ऑनलाइन लोन देने वाले ऐप, सोशल मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई संबंधी फ्राड के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त उपस्थित स्कूली बच्चों व लोगों को नशे से दूर रहने व ट्रैफिक नियमों की पालना करने का भी संदेश दिया और कहा कि नशा तस्करों के बारे में बेखौफ होकर नूंह पुलिस को सूचना दें तथा जिला नूंह को नशा मुक्त करने में नूंह पुलिस का सहयोग करें। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप-निरीक्षक अजय, सहायक उप-निरीक्षक सुरेश कुमार, सिपाही मनोज कुमार व अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**सार्वजिनक सूचना**

मैं, हसन मौहम्मद पुत्र स्वर्गीय श्री रोजदार खान पुत्र श्री अमीर निवासी सराय खटैला तहसील होडल जिला पलवल। आम जनता को सूचित करता हूं, कि मेरे पिता श्री रोजदार खान पुत्र श्री अमीर की मृत्यू 17.06.2009 को हो चुकी है, जिनके वारिसान निम्नलिखित है। 1. आबिद पुत्र रोजदार खान (8319 2008 2832) 2. अतिकुर पुत्र रोजदार खान (9370 7291 6081) 3. इमामुद्दीन पुत्र रोजदार खान (6286 7716 7032) 4. हसन मोहम्मद (स्वयं) पुत्र रोजदार खान (6465 4964 9775) 5. हारून खान पुत्र रोजदार खान (8494 1923 9841) उपरोक्त वारिसान है इनके अलावा कोई वारिसान नहीं है। तहसीलदार पलवल से भी वारिसान से सम्बन्धित शपथ पत्र नगर परिषद पलवल को सत्यापित कराकर दे रखा हैं अगर किसी को कोई इस बारे एतराज हो तो 15 दिन के अन्दर-अन्दर नगर परिषद पलवल में एतराज दे सकता हैं इस समय के बाद कोई एतराज मान्य नहीं होगा।

06.12.2023
पलवल

सूचनाकर्ता
हसन मौहम्मद पुत्र स्वगीय श्री रोजदार खान

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# संसद का शीत सत्र
## हंगामी शुरुआत

**संसद** के शीत सत्र की हंगामी शुरुआत हुई है, जिसमें कई प्रमुख विधेयकों के मंजूर होने की आशा है। भारतीय जनता पार्टी-भाजपा हालिया विधानसभा चुनावों में विजयों से उत्साहित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आशा प्रकट की है कि विपक्ष अपनी हार की कड़वाहट सदन में नहीं घोलेगा। उन्होंने विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील की है। भाजपा शीत सत्र में दोनों सदनों में आक्रामक कांग्रेस से मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। यह सत्र खासकर कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह चुनावों में पराजय के बाद अपनी छवि सुधारने तथा विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में वर्चस्व बनाए रखने का प्रयास कर रही है। चूंकि यह संसदीय चुनाव से पहले अंतिम सत्र से पहले वाला सत्र है, इसलिये सरकार इसमें यथासंभव अधिकाधिक विधेयकों को मंजूर कराना चाहती है। वर्तमान संसद का अंतिम सत्र बजट सत्र होगा और उसमें मुख्यत: लोकसभा चुनाव तथा बजट पर ध्यान केन्द्रित होगा। इस सत्र ने महत्वपूर्ण चर्चाओं और बहसों के लिए मंच सजा दिया है जो लोकसभा चुनाव के बाद देश का विधायी परिदृश्य निर्धारित करेंगी। 22 दिसंबर को समाप्त होने वाले वर्तमान शीत सत्र के हंगामी होने की आशा है। इसमें बदले हुए राजनीतिक परिवेश में 21 विधेयकों पर विचार का समग्र एजेंडा रखा गया है। लोकसभा की 'इथिक्स कमेटी' ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की 'सवालों के लिए नकद' शिकायत पर सदस्यता समाप्त करने की संस्तुति की है जिसे सदन में इस सत्र में रखा जाएगा। इस पर हंगामा स्वाभाविक है। हालांकि, इसे सोमवार को भोजनावकाश के पहले उस दिन के एजेंडे में पांचवें स्थान पर होने के बावजूद नहीं



रखा गया, जिससे विपक्षी दलों को अनुमान लगाने के अवसर मिले। कांग्रेस ने संसदीय समितियों के कामकाज पर चिन्ता जताते हुए नियमों एवं प्रक्रियाओं की समीक्षा का अनुरोध किया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि महुआ मोइत्रा प्रकरण में आगे क्या होता है।

शीत सत्र का एक मुख्य विधायी बिंदु भारतीय दंड संहिता-आईपीसी, दंड प्रक्रिया संहिता-सीआरपीसी तथा भारतीय साक्ष्य कानून का स्थान लेने वाले तीन विधेयक होंगे। यह विधिक ढांचे में एक बड़े परिवर्तन का संकेत हैं जिन पर दोनों सदनों में तीखी बहस की उम्मीद है। एक और विवादास्पद मुद्दा मुख्य निर्वाचन आयुक्त-सीईसी व निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी विधेयक है। आशंका है कि विपक्षी सांसद इस विधेयक का घोर विरोध करेंगे। संसदीय कामकाज की सूची में 19 विधायी कार्य तथा दो वित्त विधेयक हैं। इसके साथ ही सत्र में 2023-24 की पूरक अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, उन पर चर्चा और मतदान होगा। इसके अलावा 2020-21 के अतिरिक्त अनुपूरक अनुदानों का प्रस्तुतीकरण, चर्चा तथा संबंधित विनियोग विधेयक को स्वीकार किया जाएगा। एजेंडे में अनेक विधेयकों के शामिल होने तथा उन पर होने वाली संभावित राजनीति के चलते यह सत्र राजग सरकार के विधायी एजेंडे तथा विपक्षी दृढ़ता की कठोर परीक्षा लेगा। देश की जनता इस संसदीय सत्र की कार्यवाहियों पर कड़ी नजर रखेगी क्योंकि उसके द्वारा चुने नीति-निर्माता अनेक ऐसे मुद्दों पर विचार करेंगे जिनसे देश का विधिक एवं राजनीतिक परिदृश्य निर्धारित होगा। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या संसद के शीत सत्र में कामकाज सुचारु ढंग से चलेगा अथवा यह बहिर्गमन व शोरशराबे का शिकार बन जाएगा? यदि संसदीय सत्र के कामकाज में बाधा आती है तो यह सामान्य रूप से पूरे देश का तथा खासतौर से लोकतंत्र का नुकसान होगा।

# सही मुख्यमंत्रियों की तलाश

हालिया राज्य विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद अब अनुमान लगाए जा रहे हैं कि इन राज्यों में नए मुख्यमंत्री कौन होंगे। भाजपा और कांग्रेस दोनों इस बारे में विचार-विमर्श कर रही हैं।




**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




पांच राज्यों के हालिया विधानसभा चुनाव परिणाम आने के पहले एक्ज़िट पोल इन राज्यों में कांटे की टक्कर का अनुमान लगा रहे थे। अधिकांश एक्जिट पोलों ने कांग्रेस और भाजपा की दो-दो राज्यों में विजय का अनुमान लगाया था। लेकिन राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कठोर संघर्ष के बाद कांग्रेस पार्टी केवल तेलंगाना में चुनाव जीतने में सफल हुई। इसके उलट भाजपा ने न केवल मध्य प्रदेश में अपनी सरकार बनाए रखने, बल्कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस से सत्ता छीनने में सफलता प्राप्त की है। हालिया परिदृश्य पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि कठोर दलबदल-विरोधी कानूनों के बावजूद विधायकों को भारी मात्रा में धनराशि व अन्य प्रलोभनों से ललचाने का काम जारी था। इसके परिणामस्वरूप वे पालाबदल करने में सफल होते थे और उत्तर भारत में जीती हुई पार्टी की सरकारें गिर सकती थीं। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार के साथ ऐसा ही हुआ था। लेकिन इसके बावजूद भाजपा को दक्षिण भारत में पैर जमाने में कठिनाई हो रही थी। हालांकि, हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा की चुनावी रणनीति सफल रही है। इस रणनीति के चलते वह अपने समर्थकों को एकजुट रखने तथा आंतरिक विरोध न्यूनतम करने में सफल रही है। इसी रणनीति के अंतर्गत उसने अपने कई सांसदों को उम्मीदवारों के रूप में मैदान में उतार दिया था। इससे पार्टी में भीतरी तोड़फोड़ रोकने और समर्थकों को एकजुट करने में सफलता मिली।

कांग्रेस को अपने मजबूत स्थानीय नेतृत्व के कारण तेलंगाना में लाभ मिला और वह यहां चुनाव जीतने में सफल हुई। कांग्रेस पार्टी को दूसरी पार्टियों के अनेक नेताओं को साथ लाने में भी भारी सफलता मिली क्योंकि वे कांग्रेस को बेहतर विकल्प के रूप में देख रहे थे। यह स्थिति खासकर कांग्रेस की कर्नाटक में विजय के बाद बनी थी। खासकर तेलंगाना में कांग्रेस को इसलिए भारी सफलता मिली क्योंकि मतदाता इसे सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र दल-बीआरएस को हराने में सक्षम शक्ति की तरह देख रहे थे। इससे बड़ी संख्या में मतदाता बीआरएस का साथ छोड़ कर कांग्रेस के पक्ष में आ गए। यह तथ्य खासतौर से उल्लेखनीय है कि भाजपा और कांग्रेस ने चुनाव के पहले अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की थी। अब विधानसभा चुनाव परिणाम आ जाने के बाद कांग्रेस और भाजपा को तय करना होगा कि वे स्थापित नेताओं को स्थान देंगे या नए नेताओं की तलाश करेंगे। तेलंगाना में कांग्रेस को तय करना होगा कि वह रेवंत रेड्डी को मुख्यमंत्री बनाए या इस पद पर किसी नए चेहरे को लाए।

कांग्रेस और भाजपा के पास मुख्यमंत्री पद के उपयुक्त अनेक संभावित उम्मीदवार हैं। ऐसे में मुख्य सवाल यह है कि दोनों पार्टियां इन महत्वपूर्ण राज्यों में मुख्यमंत्री पद किसे सौंपती हैं। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भाजपा पुराने नेताओं के स्थान पर नए नेता लाने की इच्छुक है। इसे देखते हुए वह राजस्थान में वसुंधरा राजे सिंधिया, मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान तथा छत्तीसगढ़ में रमन सिंह के स्थान पर नए नेताओं को पद देने का प्रयास कर सकती है। वसुंधरा राजे कई बार मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। इसी प्रकार मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान बीच का कुछ समय छोड़ कर मुख्यमंत्री के रूप में चार कार्यकाल पूरे कर चुके हैं। छत्तीसगढ़ में रमन सिंह भी भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में तीन कार्यकाल का समय पूरी करने के बाद पिछले चुनाव में हार गए थे। मुख्यमंत्री पद के लिए नए उम्मीदवार चुनते समय उनकी जाति का ध्यान रखना भी जरूरी होगा। सफल राजनीति के लिए विभिन्न जातियों का सही मिश्रण बनाना जरूरी है और ऐसे में सत्ता को केवल राजपूतों या सवर्ण हिंदू जातियों तक सीमित रखना शायद संभव नहीं होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री पद पर लाए जाने वाले संभावित नए नेताओं की क्षमता पर भी गौर करना होगा। हालांकि, राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा ने इस बार मुख्यमंत्री उम्मीदवार का कोई चेहरा मतदाताओं के समक्ष नहीं रखा था और तीनों राज्यों में चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर लड़े गए थे। लेकिन इसके बावजूद अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीनों राज्यों में उपयुक्त मुख्यमंत्री चाहते हैं जो 2024 के लोकसभा चुनाव में इन राज्यों की अधिकांश लोकसभा सीटें भाजपा के खाते में डाल सकें। प्रधानमंत्री मोदी लगातार तीसरी बार 2024 में लोकसभा चुनाव जीतने के लिए हर कदम फूंक-फूंक कर रख रहे हैं और इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री का चयन इस दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

मध्य प्रदेश की स्थिति पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले शिवराज सिंह चौहान अभी इस पद पर बने रहने के इच्छुक हैं। मध्य प्रदेश में हुए एक आयोजन में शिवराज सिंह चौहान ने जनता से इस बारे में राय भी मांगी थी कि उनको निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री के पद पर बने रहना चाहिए या नहीं। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के लिए अनेक संभावित उम्मीदवार हैं। इनमें तीन केन्द्रीय मंत्री-नरेन्द्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रह्लाद पटेल शामिल हैं। इनके साथ ही भाजपा के पास अनेक अन्य विकल्प भी हैं जिनमें पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय तथा केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया को इसलिए संभावित मुख्यमंत्री उम्मीदवार माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने अपने साथियों के साथ कांग्रेस से विद्रोह कर कमलनाथ सरकार गिराई थी। इसी प्रकार राजस्थान में भी मुख्यमंत्री पद के अनेक संभावित उम्मीदवार हैं। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया के साथ केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव व अश्विनी वैष्णव तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला शामिल हैं। इसके साथ ही मंत्री अर्जुन मेघवाल व महंत बालकनाथ भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं। राज्यवर्धन सिंह राठौर एक राजपूत हैं और कई बार कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। सतीश पुनिया उस समय राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष थे जब पार्टी सत्ता में नहीं थी। हालांकि, 2023 की शुरुआत में दो बार सांसद रह चुके ब्राह्मण सीपी जोशी को पुनिया के स्थान पर राज्य भाजपा का अध्यक्ष बनाया गया था। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत नई पीढ़ी के भाजपा नेता हैं और वे भी राजस्थान के संभावित मुख्यमंत्री उम्मीदवार हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ में भी पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। बीएएमएस डाक्टर रमन सिंह 2018 तक 15 साल छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वे राज्य में पार्टी के सर्वाधिक लोकप्रिय चेहरा हैं। 2003 में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री बनने के पहले वे केन्द्रीय मंत्री थे। लेकिन उनको पिछले पांच साल से हाशिए पर रखा गया है। विष्णु देव साव भी मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। उनकी छवि स्वच्छ है और वे आरएसएस परिवार से संबद्ध हैं। प्रमुख आदिवासी नेता और केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह भरतपुर-सोनहाट क्षेत्र से सांसद हैं और वे भी विकल्प हो सकती हैं।

कांग्रेस को तेलंगाना में ऐसा नेता चुनना चाहिए जो पार्टी को एकजुट रख सके। बीआरएस नेता के. चंद्रशेखर राव दूसरी पार्टियों के नेताओं को ललचाने में माहिर माने जाते हैं। ऐतिहासिक रूप से कांग्रेस अपने नेताओं को एकजुट रखने में विफल रही है। इसके प्रमाण गोवा, कर्नाटक व अन्य राज्यों में देखने को मिले हैं। तेलंगाना में रेवंत रेड्डी सर्वाधिक संभावित उम्मीदवार हैं। वे सबसे तेजतर्रार नेताओं में शामिल हैं और पार्टी के भीतर कामकाज की शैली को लेकर होने वाली आलोचना के बावजूद उनको कांग्रेस नेतृत्व का पूर्ण समर्थन प्राप्त है। उन्होंने छात्र के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत एबीवीपी से की थी और फिर ऊंचाइयों तक पहुंचे। रेड्डी के समक्ष अनेक चुनौतियां हैं जिनमें 2024 में लोकसभा की अधिकाधिक सीटें जीतना शामिल है। लेकिन उनके लिए पार्टी को एकजुट रखना ज्यादा महत्वपूर्ण होगा। हालिया वर्षों में दलबदल से अस्थिरता पैदा होने की अनेक घटनायें सामने आई हैं जो सरकार गठन के बाद फौरन शुरू हो जाती हैं। कठोर दलबदल-विरोधी कानूनों के बावजूद विधायक भारी मात्रा में पैसा लेकर पाला बदलते रहे हैं जिससे विजेता पार्टी सरकार गिर सकती है। भाजपा विधानसभा चुनावों में अपनी विजय से उत्साहित है और 2024 चुनाव की रणनीति बनाने लगी है। विपक्षी समूह 'इंडिया' में अभी भाजपा की भारी विजय के बाद प्रतिबद्धता नहीं दिख रही है।

# जलवायु परिवर्तन : चुनौतियां और कॉप28




**विवेक सक्सेना**
(लेखक, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में महानिदेशक हैं)


जलवायु परिवर्तन और उसके दुष्प्रभावों से पूरी दुनिया चिंतित है। जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं ने राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर सभी पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक विचार-विमर्श में केंद्र स्तर हासिल कर लिया है। इसी क्रम में एक बार फिर 30 नवंबर से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में शुरू हुए जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) से संबंधित सीओपी (कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज) के 28वें सत्र के दौरान 190 से ज्यादा देश विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। इस सम्मेलन में दुनिया भर के देश जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा कर रहे हैं और वैश्विक मंथन के साथ-साथ पिछले सम्मेलनों में लिए गए निर्णयों में हुई प्रगति की समीक्षा भी कर रहे हैं। भारत ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए हाल के वर्षों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई ठोस पहल की हैं। इस आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए, भारत सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने अक्टूबर 2023 में ग्रीन क्रेडिट योजना (जीसीपी) और नियमों को अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति और समुदाय को स्वस्थ और पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना है मैत्रीपूर्ण जीवनशैली।

ग्रीन क्रेडिट योजना की अवधारणा पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल परिस्थितियों से लाभ उठाने की एक बहुत ही सरल प्रक्रिया पर आधारित होगी। इसलिए, आम लोगों, सामुदायिक संगठनों, उद्योगों और निगमों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (जीसीपी) के तहत पर्यावरण-सकारात्मक कार्यों को अपनाने और समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह कार्यक्रम भारत को राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने में भी सक्षम बनाएगा। ), यूएनएफसीसीसी को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न हितधारकों के स्वैच्छिक पर्यावरणीय कार्यों के लिए प्रोत्साहन की परिकल्पना की गई है। वर्तमान में वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण संबंधी गतिविधियों के लिए दिशा-निर्देश एवं नियम अधिसूचित किये गये हैं। सतत



कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन, वायु प्रदूषण में कमी, मैंग्रोव संरक्षण और बहाली, निर्माताओं द्वारा इकोमार्क-आधारित व्यापार, सतत भवन और बुनियादी ढांचा अन्य क्षेत्र हैं जिन्हें वित्तीय प्रोत्साहन के लिए ग्रीन क्रेडिट प्रोग्राम (जीसीपी) के तहत भी शामिल किया जाएगा। इस योजना के तहत, विभिन्न हितधारकों को ग्रीन क्रेडिट का लाभ उठाने के लिए प्रतिस्पर्धी बाजार-आधारित व्यापार को प्रोत्साहित करके स्वेच्छा से पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की दृष्टि से सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करना है ताकि व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना किया जा सके। इसका उद्देश्य गतिविधि के अनुसार ऋण आवंटित करना और मापने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करना है। गतिविधि की प्रगति की पुष्टि करना और बड़े पैमाने पर जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और मिशन जीवन के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए पर्यावरण-सकारात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करना। यह पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली अपनाने और मूल्यों और नीतियों के आधार पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरा करने में भी सहायता करेगा। जीसीपी व्यक्तियों, किसान उत्पादक संघों, पर्यावरण-अनुकूल कृषि, उद्योगों, शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों, निजी क्षेत्र, उद्योगों, गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक संगठनों आदि को व्यापार योग्य ग्रीन क्रेडिट के रूप में पर्यावरण-अनुकूल सकारात्मक कार्यों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करेगा।

जिसके लिए कार्यक्रम के अंतर्गत बाजार आधारित प्रणाली की परिकल्पना की जा रही है। ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के अधिसूचित प्रारूप के अनुसार प्रमाणित ग्रीन क्रेडिट को कार्यक्रम प्रशासक द्वारा एक इकाई के रूप में सत्यापित किया जाएगा, जिसका लाभ बाजार के अनुसार निर्धारित किया जाएगा- आधारित मूल्यांकन. पात्र इकाई को ग्रीन क्रेडिट इकाइयां उत्पन्न करने के लिए पंजीकरण करना होगा। हरित ऋण की इकाइयों के रूप में पंजीकृत इकाइयों की गतिविधियों को प्रमाणित करने के लिए तृतीय-पक्ष प्रमाणीकरण की व्यवस्था होगी। इसके तहत, उपभोक्ता या समुदाय द्वारा ग्रीन क्रेडिट प्राप्त करने या खर्च करने की कोई भी गतिविधि बाजार-आधारित सत्यापन के अधीन है।

हरित ऋण की मात्रा और मूल्य अधिकृत एजेंसी द्वारा निर्धारित किया जाएगा और गतिविधि से जुड़े पर्यावरणीय सकारात्मक लाभों पर निर्धारित किया जाएगा। ग्रीन क्रेडिट की मात्रा और मूल्य केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और मानदंडों के अनुसार अधिकृत एजेंसी द्वारा निर्धारित की जाएगी। ग्रीन क्रेडिट को बढ़ावा देने से कई लाभ होंगे, जैसे हरित उद्योगों को बढ़ावा, और प्रदूषण नियंत्रण जो सुनिश्चित करेगा हवा और पानी की गुणवत्ता में सुधार और जैव विविधता की सुरक्षा। सामुदायिक और व्यक्तिगत तौर पर वृक्षारोपण की गति बढ़ेगी। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का भी समाधान किया जाएगा। ग्रीन क्रेडिट योजना प्रधान मंत्री मोदी द्वारा शुरू किए गए मिशन लाइफ के लक्ष्यों और उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एक नवीन और अनूठी पहल है। पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को समायोजित करके इस अनूठी पहल को वैश्विक स्तर पर अन्य देशों द्वारा भी अपनाया जा सकता है।

## आप की बात

### संसद में हंगामा

**संसद** के शीतकालीन सत्र में 16 से अधिक विधेयक पेश किए जाने हैं। यह विधेयक अत्यंत महत्वपूर्ण है। मगर हाल ही के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद कांग्रेस सहित समूचे विपक्ष द्वारा संसद की कार्यवाही में रोड़ा डालने के लिए पूरी मुस्तैदी से तैयार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पहले ही दिन कह दिया कि हार का गुस्सा संसद में नहीं निकले। मगर अभी तक का अनुभव यही बताता है कि इन सभी विधेयकों इन पर संसद में पर्याप्त बहस होने की गुंजाइश कम है। हालांकि, सत्ता पक्ष व विपक्ष में रचनात्मक दृष्टिकोण से इतने महत्वपूर्ण मुद्दों और विधेयकों पर विचार होना चाहिए ताकि उनमें उचित सुधार किया जा सके। यदि ऐसा नहीं होता है तो बिना बहस के यह विधेयक पारित हो जाएंगे। ऐसे में सवाल उठता है कि जनता द्वारा सदन में भेजे विपक्षी सदस्यों क्या उपयोगिता है? इन तीन राज्यों की हार के बाद कांग्रेस सहित विपक्षी इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को सकारात्मक राजनीति करना चाहिए और अपनी तर्कसंगत बहस से चर्चा में भाग लेकर जनता के दिल पर अपना प्रभाव छोड़ना चाहिए। जनता ने बता दिया है कि अब केवल मुफ्त की रेवड़ियों का लालच देने से ही राज्यों या केन्द्र में सत्ता नहीं मिलने वाली है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महिलाओं का समर्थन

**मध्य प्रदेश**, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने में महिलाओं का विशेष हाथ है। भाजपा के पक्ष में युवाओं और बुजर्गों ने तो बढ़चढ़ कर वोट डाले, साथ ही महिलाओं ने भी भाजपा को तकरीबन 50 फीसदी मतदान किया। ध्यान देने वाली बात है कि लंबे समय तक नेताओं का महिलाओं की तरफ कोई खास ध्यान नही था। इंदिरा गांधी ने महिलाओं को हर क्षेत्र में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद भाजपा ने पिछड़ी व दलित महिलाओं को अहमियत देनी शुरू की और उनके हित के लिए विभिन्न योजनाओं को शुरू किया। जिसके चलते उन्हें 2014 और 2019 में सत्ता भी मिल गई। भाजपा द्वारा शुरू जनधन योजना के तहत महिलाओं को अहसास दिलाया गया कि उनके पास भी पैसे हैं। इससे उन्हें सुरक्षित, स्वाभिमानी और पहले से बेहतर जिंदगी का अहसास हुआ। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई लाड़ली बहिना योजना के चलते भाजपा को उम्मीद से कहीं ज्यादा वोट और सीटें भी मिली। महिलाओं के समर्थन से किसी भी राजनीतिक दल का कल्याण हो सकता है।

– **निधि जैन,** गाजियाबाद

### पराजय से सबक

**अमेरिकी** राष्ट्रपति कैनेडी ने कहा था कि जीत के सौ बाप होते हैं और हार अनाथ होती है। यह कथन मौजूदा भारतीय सन्दर्भ में बिलकुल फिट है। रविवार को हुई मतगणना से देश की मुख्य विपक्षी कांग्रेस पार्टी भी बिलकुल अनाथ जैसी हो गयी है। कुछ विशेषज्ञ इस परिणाम को 2024 का सेमीफाइनल मानते हुए बीजेपी को 400 से ज्यादा लोकसभा सीट देने की बात करने लगे हैं। अभी से ऐसी भविष्यवाणी ठीक नहीं होगी। यह चुनाव 28 विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के लिए अंतिम बार गंभीरता से अपने भविष्य के बारे में सोचने का अवसर है। गठबंधन ने राज्यों के चुनाव में न उतर कर भारी भूल की है। इन राज्यों के चुनावों में आप, सपा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ व भारत आदिवासी पार्टी आदि को अपने साथ लेना चाहिए था। इसकी शुरुआत होने पर शायद परिणाम कांग्रेस के लिए उतना बुरा नहीं होता। देखना होगा कि अब इंडिया गठबंधन किस दिशा में चलता है। कांग्रेस को अब हर क्षेत्रीय पार्टी को समुचित अवसर देना होगा, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी केवल क्षेत्रीय दलों के कल्याण हेतु अपना बलिदान नहीं दे सकती है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### मतों का महत्व

**शाजापुर** से भाजपा उम्मीदवार ने केवल 28 वोट से जीत हासिल की। बहुत कम वोटों से हार-जीत के अनेक उदाहरण हैं। ऐसे में जनता को अपने मतों का महत्व पहचानना चाहिए। प्रत्येक मतदाता को अपने मतदान का फर्ज पूरा करना चाहिए। दुखद है कि ग्रामीण क्षेत्र के मुकाबले शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहा है। पढ़े-लिखे शहर वासियों को आत्म मंथन की जरूरत है। लेकिन इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों को मतदान प्रक्रिया अधिकाधिक सहज, सुलभ व गतिशील बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। आधुनिक डिजिटल युग में जब कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से लाखों रुपयों का लेन-देन कर सकता है तथा दुनिया में कहीं से भी संपर्क कर सकता है तो वह इतनी आसानी से मतदान क्यों नहीं कर सकता है? अनिवासी भारतीय नागरिकों को भी डिजिटल माध्यम से मतदान की सुविधा मिलनी चाहिए। अमेरिका की तरह डाक से मतदान की सुविधा से हम बिना लाइनों के शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने की ओर बढ़ सकते हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
pioneerhry@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# एसजीपीसी चुनाव से हरियाणा के आठ निर्वाचन क्षेत्र हटाने के लिए हाईकोर्ट में याचिका

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़




**शिरोमणि** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) चुनाव से हरियाणा में गठित निर्वाचन क्षेत्रों को हटाने की मांग को लेकर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। याचिका में दलील दी गई है कि हरियाणा के लिए अलग से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का गठन किया जा चुका है। ऐसे में प्रदेश के निर्वाचन क्षेत्रों को एसजीपीसी के निर्वाचन से बाहर किया जाना चाहिए। रजिस्ट्री में दाखिल की गई इस याचिका पर जल्द सुनवाई होगी।

अमृतसर निवासी बलदेव सिंह सिरसा ने याचिका दाखिल करते हुए 20 अप्रैल, 1996 की अधिसूचना और उसके बाद 17 सितंबर, 2009 की अधिसूचना को रद्द करने का निर्देश देने की मांग की है। याची ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा (प्रबंधन) अधिनियम 2014 प्रदेश में प्रभावी हो चुका है और इस पर सुप्रीम कोर्ट भी मुहर लगा चुका है। ऐसे में हरियाणा में मौजूद निर्वाचन क्षेत्रों को एसजीपीसी के चुनाव से हटाया जाए और चुनाव के लिए नए सिरे से निर्वाचन क्षेत्रों को अधिसूचित किया जाए। 20 अप्रैल, 1996 की अधिसूचना के माध्यम से सिख गुरुद्वारा अधिनियम 1925 की धारा 44 (1) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने 120 निर्वाचन क्षेत्रों को अधिसूचित किया था। इनमें से आठ निर्वाचन क्षेत्र हरियाणा राज्य से संबंधित हैं। हरियाणा के इन निर्वाचन क्षेत्रों में अंबाला (पंचकूला जिला सहित), यमुनानगर (नारायणगढ़ और बराड़ा तहसील सहित), कुरुक्षेत्र, करनाल (महम तहसील को छोड़कर पानीपत, सोनीपत और रोहतक सहित), कैथल (जींद, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद और रोहतक जिले की महम तहसील शामिल हैं), हिसार, सिरसा और सिरसा की डबवाली तहसील शामिल हैं। याचिकाकर्ता ने इन निर्वाचन क्षेत्रों को एसजीपीसी चुनाव के निर्वाचन क्षेत्रों की सूची से हटाने के निर्देश देने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि एसजीपीसी चुनावों की प्रक्रिया आज तक ठीक से शुरू नहीं हुई है, इसलिए केंद्र और अन्य अधिकारियों को हरियाणा के गुरुद्वारा चुनाव आयुक्त के परामर्श से तुरंत नए निर्वाचन क्षेत्रों को अधिसूचित करना चाहिए।

### याचिका पर जल्द सुनवाई होगी

## सामाजिक न्याय एवं समरसता के पक्षधर थे डॉ अंबेडकर : सुभाष कलसाना

**कुरुक्षेत्र।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस फाउंडेशन यूथ फाउंडेशन ने राजकीय माध्यमिक वरिष्ठ विद्यालय हरिपुर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस यूथ फाउंडेशन के सरंक्षक व सुभाष कलसाना मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने की।

मुख्य अतिथि सुभाष कलसाना और विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सुभाष कलसाना ने विद्यार्थियों से बाबा साहेब की जीवनी से सम्बंधित अनेको प्रश्न पूछे और सही जबाब देने वाले छात्र -छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहन दिया गया। सुभाष कलसाना ने कहा कि सामाजिक न्याय के अग्रदूत डॉ. भीमराव अंबेडकर ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां सबको समान अधिकार एवं नीति-निर्णय में समान भागीदारी मिले। उन्होंने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े लोगों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक एवं राजनैतिक उन्नति की कल्पना की थी।

# कांग्रेस विधानसभा सत्र में दो दर्जन मुद्दे उठाने को तैयार

### हुड्डा की सत्र अवधि बढ़ाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**बीजेपी**-जेजेपी सरकार के पास जनता के सवालों और सरकार की नाकामियों का कोई जवाब नहीं है। इसलिए वह सिर्फ तीन दिन का विधानसभा सत्र बुलाकर औपचारिकता मात्र पूरी कर रही है। जबकि कांग्रेस द्वारा 24 से ज्यादा मुद्दों पर स्थगन और ध्यान आकर्षण प्रस्ताव दिए गए हैं, जिन पर चर्चा के लिए लंबा समय चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बुधवार को यहां कांग्रेस विधायक दल की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। हुड्डा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि विधायकों ने बैठक में पांच राज्यों के चुनावी नतीजे पर मंथन किया। साथ ही आने वाले विधानसभा सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कांग्रेस विधायकों की तरफ से यमुनानगर और अंबाला में जहरीली शराब से हुई मौतों, किसानों के लंबित मुआवजे, उचाना में बच्चों के यौन शोषण, खनन घोटाले, कानून व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति, अस्पतालों में डॉक्टर व स्टाफ की कमी, बढ़ते भ्रष्टाचार, शिक्षा के गिरते स्तर, पंचायती जमीन, बढ़ते प्रदूषण, गुरुग्राम में प्रदूषित सिंचाई जल सप्लाई, खेल नीति में बदलाव जैसे मुद्दों पर स्थगन और ध्यानाकर्षक प्रस्ताव दिए जाएंगे।

इसके अलावा सीईटी, भर्तियों के पेपर लीक, वेटरनरी सर्जन भर्ती घोटाले, लटकी पड़ी भर्तियों, कौशल रोजगार निगम की कच्ची भर्तियों में आरक्षण की अनदेखी, फसलों के मुआवजा, धान व अन्य फसलों की एमएसपी पर खरीद ना होना, खाद और बीज की कमी, बढ़ते नशे, बेरोजगारी के चलते युवाओं के पलायन, पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारों के हनन, गरीब लोगों के बीपीएल कार्ड काटने, कृषि मंत्री के किसानों बारे शर्मनाक बयान, स्वास्थ्य मंत्री द्वारा अपने विभाग का काम छोड़ने समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए प्रस्ताव दिए जाएंगे।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पार्टी विधायकों द्वारा उठाए जाने वाला हर मुद्दा सीधे आम जनता से जुड़ा है। लेकिन हमेशा की तरह सरकार इनपर जवाबदेही से बचती हुई नजर आ रही है। अगर सरकार के पास इन तमाम नाकामियों का जवाब है तो उसे विधानसभा सत्र की अवधि को और बढ़ाना चाहिए। इस मांग को बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में भी पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा।

# भूख हड़ताल पर बैठे कर्मियों ने शहर में जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन



नगर निगम में हडताल के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

### नगर निगम से रेलवे स्टेशन तक प्रदर्शन करते हुए की नारेबाजी

**नगर** पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर निगम सोनीपत के इकाई के प्रधान भारत कंडेरा की अध्यक्षता तीसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी रही। रोष प्रदर्शन का नेतृत्व इकाई सचिव राजा भाई, संदीप तूर व राजीव खत्री ने संयुक्त रूप से किया।

कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नगर पालिका एवं अग्निशमन कर्मचारी के प्रति सरकार की बेरुखी, वायदा खिलाफी, तानाशाही व गुरुग्राम के सफाई कर्मचारियों सहित अन्य छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेने समझौते को लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। राजा भाई, संदीप तूर, कमलेश ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 29 अक्टूबर और 5 अप्रैल को संघ से वार्ता के दौरान दर्जनों मांगों पर सहमति जताई थी, लेकिन आज तक मानी गई मांगो के पत्र जारी नहीं किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर बच्चों को किया सम्मानित



बच्चों को सम्मानित करते ट्रस्ट के सदस्य।

**कुरुक्षेत्र।** महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षा विकास ट्रस्ट द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को याद किया गया। ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष तिलक राज नलवी सहित सभी ने सर्वप्रथम बाबा साहब को पुष्प अर्पित किए। राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द के बच्चों ने कविता, गीत और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। मंच का संचालन महिपाल और मीनाक्षी शर्मा ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम किरण कौर, नरेश कुमार व रमन कुमार की देखरेख में किया गया। ट्रस्ट की तरफ से होनहार बच्चों को मैडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित स्वीटी रंगा नलवी, क्लस्टर इंचार्ज प्रिंसिपल अंजू गुप्ता, सरपंच पति प्रदीप कुमार और ट्रस्ट के चेयरमैन मिहां सिंह रंगा ने विचार व्यक्त किए। सरपंच पति प्रदीप कुमार और समाज सेवी संदीप कुमार ने कहा कि ज्योतिबा फुले ट्रस्ट लड़कियों की शिक्षा के लिए स्वीटी रंगा के मार्गदर्शन में सराहनीय कार्य कर रहा है। ट्रस्ट ने बच्चों को प्रेरित कर उनको आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सुनील कुमार, मीनाक्षी शर्मा, महिपाल, नरेश कुमार, किरण कौर, सरोज बाला, मंजीत सिंह, रमन कुमार, बिमला देवी, नेहा देवी और अन्य गणमान्य सहित अनेक बच्चे मौजूद रहे।

### ज्योतिसर में 18 दिवसीय विश्व मंगल महायज्ञ का शुभारंभ



हवन यज्ञ में आहुति डालते यजमान।

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद भगवद गीता एक अलौकिक आध्यात्मिक ग्रन्थ है जिसमें नैतिक-नियम, ब्रह्म-विद्या, तत्व-विचार और योग शास्त्र निहित है। समस्त विश्व में गीता समस्त भारतीय दर्शन का निचोड़ मानी जाती है। श्रीमद भगवद गीता में कर्मशीलों का कर्तव्य बोध है, ज्ञानियों का ज्ञान है, योगियों का योग है, भक्तों की भक्ति है। गीता धर्म, नीतिशास्त्र एवं तत्व विज्ञान की व्याख्या करती है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने अंतराष्ट्रीय श्रीमद भगवद गीता जयंती समारोह 2023 के उपलक्ष्य मे मातृभूमि सेवा मिशन द्वारा गीता जन्मस्थली ज्योतिसर मे आयोजित अठारह दिवसीय विश्व मंगल महायज्ञ के शुभारम्भ अवसर पर व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. श्रीप्रकाश मिश्र एवं वैदिक ब्रह्मचारियों द्वारा शंख ध्वनि से हुआ। गीता के प्रथम अध्याय के श्लोको से यज्ञ में आहुति देकर वैदिक ब्रह्मचारियों द्वारा लोक मंगल एवं विश्व मंगल की प्रार्थना की गई। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा सपत्ति मुख्य यज्ञमान रहे। समाजसेवी धर्मपाल सैनी विशिष्ट अतिथि रहे।

# सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता जांची

### स्कूलों में जन जागरुकता बैनर एवं शिकायत बॉक्स लगवाने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** जालंधर



पंजाब स्टेट फूड कमिश्नर के मैंबर चेतन प्रकाश धालीवाल ने अपने जालंधर दौरे के दौरान सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एक्ट के तहत दिए जाने वाले भोजन और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लागू करने का जायजा लिया गया।

उन्होंने सरकारी प्राइमरी स्कूल डल्ला, सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोट बालद खान, सरकारी प्राइमरी स्कूल कोट बादल खान, सरकारी प्राइमरी स्कूल (कन्या) कोट बादल खान, सरकारी हाई स्कूल राजोवाल, सरकारी प्राइमरी स्कूल राजोवाल और अन्य स्कूलों का दौरा किया और वहां बच्चों को मिड डे मील के तहत मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की।

इस दौरान कमिश्न के मैंबर ने गांव डल्ला और कोट बादल खां में आंगनवाड़ी केंद्रों पर आवश्यक मापदंडों की जांच की और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर आवश्यक मापदंडों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों पर शिकायत पेटियां और जन जागरुकता बैनर लगाने को भी कहा। इसके बाद धालीवाल ने ब्लॉक नकोदर के गांव बजूहां कलां और मलवाल के राशन डिपो में जाकर गेहूं के वितरण की जांच की और संतुष्टि जताई।

## करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करेगा राजपूत समाज

**करनाल।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में राजपूत धर्मशाला में कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निर्णय लिया गया कि 9 दिसंबर को हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा और डीसी को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता सभा के संरक्षक कर्नल देवेंद्र सिंह वीर चक्र और राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह ने संयुक्त रूप से की। कर्नल देवेंद्र सिंह और प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह ने कहा की इस मामले की हाई कोर्ट के जज से न्यायिक जांच करवाई जाए और आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर जल्द फांसी दी जाए।

# एनआरआई सभा के प्रधान के चुनाव के लिए वोटर सूची का अंतिम प्रकाशन

**पायनियर समाचार सेवा।** जालंधर

एनआरआई सभा पंजाब के प्रधान का चयन, 5 जनवरी 2024 को होना है। इसके लिए मंगलवार को वोटर सूची का अंतिम प्रकाशन एनआरआई सभा की वेबसाइट www.nrisabhapunjab.in पर कर दिया गया है।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए एनआरआई सभा के कार्यकारी डायरेक्टर-कम-अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) वरिंदरपाल सिंह बाजवा ने बताया कि सभा के सदस्यों की ड्राफ्ट वोटर सूची 3 नवंबर 2023 को सभा की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई थी। 10 नवंबर 2023 से 17 नवंबर 2023 तक मतदाता सूची पर प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटारा करने के बाद आज वोटर सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।

### 22 दिसंबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे

श्री बाजवा ने आगे कहा कि 11 व 12 दिसंबर 2023 को नामांकन पत्र एडीसी (ज) जालंधर के कोर्ट में प्राप्त किया जाएगा जबकि नामांकन पत्रों की जांच 13 दिसंबर 2023 को होगी। 14 और 15 दिसंबर को चुनाव में सर्वसम्मति की संभावना तलाशने के बाद 22 दिसंबर 2023 को नामांकन पत्र वापस लिया जा सकेगा।

उन्होंने सभी सदस्यों से अपने पांच वर्ष से अधिक पुराने फोटो पहचान पत्र का नवीनीकरण 15 दिसंबर 2023 कराने का आग्रह करते किया। केवल एनआरआई, जो 27 अक्टूबर, 2023 से पहले विधानसभा के सदस्य बने हैं, उन्हें मतदान करने की अनुमति दी जाएगी।

## महिलाओं को मिलें समान अवसर : हरविंद्र कल्याण

**करनाल।** भारत संकल्प यात्रा का जिले के गांव रायपुर जाटान व स्टौंडी में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा में पहुंचे विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने लोगो को सरकार की नवीनतम योजनाओ की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरविंद्र कल्याण ने राष्ट्र निर्माण की शपथ दिलाई।

उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को उचाईयों पर पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है जिस प्रकार से देश की अर्थ व्यवस्था में सुधार हुआ है, विपक्ष की पार्टियां इसकी कल्पना भी नहीं कर सकती थी। प्रधानमंत्री ने उज्जवला योजना से लेकर किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं प्रारंभ करके हर वर्ग का ध्यान रखा है। देश मे लोगों को स्वच्छ जल जहां उपलब्ध हो रहा है वहीं गरीब लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध करवा कर उनका सम्मान किया गया है।

# भारत को आत्मनिर्भर-विकसित राष्ट्र बनाने में युवा पीढ़ी का अहम योगदान : बलवंत

**पायनियर समाचार सेवा।**
सढौरा/यमुनानगर



पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में जागरुकता पैदा करना और उनकी शत-प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। यह यात्रा प्रदेश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है।

वे बुधवार को सढौरा क्षेत्र के गांव नौशहरा व सबिलपुर में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है, हमें अपने बच्चों को अच्छी संस्कारित शिक्षा देकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाना है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रम में आमजन की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। इतना ही नहीं देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवा पीढ़ी अच्छी शिक्षा लेकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दे।

इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों के सहयोग से उनका समाधान करवाया। इस कार्यक्रम के माध्यम से योजनाओं के लाभार्थियों का फीड बैक भी लिया जा रहा है।

### ग्रामीणों को दिलाई 'हमारा संकल्प-विकसित भारत' की शपथ


# टेक्नो ने 6699 रुपये में स्पार्क गो 2024 लॉन्च किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम / करनाल



**वैश्विक** स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो ने स्पार्क गो 2024 - भारत का अपना स्पार्क लॉन्च करके 7 हजार रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में क्रांति ला दी है। इसकी कीमत आकर्षक रूप से 6,699 रुपये से शुरू है। 2020 में स्पार्क गो सीरीज़ के आने के बाद से, यह पूरी तरह से गेम-चेंजर और ट्रेंड सेटर रहा है। अपने इनोवेटिव फीचर्स के साथ इसने तकनीकी परिदृश्य में हलचल मचा दी है। साथ ही इसकी कीमत को अधिकांश भारतीयों की पहुंच के भीतर रखा गया है। यही नहीं स्पार्क गो चीजों को एक पायदान ऊपर ले जाने के लिए यहां है!

एस्पिरेशनल भारत की भावनाओं के अनुरूप डिज़ाइन किया गया, स्पार्क गो 2024 सिर्फ आवश्यकताओं को ही पूरा नहीं करता है; बल्कि इसमें अपूर्व अनुभव प्रदान करने वाली सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स का पूरा समूह है जिसमें काम से लेकर मनोरंजन तक सब कुछ शामिल है। साथ ही, यह जेब पर भारी भी नहीं पड़ेगा और, 3 जीबी रैम + 64 जीबी रोम संस्करण केवल 6699 रुपये में उपलब्ध होगा!

स्पार्क श्रृंखला के नए फोन पर टिप्पणी करते हुए, टेक्नो मोबाइल इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अरिजीत तालपात्रा ने कहा, क्रांतिकारी स्पार्क गो 2024 का लॉन्च पूरे देश में प्रौद्योगिकी को अपनाने को बढ़ावा देने के हमारे व्यापक मिशन में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। यह इनोवेटिव स्मार्टफोन पहुंच को फिर से परिभाषित करने में एक प्रकाशस्तंभ के रूप में खड़ा है और अधिक व्यापक जनसांख्यिकीय के लिए अभूतपूर्व सुविधाओं को पेश करता है। डिजिटल विभाजन को पाटने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करने के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है कि उन्नत तकनीक हर किसी की पहुंच में है। स्पार्क गो 2024 प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाने के हमारे निरंतर प्रयास के प्रमाण के रूप में कार्य करता है, उन्हें एक ऐसा उपकरण प्रदान करता है जो प्रीमियम सुविधाओं को उनके दैनिक जीवन में सहजता से एकीकृत करता है। स्पार्क गो 2024, 7 दिसंबर 2023 से नजदीकी खुदरा दुकानों और अमेजन पर लाइव होने के लिए तैयार है।


# लाल डोरा प्रॉपर्टी धारकों के लिए सुनहरा अवसर

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

**स्वामित्व** योजना के तहत हरियाणा में लाल डोरा प्रॉपर्टी धारकों को सरकार ने सुनहरा अवसर दिया है। सरकार ने आम नागरिकों को ऑनलाइन पोर्टल पर संपत्ति का डाटा खुद सत्यापित करने व त्रुटि के निवारण के आवेदन का मौका दिया है। प्रदेश के लाल डोरा के अंदर आने वाले प्रॉपर्टी धारक 31 दिसम्बर तक ऑनलाइन आवेदन दे सकते हैं।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि स्वामित्व योजना हरियाणा सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। लाल डोरा प्रॉपर्टी धारकों को उनके जमीन का मालिकाना हक देने की योजना है। यह हक प्राप्त होने के बाद ग्रामीण प्रॉपर्टी के एवज में बैंकों से ऋण लेने के अलावा या अन्य किसी भी प्रकार के कार्य कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को शहरी क्षेत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए सरकार स्वामित्व योजना चला रही है। इसके तहत गांव के उन लोगों को उनकी जमीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिनकी जमीन किसी भी सरकारी आंकड़े में दर्ज नहीं है

उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए सरकार ने ड्रोन के माध्यम से गांव की मैपिंग करके सभी गांव में दावे व आपत्तियां भी मांगी थी। इस रिकॉर्ड को आधुनिक तरीके से डिजिटलाइज किया जा रहा है। सरकार ने ऐसे नागरिकों को अब फिर से मौका दिया है।

### 31 दिसंबर तक पोर्टल पर संपत्ति का डाटा खुद सत्यापित करें


वी ने ईजमायट्रिप के साथ की साझेदारी

# वी के उपभोक्ता अब वी एप के जरिए फ्लाइट टिकट, होटल और होलीडे बुक कर सकेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम / हिसार

**भारत** के जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने यूजर्स को बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए सबसे बडे ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्म में से एक ईजमायट्रिप के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के तहत ईजमायट्रिप वी के उपभोक्ताओं के लिए वी एप पर फ्लाइट, होटल, ट्रेन, बस और कैब बुकिंग के लिए एक्सक्लुजिव डील्स लेकर आएगा।

वी के यूजर्स को अधिक सुविधाजनक अनुभव और सर्वश्रेष्ठ ऑफर्स उपलब्ध कराना इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य है। इंटरोडक्टरी ऑफर के तहत सभी फ्लाईट बुकिंग्स पर जीरो कन्वीनिएंस फीस ली जाएगी। साझेदारी के माध्यम ये यूजर वी एप पर यात्रा संबंधी सेवाओं जैसे एक्टिविटीज, अनुभवों एवं होलीडे पैकेजेज पर एक्सक्लुजिव फायदों का लाभ उठा सकेंगे। भविष्य में यूजर्स को अन्य वैल्यू-एडेड सर्विसेज का एक्सेस मिलेगा जैसे फ्लाइट एवं होटल बुकिंग में मिनिमम बुकिंग वैल्यू पर फ्री एयरपोर्ट पिकअप/ड्रॉप। वी एप पर ट्रैवल सेक्शन के लॉन्च पर बात करते हुए अवनीश खोसला, सीएमओ, वी ने कहा, ''वी में हम उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, फिर चाहे दूरसंचार सेवाएं हों या कोई अन्य कैटेगरी।

समय के साथ अन्य सभी कैटेगरीज में डोमेस्टिक और इंटरनेशनल यात्रा की मांग सबसे ज्यादा बढ रही है। ईजमायट्रिप इस कैटेगरी में अग्रणी है। ऐसे में उनके साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उम्मीद करते हैं कि यह साझेदारी हमारे उपभोक्ताओं के लिए ट्रैवल बुकिंग के अनुभव को बेहतर और संतोषजनक बनाएगी।

### यूजर्स को अधिक सुविधाजनक अनुभव और सर्वश्रेष्ठ ऑफर्स उपलब्ध कराने हैं

# मुर्तजापुर जोहड़ से अवैध कब्जे हटाने के आदेश

## ग्राम पंचायत को अतिक्रमण कार्यों के खिलाफ तहत कार्रवाई करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

मुर्तजापुर गांव के जोहड़ से अवैध कब्जे हटवाने के लिए ग्राम पंचायत व बीडीपीओ को आदेशित किया गया है। अतिक्रमण कार्यों के खिलाफ अधिनियम 1961 की धारा 7 के तहत कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। हाईकोर्ट द्वारा यथास्थिति के संबंध में रिट याचिका खारिज करते हुए यथास्थिति बनाए रखने के लिए भी स्पष्ट किया गया है।

इस मामले में याचिकाकर्ता ने कहा कि यह न्याय की जीत है। जोहड़ पर अतिक्रमण करने वाले यथास्थिति को हटवाने वालों के रिट याचिका खारिज करके कोर्ट द्वारा बिल्कुल सही फैसला लिया गया है क्योंकि गांव की सार्वजनिक संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति विशेष को अतिक्रमण करने का कोई अधिकार नहीं है। गौरतलब है कि जोहड़ की जमीन पर पंचायत खेल मैदान बनाना चाहती थी। गांव के जोहड़ को बचाने के लिए इसके विरोध में गांव के लोग कोर्ट की शरण में चले गए थे। हाईकोर्ट ने जोहड़ पर स्टे आर्डर जारी किया था। स्टे हटवाने की रिट को हाईकोर्ट द्वारा खारिज करते हुए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया।



### कोर्ट ने आदेशों में क्या कहा



इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश कायम रखा जाता है और इसकी पुष्टि की जाती है। संबंधित ग्राम पंचायत का सरपंच या बीडीपीओ उक्त आदेश के संदर्भ में संबंधितों को निर्देशित किया जाता है कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अधिनियम 1961 की धारा 7 के तहत याचिका, जो गैर मुमकिन जोहड़ पर कथित तौर पर अतिक्रमण किया है। प्रस्ताव से पहले एक वैध रूप से तैयार की गई सीमांकन रिपोर्ट होगी। यदि उसमें विवादित गैर पर अतिक्रमण किए जाने का खुलासा हुआ है। मुमकिन जौहड़ की याचिका (सुप्रा) तुरंत शुरू की जाएगी। आदेश प्राप्त करने के 3 सप्ताह के भीतर संबंधित सहायक कलेक्टर के समक्ष संबंधित सभी प्रभावित व्यक्तियों को सुनने के बाद शीघ्र निर्णय लेने के लिए कार्रवाई की जाए।

# विरासत में चारपाई बुणाई की पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विरासत हेरिटेज विलेज मसाना कुरुक्षेत्र में आयोजित पांच दिवसीय चारपाई बुणाई कार्यशाला बुधवार को संपन्न हुई। इस अवसर पर हरियाणा के अलग-अलग हिस्सों से आये कलाकारों ने 20 से अधिक चारपाईयों की बुणाई कर लोक पारंपरिक बुणाई कला को संरक्षित किया। इस विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यशाला के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस कार्यशाला में हरियाणा के बुणाई कला के इतिहास एवं लोक सांस्कृतिक डिजाईनस को संरक्षित किया गया है। उन्होंने हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के महानिदेशक अमित अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हरियाणा कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग संस्कृति के संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इससे पूर्व इस कार्यशाला के प्रभारी कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के सांस्कृतिक सुपरवाइजर हृदय कौशल ने भी विरासत में चल रही कार्यशाला का अवलोकन किया और बुणाई कला से संबंधित विविध पहलुओं के विषय में विस्तार से जानकारी हासिल की। डॉ. पूनिया ने बताया कि पांच दिन तक चली इस कार्यशाला का सैंकड़ो स्थानीय लोगों ने अवलोकन किया और चारपाई बुणाई के प्रति अपनी रूचि दिखाई। डॉ. पूनिया ने कहा कि यह कार्यशाला 2 दिसंबर को शुरू हुई थी और 6 दिसंबर तक चली। इस पांच दिवसीय कार्यशाला में बुणाई कला के 1 दर्जन से अधिक डिजाइन जिनमें फूल पत्ती, बाग, लहरिया आदि शामिल हैं।

# संत कबीर चौक साइड में बनाने के विरोध में एससी समाज एकता मंच ने दी गिरफ्तारी

## पांच महीने से चल रहा धरना प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** जींद



**रोहतक** रोड बाईपास पर संत कबीर चौंक साइड में बनाये जाने के विरोध में एस सी समाज एकता मंच द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर सामूहिक गिरफ्तारी दी। धरना स्थल पर रोशन लाल दुग्गल, सुखीराम धरौदी, महाबीर दहिया, ओम नारायण पटवारी, देवी दास वाल्मीकि समेत अनेक गणमान्य लोगों ने कहा कि जींद के विधायक डॉ. कृष्ण मिड्ढा की शह पर जिला प्रशासन द्वारा साइड में संत कबीर चौक का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है, जबकि तीन समाजों के लोग पांच महीने से बीच चौराहे पर चौक बनवाने के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

वक्ताओं ने कहा कि सरकार एस सी समाजों के महान पुरुषों का सम्मान करने का ढकोसला कर रही है। रोहतक रोड बाईपास पर चौराहे पर पूरी जगह है, लेकिन जींद का विधायक नहीं चाहते कि यहां बीच में चौक बने। धरने के दबाव में दबाव में आकर आखिर इस चौंक का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया। वक्ताओं ने कहा कि साइड में चौक बनाने का लगातार विरोध जारी रहेगा और सप्ताह में एक बार विरोध में गिरफ्तारी देने का सिलसिला जारी रहेगा। अगली गिरफ्तारी इस आने वाले मंगलवार को दी जाएगी।

बुधवार को एससी समाज के लोग धरना स्थल से प्रदर्शन करते हुए पुराने बस अड्डे पर पहुंचे और सरकार व विधायक के विरोध में जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी सड़क पर लेट गए। इस के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर विभाग की बस में बैठा लिया। गिरफ्तारी देने वालों में रोशन लाल दुग्गल, प्रकाश नागर, रमेश दुग्गल, मसानिया राम,रिसी राम, पूर्व सरपंच ईश्वर सिंह, राजमल, रामनिवास, बलमत, नफेसिह, रामानंद, महाबीर दहिया, सूरज, बलवान सिंह, सुरेश, धर्मपाल, प्रेम खेत्रपाल सिंह और राजकुमार गिल शामिल रहे।

इससे पूर्व बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर परिनिरवाण दिवस के अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और बाबा साहेब अमर रहे के जोरदार नारे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई है। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब की बदौलत ही हम आज स्वछंद माहौल में जी रहें हैं।

# सरकार की योजनाओं पर पहला हक गरीबों का है : रेखा



**कुरुक्षेत्र।** बारवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को मौके पर पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। स्टाल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की योजनों की जानकारी दी और लोगों की समस्या सुन उनकी समस्या को दूर करने का प्रयास किया। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से भी स्टाल लगाया गया। इस अवसर महिला एवं बाल विकास विभाग की सर्कल सुपरवाइजर रेखा ने महिलाओं को विभाग की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनों की जानकारी दी।

इस अवसर पर सुपरवाइजर रेखा ने ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। सरकार की योजनाओं पर पहला हक गरीबों का है। प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार मुख्य ध्येय है। हर जरूरतमंद व्यक्ति के लिए सरकार अंत्योदय की भावना से काम कर रही है। इस अवसर पर आंगनवाड़ी वर्कर शिवानी, परमजीत, गुरमीत के अलावा अन्य सदस्य व महिलाएं मौजूद थी।

# प्रशासन की मिलीभगत से निजी उद्योगों में मजदूरों का शोषण

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक



अधिवक्ता तनवीर सिंह।

**प्रदेश** के असंगठित कामगार संगठन के प्रदेशाध्यक्ष एडोवेकेट डॉक्टर तनवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश सरकार को मजदूरों के हितों की कोई चिंता नही है। प्रदेश में मजदूरों की जो दुर्दशा है वो किसी से छिपी नही है। कंपनी के मालिक प्रशासन से मिलीभगत और सरकार की शह पर मजदूरों का शोषण कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जितनी छोटे और मध्य उद्योग है वो ना तो मजदूरों को उनका पूरा वेतन देते और ना ही कार्य स्थल पर उनके जीवनरक्षा के लिए कोई संसाधन देते।

उन्होंने कहा कि यदि हम रोहतक जिले के उद्योगों की बात करे तो ग्रामीण क्षेत्र से हजारों महिलाएं सुबह सात बजे से शायं 7 बजे तक कार्य करती है और कंपनी के मालिक प्रतिदिन हर महिला का चार घंटे का मेहनताना डकारने का काम करते हैं। पूंजीवादी एवं अमीर परस्त नीतियों का परिचय देते हुए सरकार ने श्रम कानून समाप्त कर दिए हैं वर्तमान समय में केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार सभी कर्मचारी व श्रमिक विरोधी नीति अपना रहे हैं। अधिवक्ता तनवीर सिंह ने भाजपा सरकार व प्रशासन के अधिकारियों को अवगत करवाते हुए कहा कि सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी मजदूरों के इस शोषण में कंपनी मालिकों के साथ बराबर के दोषी है। अधिकतर उद्योगों में न तो कामगारों को सुरक्षा कवच दिये जा रहें और न ही उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा रहा। जिले के 90 प्रतिशत से ज्यादा कंपनियां मजदूरों के वेतन के साथ खिलवाड़ कर रही हैं।

# गांव बड़ी की राजस्व संपदा में विकसित की जा रही अवैध कालोनियों को किया ध्वस्त

## डीटीपी की लोगों से अपील- अवैध कॉलोनियों में न खरीदें प्लॉट

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



अवैध निर्माण को तोड़ती जेसीबी।

जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नरेश कुमार ने कहा कि जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है। जिसके तहत बुधवार को गांव बड़ी की राजस्व संपदा में सुरक्षा इंक्लेव के साथ लगती 02 एकड में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में 12 डीपीसी तथा चार कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया।

जिला नगर योजनाकार ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें, क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं। जिला नगर योजनाकार ने कहा कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है, अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी जानकारी के लिए सेक्टर-15 स्थित एचएसवीपी कॉम्पलैक्स के प्रथम तल स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# पर्यटन मंत्रालय ने आईएचएम में निबंध व प्रश्नोत्तरी स्पर्धा का आयोजन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



**इंस्टीट्यूट** ऑफ होटल मैनेजमेंट भम्भोली के प्राचार्य पीके गुप्ता ने बताया कि नेशनल काउंनिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, पर्यटन मंत्रालय तत्वाधान में, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में दो प्रतियोगिताएं जो कि ऑल इंडिया स्कूल लेवल निबंध लेखन प्रतियोगिता और दूसरी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई जा रही है, जिसमें भाग लेने के लिए 11वीं एवं 12वीं क्लास के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है।

यह अभियान दिसंबर 2023 के पहले सप्ताह में शुरू हो जाएगा अधिक से अधिक संख्या में सभी स्कूलों के 11वीं और 12वीं क्लास के विद्यार्थियों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यमुनानगर जिले के अंतर्गत यह प्रतियोगिता इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी, भम्भोली में आयोजित किया जाएगा। यह प्रतियोगिताएं पूर्णतः निःशुल्क है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा दिए गए विषय पर निबंध लिखा जाएगा तथा उसकी पीडीएफ फॉर्म में ऑनलाइन सबमिट करवाना होगा इसके लिए एनसीएचएमसीटी द्वारा एक पोर्टल एनसीएचएमनोएडाडॉटकॉम बनाया गया है जो कि 8 दिसंबर से एक्टिवेट हो जाएगा इसके अलावा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में यह प्रतियोगिता संबंधित संस्थान यानि की इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में करवाई जाएगी तथा उसके बाद जो प्रतिभागी विजेता रहेंगे उनके लिए दूसरे चरण में यह प्रतियोगिता जोनल आईएचएम में करवाई जाएगी तथा तीसरे चरण में यह प्रतियोगिता एनसीएचएमसीटी नोएडा में करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा तथा जो भी प्रथम विजेता रहेगी उसे एक लाख रुपए तथा स्वर्ण पट्टिका से सम्मानित किया जाएगा, दूसरे विजेता को पचास हजार रुपये और स्वर्ण पट्टिका से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सांत्वना पुरस्कार के रूप में सभी प्रतिभागियों को दस हजार रूपये और मेरिट सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

# विचाराधीन कैदी ने जिला जेल के बाथरूम में फंदा लगा कर दी जान

## नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में था बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

**जिला** जेल में बंद विचाराधीन कैदी ने अपनी बैरक के बाथरूम में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। 72 वर्षीय बुजुर्ग बलवीर सिंह 13 साल की लडक़ी से छेड़छाड़ के आरोप में जेल में बंद था। सुबह 3 बजे बैरक की निगरानी करने वाले ने रोशनदान पर शव लटका देखा तो इसकी सूचना जेल प्रबंधन को दी।

परिजनों को सूचना देने के बाद मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। बुजुर्ग बलबीर सिंह ने जेल के बाथरूम में पजामे का फंदा बनाकर रोशनदान में बांधकर फांसी ले ली। इलाज के लिए जेल प्रबंधन ने उसे 10 अक्टूबर को रोहतक पीजीआई भेजा था। जहां से वह अपना इलाज करवा कर 30 नवंबर को वापस जेल में लौटा था। 4 दिसंबर को उसका बेटा भी उसे जेल में मिलने के लिए आया था। दोनों की आपस में बातचीत भी हुई थी।

बुधवार को उसने फांसी लेने का कदम उठा लिया। ज्ञात रहे कि आठ जुलाई 2023 को पाई गेट पूंडरी निवासी 72 वर्षीय बलवीर सिंह के खिलाफ एक नाबालिक लडक़ी से छेड़छाड़ करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने उसे उसी दिन गिरफ्तार कर लिया था। अगले ही दिन अदालत ने उसे ज्यूडिशल कस्टडी में कैथल की जेल भेज दिया था। उसी दिन से वह कैथल की जिला जेल में बंद था।

# गर्दन पर लोहे की राड रखकर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों से लूट

**कैथल।** कार में सवार अज्ञात बदमाशों ने फाइनेंस कर्मचारी व उसके साथी जबरन रोक कर उनकी गर्दन पर लोहे की रात रखकर रुपए लूट लिए। थाना सदर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया है।

गांव ब्राह्मनी वाला निवासी अमन कुमार ने बताया कि वह उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में नौकरी करता है। मंगलवार को वह अपने साथी पाडला निवासी संदीप कुमार के साथ अपनी मोटरसाइकिल पर गांव मानस से कैथल की तरफ आ रहे थे। जब वह माघो माजरी के सनराइज स्कूल के पास पहुंचे तो उनके सामने से एक स्विफ्ट कार आई और उन्हें रोक लिया गाड़ी में से दो व्यक्ति उतरे जिन में से एक ने हाथ में लकड़ी का बिंडा और दूसरे ने लोहे की रोड ले रखी थी। कार में भी तीन लोग बैठे हुए थे। कार बार एक व्यक्ति ने संदीप की गर्दन पर लोहे की राड रख दी और रुपए की मांग की।

# करनाल रैली को लेकर कर्मियों ने की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

स्थानीय बस स्टैंड पर स्थित शिव मन्दिर प्रांगण में हरियाणा कर्मचारी महासंघ की जिले की बैठक जिला प्रधान हरपाल सिहं भनवाला की अध्यक्षता में हुई। मंच का संचालन जिला सचिव रामलाल ने किया।

बैठक का उद्देश्य करनाल में प्रस्तावित हरियाणा कर्मचारी महासंघ की राज्यस्तरीय ललकार रैली को कामयाब बनाने की रणनीति पर विभिन्न ब्लाकों के प्रधान, सचिव, वित सचिव व पूरी जिला कार्यकारिणी से विचार विमर्श किया गया। रैली जिन मुद्दों पर होने जा रही है, उन विषयों पर गम्भीरता से विचार किया गया। मुख्य मागें पुरानी पेंशन बहाली, एक्सग्रेसिया पूरे रूप से लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, मेडिकल कैश-लैस तुरंत प्रभाव से लागू करने आदि मुद्दों पर विचार किया। बैठक में जिला प्रधान हरपाल भनवाला ने सभी कर्मचारियों को रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने पर विचार किया गया।



बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता हरपाल भनवाला।

# बच्चों को एआई और कोडिंग कौशल सीखने के लिए प्लेटफॉर्म देगी पीडब्ल्यू एकेडमी

## अगले शैक्षणिक वर्ष में दो हजार स्कूलों में इस कैरिकुलम को लागू करने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार/ करनाल

**फिजिक्स** वाला (पीडब्ल्यू), अपनी स्कूल पार्टनरशिप शाखा, पीडब्ल्यू एकेडमी के माध्यम से नर्सरी से 8वीं कक्षा तक एक व्यापक कोर्स शुरू करने के लिए तैयार है। इसका उद्देश्य कम उम्र से ही छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देना है। इस पहल को ध्यान में रखते हुए, पीडब्ल्यू का लक्ष्य अगले शैक्षणिक वर्ष में 2,000 स्कूलों में इस कैरिकुलम को लागू करने का है।

इसके अलावा, पाठ्यक्रम को दो निःशुल्क अपस्किलिंग प्लेटफार्मों के साथ संयोजित किया जाएगा। पीडब्ल्यू रीज़निंग, गणित और मौखिक कौशल में प्रशिक्षण प्रदान करता है, और पीडब्ल्यू क्यूरियस जूनियर, बच्चों में कोडिंग कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पाठ्यक्रम को तीन शृंखलाओं में स्कूलों में लागू किया जाएगा। ब्लूम शृंखला, नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों के लिए है, जो 21वीं सदी के कौशल विकसित करने और ठोस नींव रखने पर फोकस करेगी। नर्सरी से 8वीं तक को कवर करने वाले यूनेक्स्ट पाठ्यक्रम में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषय शामिल हैं। फिजिक्स वाला के मुख्य बिजनेस अधिकारी इमरान राशिद ने कहा, स्पार्क पाठ्यक्रम कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों के लिए तैयार किया गया है, जिसमें कक्षा 9-10 के लिए विस्तार शामिल है। इसमें एआई और कोडिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह तकनीकी उन्नति के लिए पीडब्ल्यू की प्रतिबद्धता को दिखाता है। फिजिक्स वाला के मुख्य बिजनेस अधिकारी इमरान राशिद ने कहा, हम उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा सभी तक पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

# संगठन के दम पर हरियाणा में चुनाव लड़ेगी आप : सांपला

## गुटबाजी के चलते पतन की ओर बढ़ रही कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**आगामी** लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों को देखते हुए आम आदमी पार्टी ने गांव व वार्ड स्तर पर संगठन मजबूती के लिए कार्यक्रम चालू कर दिए हैं। आम आदमी पार्टी ने पिछले दिनों हरियाणा के 90 विधानसभा क्षेत्रों में अपने 366 ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इसी कड़ी में रोहतक ब्लॉक प्रभारी इंजीनियर नवीन सांपला की उपस्थिति व वार्ड अध्यक्ष रामबीर जी की अध्यक्षता में रोहतक में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सभी वार्ड कमेटी के सदस्यों को पार्टी की शपथ दिलवाई गई एवम पहचान पत्र वितरित किए गए।



कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते रोहतक मंडल के प्रभारी नवीन सांपला व अन्य।

इस अवसर पर वार्ड में नए वार्ड मेंबरों को भी जोड़ा गया। कार्यक्रम की शुरुवात बाबा साहेब डा भीम राव अंबेडकर की पुण्य तिथि पर दो मिनट का मौन धारण किया गया। इंजीनियर नवीन सांपला ने बताया कि किसी भी पार्टी की रीड की हड्डी उसका कार्यकर्ता होता है। आज समस्त हरियाणा में आम आदमी पार्टी द्वारा गांव व वार्ड स्तर पर अपने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जा रहा है। नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने की इस मुहिम में पार्टी का संगठन दिनों दिन मजबूत होता जा रहा है।

आप ने अपने सभी वरिष्ठ नेताओं के तरह अपने कार्यकर्ताओं को एक एक मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। आम आदमी पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो जमीनी स्तर पर अपने संगठन को मजबूत कर रही है। वहीं कांग्रेस पिछले एक दशक से अपने संगठन का निर्माण ही नही कर पाई है। वहीं भाजपा की बात करे तो उनका संगठन तो कागजी पन्नो तक ही सीमित रह गया है। इस दोनो पार्टियों के ना तो नीति है, ना नियति है और ना ही कोई विचार धारा है। इंजीनियर नवीन सांपला ने पांच राज्यों में हुए चुनाव के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की भाजपा से पार पाना कांग्रेस के बस की बात नहीं है। कांग्रेस की गुट बाजी एवम सत्ता की लोलुपता ही उसके पतन का कारण है जिसका फायदा भाजपा ने इन चुनावों में उठाया। भविष्य में हरियाणा में आम आदमी पार्टी एवम भाजपा में सीधा मुकाबला होगा। आम आदमी पार्टी हमेशा से ही बुद्धिजीवी, किसान, कमेरे एवम मजदूर वर्ग की पहली पसंद रही है। हरियाणा की जनता अपना मूड बना चुकी हैं, आने वाले चुनाव में जनता मौजूदा भाजपा जजपा सरकार को घर बैठाने का काम करेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सहसचिव युवा मोर्चा अमित खटक, कृष्ण, दयाल,कार्तिक, साहिल, किशन, अशोक, लछमी देवी, रवि आदि मौजूद रहे।

# खतरनाक नस्ल के कुत्तों पर पाबंदी के प्रतिवेदन पर तीन महीने में निर्णय लें: एससी

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्र से पिटबुल, टेरीयर्स, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवीलर जैसी खतरनाक नस्ल के कुत्तों को रखने के लाइसेंस पर पाबंदी लगाने एवं उसे रद्द करने के अनुरोध संबंधी एक प्रतिवेदन पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेने को कहा।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने अक्टूबर में प्रतिवेदन देने वाले याचिकाकर्ता से कहा कि अधिकारियों को इस मुद्दे पर निर्णय लेने दें क्योंकि वे ही संबंधित कानूनों और नियमों का मसौदा तैयार करते हैं। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कुत्तों की स्थानीय नस्लों को प्रोत्साहन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। न्यायमूर्ति मनमोहन और न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने कहा, वे (प्राधिकरण) तीन महीने के भीतर प्रतिवेदन पर निर्णय लें। मुख्य न्यायाधीश सतीशचंद्र शर्मा की अगुवाई वाली एक पीठ ने पांच अक्टूबर को याचिकाकर्ता लीगल अटॉर्नीज एंड बैरिस्टर लॉ फर्म को सीधे अदालत में याचिका दायर करने के बजाय पहले अपनी शिकायत



लेकर सरकारी अधिकारियों के पास जाने को कहा था। अपनी याचिका में याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि बुलडॉग, रॉटवीलर, पिटबुल, टेरीयर्स, नियोपोलिटन मास्टिफ जैसी नस्ल खतरनाक कुत्तों की हैं तथा भारत समेत 12 से अधिक देशों में उन पर पाबंदी लगाई गई है, लेकिन दिल्ली नगर निगम अब भी उन्हें पालतू जानवर के रूप में रखे जाने के लिए उनका पंजीकरण कर रहा है। याचिका में इन नस्ल के कुत्तों द्वारा अपने मालिकों समेत लोगों पर हमला करने की कई घटनाओं का जिक्र किया गया है।

याचिका में कहा गया है, पिटबुल, टेरीयर्स, अमेरिकन बुलडॉग, रॉटवीलर, जैपनीज टोसा, बैंडॉग, नियोपोलटन मास्टिफ, वुल्फ डॉग, बोयरबोल, प्रेसा कैनेरियो, फिला ब्रैजिलिरियो, टोसा इनु, केन कोरसो, डोगो अर्जेंटीनो और उपरोक्त कुत्तों के संकर नस्लों के कुत्तों को रखने के लाइसेंस पर पाबंदी लगाना और उन्हें रद्द करना समय की आवश्यकता है।



# चीन तालिबान सरकार को राजनयिक मान्यता देने वाला पहला देश

**बीजिंग।** चीन बीजिंग में अफगानिस्तान के राजदूत के रूप में तालिबान द्वारा नामित अधिकारी को राजनयिक दर्जा प्रदान करने वाला पहला देश बन गया है, जिससे तालिबान द्वारा संचालित प्रशासन को काबुल में एक वैध सरकार के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता मिल गई है।

यह पूछे जाने पर कि क्या चीन ने तालिबान को अफगानिस्तान की वैध सरकार के रूप में मान्यता दी है, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने मंगलवार को एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, 'अफगानिस्तान के लंबे समय से मित्रवत पड़ोसी के रूप में, चीन का



मानना है कि अफगानिस्तान को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। इससे पहले, काबुल से आई खबरों में कहा गया था कि चीन ने तालिबान द्वारा नामित बिलाल करीमी को राजदूत का दर्जा दिया है और उन्होंने चीनी विदेश मंत्रालय को अपना परिचय पत्र सौंप दिया है।

# तमिलनाडु: चेन्नई के कई हिस्सों में जलभराव, राहत कार्यों में तेजी

लोगों को सड़कों पर घुटनों तक भरे पानी के बीच से गुजरना पड़ा



### भूमिगत रास्ते बंद

**जलभराव** के कारण मेट्रो के 11 भूमिगत रास्ते वाहनों के लिए बंद कर दिए गए हैं। हवाई अड्डे पर विमानों के संचालन में कोई रुकावट नहीं आई, जबकि दक्षिण रेलवे ने कई रेल सेवाओं को रद्द करने और कई के मार्ग में परिवर्तन करने की घोषणा की। हालांकि, दक्षिण रेलवे ने चेन्नई एषुंबूर-चेंगलपेट रेल मार्ग पर 30 और चेन्नई बीच -अरक्कोणम मार्ग पर 45 मिनट की आवृत्ति के साथ उपनगरीय सेवाओं को बहाल करने की घोषणा की गई। यह भी कहा गया है कि तिरुवोट्रियूर-सूलूरुपेट लाइन पर रेल सेवाएं प्रति घंटे के अंतराल पर संचालित की जाएंगी।

### मिगजॉम कमजोर होकर उत्तर की ओर बढ़ा

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में मंगलवार को तबाही मचाने के बाद चक्रवाती तूफान मिगजॉम कमजोर होकर कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया और अब यह उत्तर की ओर बढ़ गया है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि मौसम प्रणाली के उत्तर की ओर बढ़ने और अगले छह घंटों में बहुत कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने की उम्मीद है।

एजेंसी। चेन्नई

**चेन्नई** और उसके आसपास के जिलों में चक्रवात मिगजॉम द्वारा भारी तबाही मचाने के दो दिन बाद बुधवार को भी स्थानीय लोगों को जलभराव और बिजली की समस्या से जूझना पड़ा। स्थानीय एजेंसियों के कर्मचारियों ने राहत और पुनर्वास के प्रयास तेज कर दिए हैं।

चक्रवात के असर से हुई भारी बारिश के कारण वेलच्चेरी और तांबरम सहित कई इलाकों में बाढ़ आ गई थी। बुधवार को भी लोगों को जलभराव वाले इलाकों में अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाते देखा गया। अपने बच्चों को लेकर लोगों को सड़कों पर घुटनों तक भरे पानी के बीच से गुजरना पड़ा। लोग सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए और अधिक नौकाएं भेजने सहित अन्य मदद के लिए गुहार लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बारिश प्रभावित कई इलाकों का दौरा किया और शहर के एक राहत केंद्र में आश्रय ले रहे लोगों को भोजन और आवश्यक सामग्री वितरित कीं। उन्होंने शहर के स्थानीय निकाय द्वारा जल निकासी के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी जायजा लिया। उन्होंने केंद्र को पत्र लिखकर हालात से निपटने के लिए 5,060 करोड़ रुपए की अंतरिम राहत राशि जारी करने मांग की है। सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कई लोगों ने रिहायशी इलाकों में जलभराव के वीडियो साझा किए और दावा किया कि कई लोग अपने घरों में फंसे हुए हैं। सोशल मीडिया मंच पर हैशटैग वेलच्चेरी से संबंधित कई पोस्ट किए गए।

एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने पोस्ट कर इस बात पर अफसोस जताया कि उनके रिश्तेदार पिछले तीन दिन से बिना बिजली, पानी और दूध के अपने घर में बंद हैं। वेलच्चरी और तांबरम सहित कई अन्य प्रभावित इलाकों में लोग दूध की आपूर्ति में देरी की शिकायत कर रहे हैं और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि दूध को अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। किलपौक और कट्टुपक्कम सहित शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। राज्य सरकार ने कहा कि राहत कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है और आधी रात के दौरान भी कई प्रभावित इलाकों में लोगों को नौकाओं के जरिए निकाला गया। ग्रेटर चेन्नई नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी बचाव और राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। ग्रेटर चेन्नई पुलिस ने बचाव और राहत कार्यों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। शहर की पुलिस ने बुधवार को बताया था कि बारिश से संबंधित घटनाओं में छह लोगों की मौत की सूचना मिली है जबकि शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस ने कई लोगों को सुरक्षित निकाला है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि जिन लोगों को बचाया गया उनमें वरिष्ठ नागरिक, गर्भवती महिलाएं और एक महिला तथा उसका नवजात शिशु भी शामिल हैं।

# छत्तीसगढ़ चुनाव में आप के सभी 53 उम्मीदवार हारे



एजेंसी। रायपुर

**छत्तीसगढ़** में हुए विधानसभा चुनाव में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। आप के सभी 53 उम्मीदवार भारी अंतर से चुनाव हार गए। आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में दूसरी बार किस्मत आजमाई है।

इस विधानसभा चुनाव में आप ने 53 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसे 0.93 प्रतिशत वोट मिले। वहीं, 2018 के चुनाव में आप ने 85 सीटों पर चुनाव लड़ा था और उसे 0.87 फीसद मत प्राप्त हुए थे। 2018 में पार्टी के सभी उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। इस चुनाव में पार्टी के 53 उम्मीदवारों में से केवल पांच उम्मीदवारों को ही पांच हजार से अधिक वोट मिले हैं। इस चुनाव में कितने उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई, इसका आंकड़ा चुनाव आयोग द्वारा अभी तक साझा नहीं किया गया है। आप की राज्य इकाई के प्रमुख कोमल हुपेंडी ने 15,255 वोट हासिल किए और भानुप्रतापपुर सीट से लगातार दूसरी बार हार का सामना करते हुए तीसरे स्थान पर रहे। पांच हजार से अधिक वोट पाने वाले अन्य चार उम्मीदवार संतराम सलाम (अंतागढ़), बालू राम भवानी (दंतेवाड़ा), खड़गराज सिंह (कवर्धा) और जसवीर सिंह (बिल्हा) हैं।

### 53 उम्मीदवारों में से नौ को नोटा

उपरोक्त में से कोई नहीं: से भी कम वोट मिले हैं। इन सीटों में चित्रकोट, जगदलपुर, बस्तर, केशकाल, साजा, आरंग, रामानुजगंज, लुंड्रा और कुनकुरी सीट शामिल है। विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार को लेकर राज्य में पार्टी के प्रवक्ता अम्यतम शुक्ला ने बुधवार को कहा, चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन बस्तर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, जिन पांच सीटों पर हमारी पार्टी के उम्मीदवारों को पांच हजार से अधिक वोट मिले हैं, उनमें से तीन (भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और दंतेवाड़ा) बस्तर क्षेत्र से हैं।

# दुबई जा रहे स्पाइसजेट के विमान को कराची उतारा




एजेंसी। कराची

**अहमदाबाद** से दुबई के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के एक विमान को आपात चिकित्सकीय कारण से कराची के जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

स्पाइसजेट की उड़ान एसजी-15 को मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे यहां आपात स्थितियों में उतरा गया और एक यात्री को चिकित्सा सहायता दी गई। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) के एक प्रवक्ता ने यहां कहा, बोइंग 737 विमान अहमदाबाद से दुबई जा रहा था, तभी 27 वर्षीय यात्री धारवाल धर्मेश को संभवत: दिल का दौरा पड़ा और उसे चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता थी। कहा कि सीएए की एक मेडिकल टीम ने यात्री को आपात

**क्रू टीम ने यात्री की तबीयत खराब होने पर लिया निर्णय**

**सीएए की मेडिकल टीम ने यात्री को आपात चिकित्सा सहायता दी**

चिकित्सा सहायता दी। यात्री का शुगर लेवल गिर गया था और दिल की धड़कन असामान्य थीं। अधिकारी ने कहा, उपचार के बाद यात्री ठीक हो गया है। विमान में ईंधन भर दिया गया है और अब वह दुबई के लिए उड़ान भरेगा। इससे पहले मंगलवार को नई दिल्ली में एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा था कि अहमदाबाद से दुबई के लिए उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के विमान को कराची की ओर मोड़ दिया गया।

# छत्तीसगढ़: नवनिर्वाचित 17 विधायकों के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले

एजेंसी। रायपुर

**छत्तीसगढ़** की नवनिर्वाचित विधानसभा के 90 विधायकों में से 17 ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें से छह के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 54 सीट जीतकर सरकार बना रही है। राज्य में 2018 में 68 सीट जीतने वाली कांग्रेस 35 सीट पर सिमट गई है तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) पहली बार एक सीट पर जीत हासिल कर पाई है। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के नेतृत्व वाली जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) इस बार अपना खाता खोलने में विफल रहीं। छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, 90 नवनिर्वाचित विधायकों में से 17 (19 फीसदी) विधायकों ने अपने चुनावी हलफनामे में अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। रिपोर्ट कहा गया कि उनमें से छह (सात फीसदी) विधायकों ने अपने खिलाफ गंभीर



आपराधिक मामले घोषित किए थे। भाजपा के 54 विधायकों में से 12 (22 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं तथा कांग्रेस के 35 विधायकों में से पांच (14 प्रतिशत) विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इसी तरह भाजपा के चार (सात फीसदी) और कांग्रेस के दो (छह फीसदी) विधायकों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस के तरफ से जीतने वाले निवर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल (पाटन सीट), देवेन्द्र यादव (भिलाई नगर) और अटल श्रीवास्तव (कोटा) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। वहीं भाजपा से पूर्व मंत्री राजेश मूणत (रायपुर शहर पश्चिम), दयालदास बघेल (नवागढ़), शकुंतला सिंह पोर्ते (प्रतापपुर), उधेश्वरी पैकरा (सामरी), ओपी चौधरी (रायगढ़) विजय शर्मा (कवर्धा सीट), विनायक गोयल (चित्रकोट-एसटी) और आशाराम नेताम (कांकेर-एसटी) के खिलाफ आपराधिक मामले चल रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2018 के दौरान 90 निर्वाचित विधायकों में से 24 (27 फीसदी) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे, जबकि 13 (14 फीसदी) गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए थे।

### छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित 90 विधायकों में से 72 करोड़पति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में निवनिर्वाचित 90 विधायकों में से 72 करोड़पति हैं, जबकि पिछली विधानसभा में ऐसे विधायकों की संख्या 68 थी। छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 54 सीट जीतकर सरकार बना रही है। राज्य में 2018 में 68 सीट जीतने वाली कांग्रेस 35 सीट पर सिमट गई है तथा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) पहली बार एक सीट पर जीत हासिल कर पाई है।

गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्मस (एडीआर) और छत्तीसगढ़ इलेक्शन वॉच ने रिपोर्ट जारी कर बताया है कि राज्य की छठवीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में चुने गए 72 (80 प्रतिशत) विधायक करोड़पति हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भाजपा के 54 विधायकों में से 43 करोड़पति हैं। इन विधायकों ने चुनावी हलफनामा दायर करने के दौरान अपनी संपत्ति एक करोड़ रुपए से अधिक घोषित की थी। वहीं, 35 सीट जीतने वाली कांग्रेस में ऐसे विधायकों की संख्या 29 है। रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में विजेता उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 5.25 करोड़ है। 2018 में विधायकों की औसत संपत्ति 11.63 करोड़ थी।

# बाइडन ने की इजराइली महिलाओं से दुष्कर्म किए जाने की निंदा

एजेंसी। बोस्टन (अमेरिका)

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हमास आतंकवादियों द्वारा इजराइली लड़कियों और महिलाओं से दुष्कर्म और यौन हिंसा किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की और अन्य देशों से बिना किसी लाग-लपेट और बिना किसी अपवाद के ऐसे आचरण की निंदा करने का आह्वान किया।

बोस्टन में मंगलवार को निधि जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बाइडन ने कहा कि हाल के सप्ताहों में हमास के हमले में जीवित बची महिलाओं और प्रत्यक्षदर्शियों ने अकल्पनीय क्रूरता



की भयानक दास्तां बयान की है। बाइडन ने कहा, महिलाओं से दुष्कर्म- बार-बार दुष्कर्म और उन्हें शारीरिक यातना देने, महिलाओं के शवों को अपवित्र करने की खबरें, हमास के आतंकवादियों ने जितना हो सकता था महिलाओं और लड़कियों को उतनी पीड़ा और दर्द दिया और फिर उनकी हत्या कर दी।

## मीरा चंद को सिंगापुर का सर्वोच्च कला सम्मान मिला

**सिंगापुर।** भारतीय मूल की 81 वर्षीय लेखिका मीरा चन्द को सिंगापुर के सबसे प्रतिष्ठित कला सम्मान कल्चरल मेडल्यन से सम्मानित किया गया है। वह सिंगापुर के उन तीन नागरिकों में शामिल हैं जिन्हें उनकी कलात्मक उत्कृष्टता और देश की कला व संस्कृति को समृद्ध बनाने में योगदान के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार की खबर के मुताबिक, चंद के साथ ही उपन्यासकार सुचेन क्रिस्टिन लिम और मलय नर्तक उस्मान अब्दुल हमीद को मंगलवार को इस्ताना में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने पुरस्कार से सम्मानित किया। इस पुरस्कार के साथ ही प्रत्येक विजेता को 80,000 रुपए सिंगापुरी डॉलर की राशि भी दी गई। सिंगापुरी नागरिक चन्द के माता-पिता स्विस-भारतीय मूल के थे।

# विवि में एससी-एसटी, ओबीसी छात्रों के ड्रॉप आउट पर विपक्ष ने जताई चिंता

एजेंसी। नई दिल्ली

**विपक्षी** दलों ने विभिन्न केंद्रीय विश्वविद्यालयों और राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों में अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के ड्रॉप आउट (बीच में पढ़ाई छोड़ने) के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को सरकार से इसके निदान के लिए कदम उठाने की मांग की।

विपक्षी दलों के सदस्यों ने तेलंगाना में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय स्थापित करने संबंधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 पर लोकसभा में चर्चा के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों में एससीाएसटी और ओबीसी के विद्यार्थियों के बीच में पढ़ाई छोड़ने की घटनाओं का उल्लेख करते हुए सरकार पर निशाना साधा। इससे पहले शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने विधेयक को चर्चा के लिए पेश करते हुए कहा कि प्रस्तावित संस्थान उच्च शिक्षा तक लोगों की पहुंच और इसकी गुणवत्ता में वृद्धि करेगा तथा तेलंगाना के लोगों के लिए उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान सुविधाओं को सुविधाजनक बनाएगा एवं बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि यह भारत की जनजातीय आबादी को आदिवासी कला, संस्कृति और रीति-रिवाजों तथा प्रौद्योगिकी विकास में निर्देशात्मक और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करके आधुनिक ज्ञान को भी बढ़ावा देगा। विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के सप्तगिरी शंकर उलाका ने उम्मीद जताई कि विधेयक के कानून बनने के बाद गठित होने वाला सम्मक्का सरक्का



केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय क्षेत्र की जनजातियों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी-नीत सरकार में आदिवासी विश्वविद्यालयों में आरक्षण में कटौती का आरोप लगाते हुए कहा कि भाषा की समझ और अन्य कारणों से जनजातीय समुदाय के विद्यार्थियों को बीच में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ती है। उन्होंने कहा कि एससीाएसटी और ओबीसी समुदाय के छात्रों का भला केवल ऐसे विश्वविद्यालयों के भवन निर्माण से नहीं होगा, बल्कि इसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जाने चाहिए। भाजपा की सुनीता दुग्गल ने कहा कि तेलंगाना में सत्ता में नहीं आने के बावजूद भाजपा-नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार वहां जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए विधेयक लेकर आई है, यह इस बात का स्पष्ट संकेतक है कि उनकी सरकार सत्ता मिलने या नहीं मिलने के कारण किसी राज्य से भेदभाव नहीं करती। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में केवल चार जाति देखते हैं- नारी, युवा, किसान और गरीब और वह इस सिद्धांत को मानते हैं कि इन चारों जातियों के उत्थान से ही देश का उत्थान होगा। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए. राजा ने मोदी सरकार पर धर्म और जाति की राजनीति करने का आरोप लगाया। केंद्रीय विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2023 के उद्देश्यों के अनुसार, सम्मक्का सरक्का केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना आने वाले वर्षों में क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा करेगी। इसमें लिखा गया है, आदिवासी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा, केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय किसी भी अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालय की तरह सभी शैक्षणिक और अन्य गतिविधियां संचालित करेगा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत तेलंगाना में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना अनिवार्य है।

**आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के तहत तेलंगाना में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना अनिवार्य**

# मायावती ने गरीबों के लिए मुफ्त अनाज योजना पर तंज किया

एजेंसी। लखनऊ

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना पर तंज करते हुए कहा कि देश के 81 करोड़ से ज्यादा लोगों को सरकारी अनाज का मोहताज बना देना ना तो आजादी के बाद का सपना था और ना ही संविधान बनाते समय बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने सोचा था।

मायावती ने आंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, लगभग 140 करोड़ की विशाल आबादी वाले भारत के गरीबों, मजदूरों, दलितों, आदिवासियों, अतिपिछड़ों सहित उपेक्षित बहुजनों के मसीहा व देश के



मानवतावादी समतामूलक संविधान के निर्माता भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने इसी सिलसिले में एक अन्य पोस्ट में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना पर तंज करते हुए कहा, देश के 81 करोड़ से अधिक गरीब लोगों को पेट पालने के लिए सरकारी अन्न के लिए मोहताज बना देने जैसी दुर्दशा ना यह आजादी का सपना था और ना ही उनके लिए कल्याणकारी संविधान बनाते समय बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सोचा था।

# दिल्ली जल बोर्ड में 15 साल का होगा ऑडिट

## मुख्यमंत्री ने सीएजी से कराने का लिया फैसला, बोले-विपक्ष के आरोप गलत साबित होंगे



● डीजेबी को फंड नहीं जारी किए जा रहे हैं, पानी और सीवर की समस्या हो सकती है: मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच नियंत्रक महालेखापरीक्षक (सीएजी) से ऑडिट का आदेश दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिल्ली सरकार किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने सीएजी को डीजेबी का पिछले 15 वर्ष का ऑडिट करने को कहा है। इसका मकसद डीजेबी में पारदर्शिता लाना है। साथ ही, विपक्ष की ओर से जलबोर्ड पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने के लगाए जा रहे आरोपों की सच्चाई भी लोगों के सामने लाना है। सीएम ने कहा कि ऑडिट के बाद विपक्ष के आरोप गलत साबित होंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि अगर अफसरशाही चुनी हुई सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं होगी तो सरकार चलाना मुश्किल हो जाएगा। डीजेबी को फंड नहीं जारी किए जा रहे हैं, उसकी वजह से राष्ट्रीय राजधानी में पानी और सीवर की समस्या पैदा होने की संभावना बढ़ गई है।

दिल्ली जल बोर्ड का सीएजी से ऑडिट कराने को लेकर केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड में पिछले पंद्रह सालों का ऑडिट कराने का आदेश दिया है। देश की सबसे बड़ी संस्था सीएजी से यह ऑडिट कराया जाएगा, जिसके बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। अगर किसी अधिकारी ने गड़बड़ी की है तो उसे सजा मिलनी चाहिए। लेकिन अगर गड़बड़ नहीं की है तो विपक्ष जो रोज उलटे-सीधे आरोप लगाते रहते हैं, उसकी सच्चाई सामने आ जाएगी।

डीजेबी का फंड रोक जाने पर केजरीवाल ने कहा कि अफसरशाही अगर चुनी हुई सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं होगी तो सरकार चलाना मुश्किल हो जाएगा। इस समय दिल्ली जल बोर्ड को फंड रिलीज नहीं किए जा रहे हैं। जिसके चलते दिल्ली में पानी और सीवर की भारी समस्या पैदा हो सकती है।

बुधवार को जलमंत्री आतिशी कई जगहों पर जाकर स्थिति का मुआयना किया है। कई इलाकों में सीवर ओवर फ्लो हो रहा है। फंड के अभाव में रखरखाव की भी समस्या आ रही है जिसे ठीक करना होगा। डीजेबी को ग्रांट इन एड की दूसरी इन्सटॉलमेंट रिलीज नहीं की जा रही है, जिसके चलते यह सारी समस्याएं पैदा हो रही हैं। उधर, जल मंत्री एवं दिल्ली जल बोर्ड की चेयरमैन आतिशी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस रखती है। दिल्ली सरकार ने पिछले 8 साल में न एक पैसे का भ्रष्टाचार किया है। ऐसे में अब जब जल बोर्ड को लेकर बार-बार विपक्ष द्वारा सवाल उठाये जा रहे है तो मुख्यमंत्री ने पारदर्शिता, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने और सारे तथ्यों को सामने लाने के लिए सीएजी द्वारा 15 सालों का स्पेशल ऑडिट करने का आदेश दिया है।

आतिशी के अनुसार वर्ष 2008 से अबतक दिल्ली बोर्ड का सीएजी द्वारा स्पेशल ऑडिट करवाया जायेगा, ये स्पेशल ऑडिट दिल्ली जल बोर्ड एक्ट और सीएजी के एक्ट के तहत करवाया जायेगा। सीएजी के साथ बैठकर ऑडिट की सारी प्रक्रिया तय करेंगे और सीएजी से अनुरोध करेंगे की जल्द से जल्द ये स्पेशल ऑडिट करें। अगर किसी प्रकार का भ्रष्टाचार या कोई भी अनियमितता किसी व्यक्ति के द्वारा की गई है तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कारवाई की जाएगी।

### मामले को एसीबी में ले जाएंगे: रामवीर सिंह बिधूड़ी

**नई दिल्ली।** नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि फ्लड विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार के अनेक मामलों को उजागर किया। भाजपा ने फ्लड विभाग घोटालों के चारों मामलों को मीडिया के समक्ष रखते हुए चारों मामलों का वीडियो दिखा साबित किया की संबंधित साइटों पर कोई काम नहीं क्यों चल रहा। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली के श्रेयसपुर गांव के लाल डोरे के बाहर की आबादी को एक्सटेंडेड लाल डोरा कहा गया है और यूडी विभाग ने 2008 को नक्शा भी जारी किया जिसका नंबर 71 है।



# जलबोर्ड में हुआ भ्रष्टाचार, पैसे का हिसाब से दे निगम: भाजपा

● मुख्यमंत्री जांच दबाने का कर रहे प्रयास: सचदेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की भाजपा द्वारा दिल्ली जल बोर्ड पर लगाये गये भ्रष्टाचार एवं स्कैम के आरोपों ने अब अरविंद केजरीवाल सरकार को अस्थिर करना शुरू कर दिया है।

यह हमारे आरोपों का नतीज़ा है की मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल को पहली बार दिल्ली जल बोर्ड के स्कैम एवं भ्रष्टाचार पर सफाई देनी पड़ी और दिल्ली जल बोर्ड के खातों के सी.ए.जी. द्वारा आडिट की मांग स्वीकार करनी पड़ी। सचदेवा ने कहा है की मुख्य मंत्री ने सीएजी आडिट की मांग स्वीकार कर जल बोर्ड स्कैम एवं भ्रष्टाचार को दबाने का प्रयास किया है पर भाजपा इससे चुप नही होगी और हम जल बोर्ड के और स्कैम खोलती रहेगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की 2017-18 से दिल्ली जल बोर्ड के खाते बनाये ही नही गये हैं तो फिर सी.ए.जी. आडिट किन खातों का करेगी। दिल्ली की जनता 2016-17 के सी.ए.जी. आडिट के आधार पर प्रोजेक्ट फंड हेरफेर, बैंक खातों मे हेरफेर और वाटर टैंकर घोटाले पर केजरीवाल सरकार से जवाब चाहती है।

सचदेवा ने कहा है की मुख्य मंत्री का यह कहना की अफसर दिल्ली जल बोर्ड के फंड जारी नही कर रहे एक भ्रमात्मक ब्यान है, अफसर फंड देने से मना नही कर रहे वह पहले दिये पैसे का हिसाब मांग रहे हैं जो केजरीवाल सरकार देना नही चाहती। केजरीवाल सरकार को प्रशासनिक व्यवस्था को मानने वाले अधिकारी पसंद नही आते उन्हे उदित प्रकाश जैसे अफसर पसंद आते हैं जो पद से हटाये जाने के बाद भी जल बोर्ड में स्कैम करने में साथ देते है।



पशु अधिकार दिवस विभिन्न संगठनों के जुड़े कार्यकर्ता प्रतीकात्मक जानवरों के मास्क पहने हुए। फोटो: रंजन डिमरी

# आतिशी ने आनंद विहार फ्लाईओवर का किया निरीक्षण, अधिकारियों को लगाई फटकार

● अप्रैल तक पुल तैयार करने का दिया अल्टीमेटम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पीडब्ल्यूडी** मंत्री आतिशी ने बुधवार सुबह आनंद विहार के निर्माणधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की वस्तुस्थिति जानी। आतिशी ने काम में देरी होने पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए काम में तेजी लाने के निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अप्रैल तक पूरा किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

आतिशी ने कहा कि ये फ्लाईओवर पूर्वी दिल्ली को जाम-मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम प्रोजेक्ट है। ऐसे में इसके निर्माण में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों काम को तेजी के साथ पूरा करने के लिए श्रमिकों और मशीनों की संख्या दोगुनी करने और दिन-रात काम करने के निर्देश दिए।


आनंद विहार फ्लाईओवर का निरीक्षण करती पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी।

उन्होंने आधिकारियों से हर सप्ताह की प्रोग्रेस रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा कि, अरविन्द केजरीवाल सरकार के अहम प्रोजेक्ट्स को लेकर देरी बर्दाश्त नहीं है।

निर्माण में देरी सेहर दिन हज़ारों वाहनों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है और लोगों को परेशानी होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि, वर्तमान में इस रोड स्ट्रेच पर प्लानिंग के साथ बेहतर ढंग से ट्रैफिक मैनेजमेंट किया जाए ताकि यहाँ आवाजाही करने वालों को कोई परेशानी न हो, लोगों को ट्रैफिक में फँसना न पड़े और उनका समय बचे। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत आनंद विहार आरओबी और अप्सरा बॉर्डर आरओबी के बीच रोड नंबर-56 पर करीब 1440 मीटर लंबा और छह लेन का चौड़ा फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है।

इसके निर्माण के बाद रामप्रस्थ कॉलोनी, विवेक विहार और श्रेष्ठ विहार रेड लाइट पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। इस फ्लाई ओवर से होकर प्रतिदिन औसतन 1.48 लाख वाहन गुजरेंगे। जिन्हें आवागमन में काफी सहूलियत हो जाएगी।

इस फ्लाईओवर के निर्माण के दौरान रैंप, फूटपॉथ, साइनेज, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज, हॉर्टिकल्चर समेत अन्य कार्य भी किए जाएंगे।

# सिर्फ 'आप' नि:शुल्क शिक्षा की गारंटी दे सकती है : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अन्य दलों ने आम आदमी पार्टी (आप) का एजेंडा चोरी कर लिया है और वे निशुल्क बिजली उपलब्ध कराने की बात कर रहे हैं तथा गारंटियां दे रहे हैं लेकिन इसके बावजूद निशुल्क शिक्षा उनकी सूची में नहीं है।

वह बाबा साहेब आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यहां आप कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंबेडकर 1913 में अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने के लिए गए और उन्होंने हमेशा शिक्षा पर जोर दिया। केजरीवाल ने कहा, अगर वह 10-15 साल और जीवित रहते तो वह देश में सभी सरकारी स्कूलों को सुधार देते। किसी भी दल ने शिक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा, इन दलों ने हमारा पूरा एजेंडा चुरा लिया है। वे अब सभी गारंटी दे रहे हैं और निशुल्क बिजली दे रहे हैं लेकिन निशुल्क शिक्षा की गारंटी नहीं दे रहे हैं। केवल आप ही शिक्षा की गारंटी दे सकती है। उन्होंने कहा कि आप ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी कुछ किया है।

# लापरवाही में डीडीए के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कार्य** में लापरवाही और सरकारी आदेशों की अवहेलना करने वाले अधिकारियों को सख्त संदेश देते हुए दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अपने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर छानवीर, पीडी-6 को निलंबित कर दिया है।

उन पर नरेला में सड़कों की सफाई में निर्देशों का पालन नहीं करने और काम में कोताही बरतने का आरोप है। वह नरेला क्षेत्र के प्रभारी थे। डीडीए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने पर विचार किया जा रहा है।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना व्यक्तिगत रूप से नरेला क्षेत्र के उन्नयन और रखरखाव के कार्यों का संचालन और देखरेख कर रहे हैं। उन्होंने पिछले कई महीने कई बार क्षेत्र का दौरा किया था और कई सुधारात्मक उपाय करने के लिए कहा था।



इस कड़ी में उन्होंने 26 अक्टूबर को अपने पिछले दौरे में, उन्होंने सड़कों को पक्का करने तथा सेंट्रल वर्ज की साफ-सफाई कर चमकाने के विशेष निर्देश दिए थे। दरअसल, खस्ताहाल सड़कों से उड़ने वाली धूल क्षेत्र में वायु प्रदूषण में वृद्धि कर रही थी।

● उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निर्देशों का पालन नहीं करने का आरोप

इसके बावजूद 2 दिसंबर को हुए उनके हालिया दौरे में हालात असंतोषजनक दिखाई दिए, जिसकी वजह से उपराज्यपाल को दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के निर्देश देने पड़े, ताकि अधिकारियों की जवाबदेही तय की जा सके और इससे दूसरों के लिए भी एक उदाहरण स्थापित किया जा सके। इसके बाद 5 दिसंबर को एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, छानवीर के निलंबन के आदेश जारी कर दिए गए।

# दिल्ली दंगा: ईडी के विशेष निदेशक तलब

● कोर्ट ने अभियोजन पक्ष के वकीलों की अनुपस्थिति पर जताई नाखुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) की जांच वाले 2020 के दिल्ली दंगों के एक मामले में अभियोजन पक्ष के वकीलों की अनुपस्थिति पर नाखुशी व्यक्त करते हुए दिल्ली की एक अदालत ने धन शोधन रोधी एजेंसी के विशेष निदेशक को उसके समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमिताभ रावत ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन के खिलाफ मामले की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। हुसैन पर नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को बढ़ावा देने और सांप्रदायिक दंगे भड़काने के लिए छद्म कंपनियों का उपयोग करके कई करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है।

मंगलवार को सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि जांच अधिकारी (आईओ) सुनवाई के दौरान मौजूद नहीं थे और अभियोजन पक्ष की ओर से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अदालत ने लगभग आधे घंटे तक इंतजार किया और हुसैन द्वारा अपने वकील के माध्यम से दायर एक आवेदन पर ईडी के जवाब की प्रति प्रदान करने के अदालत के पिछले निर्देश के बावजूद, ऐसा नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा कि ईडी की ओर से जवाब भी दाखिल नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा, पहले भी, अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में जवाब दाखिल करने और अन्य दलीलों के लिए कोई उपस्थित नहीं हुआ।

हालांकि, यह कहा गया था कि ऐसा दोबारा नहीं होगा, फिर भी यह दोबारा हुआ है। न्यायाधीश ने आदेश दिया, विशेष निदेशक (प्रवर्तन निदेशालय) अगली तारीख यानी आठ दिसंबर को दोपहर दो बजे व्यक्तिगत रूप से पेश हों। अदालत ने अगली सुनवाई के दौरान हुसैन को भी पेश करने का निर्देश दिया।

# बृजभूषण के खिलाफ पुलिस ने लिखित दलीलें कीं दाखिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**महिला** पहलवानों की ओर से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस ने बुधवार को यहां की एक अदालत के समक्ष लिखित दलीलें दायर कर अपना रुख स्पष्ट किया कि क्या इस मामले में आरोपों को तय किया जाय या नहीं।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने मामले में आरोपियों के साथ-साथ शिकायतकर्ताओं की ओर से पेश होने वाले अधिवक्ताओं को दलीलों की प्रति प्रदान की। न्यायाधीश इस मामले की अगली सुनवाई 20 को करेंगे।

न्यायाधीश ने कहा, मामला अभियोजन पक्ष की ओर से लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए सूचीबद्ध है। प्रति प्रदान की गई। मामले में यदि कोई स्पष्टीकरण है तो इसे 20 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया जाता है। सिंह डब्ल्यूएफआई के निलंबित सहायक सचिव एवं सह-आरोपी विनोद तोमर के साथ अदालत में पेश हुए। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ 15 जून को आरोपपत्र दायर किया था।

### स्कूलों में शीतकालीन छुट्टियां 15 से घटाकर छह की गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों में शीतकालीन अवकाश को 15 दिन से घटाकर छह कर दिया गया है। शीतकालीन अवकाश की शुरुआत एक जनवरी 2024 से होगी।


शिक्षा निदेशालय ने एक परिपत्र में बुधवार को यह जानकारी दी। आदेश से पहले शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए शीतकालीन अवकाश एक जनवरी से 15 जनवरी तक निर्धारित किया गया था।

परिपत्र के अनुसार यह सुनिश्चित करने के लिए कि दिल्ली में खराब वायु गुणवत्ता के कारण छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसलिए शीतकालीन अवकाश के एक भाग के तौर पर स्कूलों में 9 नवंबर से 18 नवंबर तक छुट्टी की गई थी।

# दक्षिण एशिया के सबसे बड़े सिक्योरिटी एक्सपो का आज से आगाज

## प्रगति मैदान में आयोजित एक्सपो में 20 देशों के 300 से अधिक ब्रांड व 1200 उद्योग लेंगे भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**प्रगति** मैदान में आज (बृहस्पतिवार)से दक्षिण एशिया के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक, औद्योगिक और होमलैंड सिक्योरिटी शो का आगाज हो रहा है। इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉफ्रेंस (आईएफएसईसी) इंडिया एक्सपो का तीन दिवसीय आयोजन आयोजन हॉल नंबर 5 में 7 से 9 दिसंबर तक किया जाएगा।

प्रगति मैदान में शुरू होने वाले दिवसीय एक्सपो में सुरक्षा और अग्नि सुरक्षा उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इंफॉर्मा मार्केट्स द्वारा आयोजित इस एक्सपो का आगाज 10.30 बजे से इस बार 20 से अधिक देशों के 300 से अधिक ब्रांडों की भागीदारी और 12,000 उद्योग खरीदारों, नीति निर्माताओं, सरकारी अधिकारियों, पीएसयू, सीएसओ और सोल्यूशन इंटीग्रेटर्स के हिस्सा लेने का अनुमान है। इस शो में वीडियो सर्विलांस, बायोमेट्रिक्स और आरएफआईडी, एक्सेस कंट्रोल, एआई, आईओटी, सुरक्षित शहर, सूचना सुरक्षा, जीपीएस सिस्टम, वीडियो एनालिटिक्स और इंटेलिजेंट बिल्डिंग सहित उत्पादों और समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुरक्षा पेशेवरों के लिए 360 डिग्री की पेशकश का प्रदर्शन करेगा। आईएफएसईसी इंडिया के 16वें संस्करण पर इन्फोर्मा मार्केट इन इंडिया के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि हम अपने सुरक्षा बुनियादी ढांचे को डिजिटल बनाकर वास्तविक समय संचार की सुविधा प्रदान करके एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं जो लाइव घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करता है।

उन्होंने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था के समृद्ध परिदृश्य में सुरक्षा की बढ़ती मांग एक परिवर्तनकारी युग को रेखांकित करती है। जहां स्मार्ट सुरक्षा भौतिक और डिजिटल क्षेत्रों के बीच की सीमाओं को पार करता है।

उन्होंने कहा कि इंटेलीजेंट अलर्ट सिस्टम के साथ उन्नत वीडियो सर्विलांस का तालमेल सुरक्षा प्रोटोकॉल में क्रांति ला रहा है। प्रदर्शनी में दक्षिण एशियाई देशों की प्रमुख कंपनियों के अत्याधुनिक उत्पाद का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे पहले भी फायर और सिक्योरिटी उपकरणों का प्रदर्शन एक्सपो के पिछले संस्करणों में किया गया जिसे लोगों ने खासा सराहा था।

एक्सपो में प्रमुख उपकरणों जैसे रात में देखने की सुविधा वाले निगरानी कैमरे, नाइट विजन निगरानी कैमरे, सुरक्षा द्वार, डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर, एनकोडर और डिकोडर, सुरक्षा अलार्म प्रणाली जैसे अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी उत्पाद प्रदर्शित किये जाएंगे। इसमें ड्रोन के उन्नत संस्करण विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र होंगे।

## संक्षिप्त समाचार


भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पाजंलि अर्पित करते लवली।

### भीमराव अम्बेडकर को कांग्रेस ने किया याद

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। इस अवसर पर लवली ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज में विशेषतौर पर दलित और पिछड़ों को न्याय और समानता के अधिकारों के लिए जो लम्बी लड़ाई लड़ी थी, आज उसका परिणाम भारत जैसे विभिन्न संस्कृतियों वाले देश में सामाजिक विकास को देखकर लगाया जा सकता है। वहीं नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने डॉक्टर भीमराव रामजी अम्बेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उन्हें नगरपालिका परिषद काउंसिल रूम, पालिका केंद्र में फूलों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की ।

### ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी, पुलिसकर्मी घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कैंट इलाके में एक हिट एंड रन मामले में बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार पुलिस कर्मी को टक्कर मार दी। पुलिस ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जगह के रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के मुताबिक घायल पुलिसकर्मी की पहचान 53 सालक के राजेन्द्र सिंह के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ खेरा रोड नजफगढ़ में रहते है। राजेन्द्र दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में एएसआई के तौर पर तैनात है। फिलहाल अभी वे चाणक्यपुरी सर्कल में तैनात है। राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार रात वह दिल्ली कैंट होते हुए ड्यूटी खत्म करके बाइक से घर जा रहे थे। करीब 11 बजकर 20 मिनट पर आईओसी लाल बत्ती रोड पर ट्रक ने पीछे से उनकी बाइक में टक्कर मार दी। वह बाइक के साथ सड़क पर काफी दूरी तक घसीटता हुआ गया। फरार होने के लिये ट्रक चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और मौके से फरार हो गया।

### इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पकड़े गए 474 दलाल

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने इस साल अबतक 474 दलालों को पकड़ा है। ये दलाल विदेश जाने की चाह रखने वाले लोग किसी भी तरह से विदेश जाने का जुगाड़ ललाशने वालों को निशाना बनाते थे। वर्ष 2022 में करीब 220 दलालों को आईजीआई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। जबकि इस साल अभी तक 474 दलालों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। आईजीआई एयरपोर्ट के डीसीपी देवेश कुमार महला ने बताया कि आईजीआई एयरपोर्ट पर अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों की लगातार पता किया जा रहा है और उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईजीआई एयरपोर्ट पर टाउटिंग(दलाली) एक ऐसा खतरा है जो यात्रियों की सुरक्षा के लिए खतरा तो है ही देश की छवि भी खराब करते है। यह लोग लगातार अवैध गतिविधियों में शामिल होते है और यात्रियों को खतरा में डालते है।

### जियोटैगिंग की समय सीमा पर भाजपा ने उठाये सवाल

**नई दिल्ली।** बीजेपी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि यह अफसोसजनक है कि दिल्ली नगर निगम प्रशासन दिल्ली के संपत्ति मालिकों, खासकर छोटे आवासीय फ्लोर और फ्लैटों के मालिकों को परेशान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। एक घोषणा में एमसीडी ने लोगों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि यदि वे वर्ष 2024-25 के लिए कर राहत लेना चाहते हैं तो उन्हें अपनी संपत्तियों की जियोटैगिंग की प्रक्रिया 31 जनवरी 2024 तक पूरी करनी होगी। जियोटैगिंग एक तकनीकी कार्य है। एमसीडी के पंजीकृत 16 लाख से अधिक आवासीय संपत्तियां हैं और कोई यह नहीं समझ पा रहा है कि16 लाख संपत्ति मालिकों से लगभग 50 दिनों में जियोटैगिंग पूरा करने की उम्मीद कैसे करती है।



# बिगड़ रही खेतों की सेहत, हर साल उत्पादन को हो रहा प्रति हेक्टेयर 3654 रुपये का नुकसान

## जमीन की सेहत में आती गिरावट का सबसे ज्यादा खामियाजा उत्तर प्रदेश के किसानों को भुगतना पड़ रहा है, जहां हर साल प्रति हेक्टेयर 15,212 रुपये का नुकसान हो रहा है

**भारत** में भूमि गुणवत्ता में आती गिरावट से कृषि उत्पादकता को हर वर्ष औसतन 3,654 रुपये प्रति हेक्टेयर का नुकसान हो रहा है। बता दें कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के शोधकर्ताओं द्वारा नुकसान की यह गणना 2011-12 की कीमतों के आधार पर की गई है।

वहीं रिसर्च में यह भी सामने आया है कि भू-क्षरण में एक फीसदी की वृद्धि के चलते कृषि उत्पादकता को होने वाला यह नुकसान प्रति हेक्टेयर औसतन 104 रुपये बढ़ जाएगा। हालांकि साथ ही शोधकर्ताओं ने यह भी जानकारी दी है कि भूमि क्षरण में 10 फीसदी की गिरावट से उत्पादकता को होने वाला नुकसान घटकर 3,145 रुपये प्रति हेक्टेयर रह जाएगा। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के शोधकर्ताओं द्वारा किए इस अध्ययन के नतीजे जर्नल लैंड डिग्रडेशन एंड डेवलपमेंट में प्रकाशित हुए हैं।

नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी (एनआरएसए) के हालिया अनुमान के मुताबिक देश में करीब 9.64 करोड़ हेक्टेयर जमीन यानी देश का करीब 29.3 फीसदी हिस्सा भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट से जूझ रहा है। वहीं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के मुताबिक देश में करीब 12 करोड़ हेक्टेयर जमीन गुणवत्ता में आती गिरावट का शिकार है। देखा जाए तो 21वीं सदी में भू-क्षरण भारतीय कृषि के लिए एक बड़ी समस्या बन कर उभरा है। एक तरफ जहां इस दौरान कृषि में आधुनिकरण का समावेश हुआ है, जिसके चलते नई तकनीकों और कृषि पद्धतियों ने पैदावार को बढ़ाने में मदद की है वहीं, दूसरी तरफ इस दौरान भू-क्षरण और भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट ने नई चुनौतियां भी पैदा की हैं।

### उत्तर प्रदेश के किसानों को हो रहा है सबसे ज्यादा नुकसान

राज्य-स्तरीय आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि राज्यों में भू-क्षरण के कारण सालाना होने वाले आर्थिक नुकसान में काफी विभिन्नताएं हैं। उदाहरण के लिए जहां उत्तरप्रदेश में भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट से प्रति हेक्टेयर 15,212 रुपये का नुकसान हो रहा है। वहीं, केरल में यह नुकसान 7,489 रुपये प्रति हेक्टेयर, पश्चिम बंगाल में 5,856 रुपये, कर्नाटक में 5,843 रुपये, असम में 5,168, महाराष्ट्र में 4,902, आंध्र प्रदेश में 4,741 जबकि दिल्ली 3,940 रुपए प्रति हेक्टेयर आंका गया है। यह सभी वो राज्य या केंद्र शासित प्रदेश हैं जहां भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट से कृषि उत्पादकता को होने वाला नुकसान राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। वहीं इसके विपरीत अरुणाचल प्रदेश में इसकी वजह से प्रति हेक्टेयर 51 रुपये जबकि सिक्किम में 72 रुपये का नुकसान हो रहा है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर में 105, मिजोरम में 283, पंजाब में 653 और मेघालय में 901 जबकि मणिपुर में 953 और उत्तराखंड में प्रति हेक्टेयर 968 रुपये का नुकसान झेलना पड़ रहा है। भूमि की गुणवत्ता में आती यह गिरावट केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। वैश्विक स्तर पर भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट के जो आंकड़े यूएन कन्वेंशन टू कॉम्बैट डेजर्टिफिकेशन (यूएनसीसीडी) ने साझा किए हैं उनके मुताबिक 2015 से करीब मध्य एशिया के बराबर 42 करोड़ हेक्टयर उपजाऊ जमीन भू-क्षरण की भेंट चढ़ चुकी है। इसकी वजह से दुनिया भर में दाने-पानी की समस्या पैदा हो गई है, जो सीधे तौर पर 130 करोड़ लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है। यूएनसीसीडी की मानें तो हर साल कम से कम 10 करोड़ हेक्टेयर स्वस्थ्य और उत्पादक जमीन अपनी गुणवत्ता खो रही है। यूएनसीसीडी ने अपने एक बयान में कहा है कि यदि भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट का यह रुझान जारी रहता है तो इससे निपटने के लिए 2030 तक 150 करोड़ हेक्टेयर भूमि को बहाल करने की आवश्यकता होगी। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट विकासशील देशों में कृषि उत्पादकता को बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी को दूर करने के राह में एक बड़ी चुनौती है। अनुमान है कि यह दुनिया भर में करीब 300 करोड़ लोगों की जीविका को प्रभावित कर रही है। विशेष रूप से छोटी जोत वाली किसान भू-क्षरण के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान के प्रति कहीं ज्यादा संवेदनशील है। शोधकर्ताओं ने अपने निष्कर्ष में यह भी कहा है कि भूमि और जल संरक्षण संबंधी उपायों को लागू करने से भूमि की गुणवत्ता में आती गिरावट और उससे होने वाले आर्थिक नुकसान को सीमित किया जा सकता है। इससे न केवल नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी साथ ही पैदावार में भी इजाफा किया जा सकेगा। भारत सरकार ने भी 2030 तक 2.6 करोड़ हेक्टेयर भूमि को बचाने का लक्ष्य रखा है सात देखा जाए तो यह गुणवत्ता में गिरावट से जूझ रही जमीन को फिर से उपजाऊ बनाने के लिए किया गया एक सार्थक प्रयास है।

# तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में भारी नुकसान के बाद चक्रवात मिचौंग पड़ा कमजोर



उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, उत्तरी तेलंगाना छत्तीसगढ़, ओडिशा तथा पूर्वी विदर्भ में हल्की से भारी बारिश होने के आसार

**मौसम** विभाग के अनुसार, मध्य तटीय आंध्र प्रदेश पर चक्रवाती तूफान मिचौंग के अवशेष अब गहरे अवसाद या डिप्रेशन में बदलकर यह पिछले छह घंटों के दौरान 11 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के साथ लगभग उत्तर की ओर बढ़ गया है। यह अवसाद या डिप्रेशन में बदलकर कमजोर पड़ गया है, आज, छह दिसंबर, 2023 को भारतीय समयानुसार 05:30 बजे यह इसी क्षेत्र में बना हुआ था।

यह पूर्वोत्तर तेलंगाना और निकटवर्ती दक्षिण छत्तीसगढ़ से लेकर दक्षिण आंतरिक ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश के निकट, खम्मम से लगभग 50 किमी पूर्व-उत्तर-पूर्व में, विजयवाड़ा के गन्नावरम से 110 किमी उत्तर-उत्तर-पश्चिम में और जगदलपुर से 250 किमी दक्षिण-पश्चिम में है।

चक्रवाती प्रणाली के उत्तर की ओर बढ़ने और अगले छह घंटों के दौरान अच्छी तरह से कम दबाव के क्षेत्र में बदलकर कमजोर पड़ने की संभावना जताई गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारी बारिश और बाढ़ के बाद चेन्नई में कामकाज ठप हो गया था। बारिश से संबंधित घटनाओं के कारण शहर में 17 लोगों की मौत होने की जानकारी है। वहीं, ग्रेटर चेन्नई में डूबने और बिजली का झटका लगने की कम से कम दस घटनाएं सामने आई, जिन्हें चिकित्सा सहायता दी गई है। आंध्र प्रदेश में चक्रवात मिचौंग के कारण 194 गांवों और दो शहरों के 40 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए और 25 गांवों में बाढ़ आई। ओडिशा के मलकानगिरी, कोरापुट, रायगड़ा, गंजम, गजपति और कालाहांडी जिलों में हल्की बारिश हुई और रात में इसकी तीव्रता बढ़ने के अभी भी आसार हैं।

**चक्रवाती तूफान के चलते भारी बारिश की चेतावनी**

चक्रवाती तूफान मिचौंग का भारत के कुछ राज्यों पर अभी भी असर बना हुआ है जिसके कारण छह दिसंबर को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम और कुछ इलाकों में भारी बारिश होने की आशंका जताई थी। अब उत्तरी तेलंगाना के कुछ इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश तथा कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने के आसार हैं। छह दिसंबर को ओडिशा के कई इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा और कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका है।

छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने के आसार हैं। वहीं छह दिसंबर को पूर्वी विदर्भ के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश तथा कुछ इलाकों में बादलों के जमकर बरसने की आशंका जताई गई थी। तूफानी गतिविधि को देखते हुए, मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी दी थी। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उत्तरी आंध्र प्रदेश तट के साथ-साथ, पूर्वोत्तर तेलंगाना और आसपास के दक्षिण छत्तीसगढ़, दक्षिण आंतरिक ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में 35 से 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तूफानी हवाओं के और तेज होकर 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार में तब्दील होने की आशंका जताई गई है। ओडिशा तट, दक्षिण आंध्र प्रदेश तट पर और उससे दूर 30 से 40 किमी प्रति घंटे से लेकर 50 किमी प्रति घंटे तक की तेज तूफानी हवाएं चलने के आसार हैं। उपरोक्त तूफानी हवाओं को देखते हुए मौसम विभाग ने मछुआरों को इन इलाकों में मछली पकड़ने तथा किसी तरह के व्यापार से संबंधित काम के लिए न जाने की चेतावनी जारी की है।

**- साभार-डीटीई**

# जानवरों के हमलों में हताहतों की संख्या 19 फीसदी से अधिक बढ़ी: एनसीआरबी



**राष्ट्रीय** अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में जानकारी दी है कि 2021 के मुकाबले 2022 में जानवरों के हमलों में मारे गए या घायल लोगों की संख्या में 19 फीसदी का इजाफा हुआ है।

केंद्र सरकार द्वारा चार दिसंबर, 2023 को जारी रिपोर्ट क्राइम इन इंडिया 2022 के हवाले से पता चला है कि जहां जानवरों के हमलों में 2021 के दौरान 1264 से अधिक लोग घायल हुए या मारे गए थे। वहीं 2022 में 19 फीसदी की वृद्धि के साथ यह आंकड़ा बढ़कर 1510 पर पहुंच गया है।

विश्लेषण से पता चला है कि जानवरों द्वारा मारे या घायल हुए लोगों में पुरुषों की संख्या 1,205 थी, जबकि महिलाओं का आंकड़ा 305 दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक हताहतों की अधिकतम संख्या 45 से 60 वर्ष के लोगों की थी, जिनमें 378 पुरुष और 106 महिलाएं थीं। इसके बाद 30 से 45 वर्ष की उम्र के हताहतों का आंकड़ा 437 रिकॉर्ड किया गया, जिनमें 356 पुरुष और 81 महिलाएं थीं। विश्लेषण से पता चला है कि सबसे ज्यादा मामले महाराष्ट्र में सामने आए थे, जिनकी संख्या 225 दर्ज की गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 182, ओडिशा में 144, तमिलनाडु में 138 और छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश में क्रमश: 114 और 113 मामले सामने आए।

इसके अलावा रिपोर्ट के मुताबिक जानवरों, सरीसृपों और कीटों के काटने की संख्या में भी 16.7 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो 2021 में 897 से बढ़कर 2022 में 1,077 हो गई है। इनमें से 768 पुरुष और 299 महिलाएं इनका शिकार बनी थीं। इन घटनाओं के सबसे अधिक मामले राजस्थान में दर्ज की गए, जिनका कुल आंकड़ा 232 दर्ज किया गया। इसके बाद 190 घटनाओं के साथ मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा। वहीं तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में क्रमश: 134 और 103 घटनाएं दर्ज की गई।

**-साभार-डीटीई**

# डेंगू के वायरस को और खतरनाक बना रही है बदलती जलवायु, वैज्ञानिकों ने चेताया

**जैसे-जैसे** डेंगू वैश्विक डेंगू क्षेत्र से आगे बढ़ रहा है, वैज्ञानिक इस बीमारी के बारे में पारंपरिक ज्ञान को खारिज कर रहे हैं। डेंगू के संक्रामक संक्रमण के बारे में अनजान और खतरे बरकरार हैं। शोध में कहा गया है कि अब मच्छर जनित बीमारी के प्रति प्रतिरक्षा के बारे में पारंपरिक ज्ञान के रूप में स्वीकार की जाने वाली धारणा गलत हो सकती है।

यह शोध महामारी विज्ञान मॉडल और निकारागुआ में 4,400 से अधिक लोगों के आंकड़ों पर आधारित है। शोध के हवाले से शोधकर्ता ने कहा कि प्रतिरक्षा विज्ञानी डेंगू के प्रति जनसंख्या की प्रतिरक्षा को समझने के लिए एक नया ढांचा विकसित करने का समय आ गया है।

दशकों से यह माना जाता था कि जब एक बार आप डेंगू वायरस से संक्रमित हो जाते हैं, तो प्रतिरक्षा जीवन भर बनी रहती है। यह मत अवलोकन संबंधी आंकड़ों के सामने कायम रही, जिसमें पाया गया कि जो लोग पहले संक्रमित थे, उनके दोबारा संक्रमित होने के बहुत अधिक आसार होते हैं।

लेकिन शोधकर्ताओं के एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने अब निर्णायक रूप से दिखाया है कि प्रतिरक्षा न केवल कम हो जाती है, बल्कि घटती-बढ़ती रहती है। यह एक ऐसी खोज से पता चलता है कि डेंगू संक्रमण पहले की तुलना में कहीं अधिक जटिल है। साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन में प्रकाशित एक नए शोध पत्र की मुख्य लेखिका रोजमेरी ए. आओगो लिखती हैं, ऐसा माना जाता है कि कई डेंगू वायरस सीरोटाइप के संक्रमण से डेंगू रोग से स्थायी सुरक्षा मिलती है। ए. आओगो ने शोध के निष्कर्षों का हवाला देते हुए कहा बार-बार डेंगू संक्रमण के बाद लंबे समय तक एंटीबॉडी में कमी देखी गई है। ए. आओगो और उनकी टीम ने पाया कि जब अगली महामारी आई तो एंटीबॉडी के घटने के बाद एंटीबॉडी में बढ़ोतरी हुई। उनकी टीम की खोज ने एक नए मॉडल के निर्माण में मदद दी जो डेंगू संक्रमण के प्रति आबादी की संवेदनशीलता का सबसे अच्छा वर्णन करता है, विशेष रूप से डेंगू के प्रकोप की चक्रीय प्रकृति के बारे में।

जब डेंगू की बात आती है, तो लोग स्थायी रूप से प्रतिरक्षित नहीं होते हैं, लेकिन संक्रमण के प्रति संवेदनशील होते हैं, फिर प्रतिरक्षित होते हैं और अंतत: फिर से संवेदनशील होते हैं। इसलिए, ए. आओगो और उनकी टीम द्वारा नया प्रस्तावित मॉडल का प्रस्ताव रखा गया। डेंगू एक विनाशकारी संक्रामक संक्रमण है जो एडीज एजिप्टी मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलता है। उड़ने वाली हाइपोडर्मिक वायरस जो भारी प्रकोप के दौरान तेजी से फैलता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि डेंगू की कई महामारियां शहरों में होती हैं।

कभी हड्डी तोड़ बुखार के नाम से जाना जाने वाला डेंगू संक्रामक संक्रमण की वजह से भयंकर सिरदर्द, तेज बुखार, मतली, उल्टी, ग्रंथियों में सूजन और शरीर में दाने हो सकते हैं। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि बहुत से लोग जो संक्रमित होते हैं उनमें कोई लक्षण ही नहीं होते हैं। हालांकि, दुर्लभ मामलों में, डेंगू रोग घातक हो सकता है।

ए. आओगो और उनके सहयोगियों द्वारा किए गए नए शोध में निकारागुआ में 4,478 बच्चों और वयस्कों के रक्त के नमूनों की जांच की गई, जो दुनिया के डेंगू वाले इलाकों के केंद्र में स्थित एक देश है। यह मध्य अमेरिका से लेकर अधिकांश दक्षिण अमेरिका तक फैला है, फिर महासागरों और टाइम जोन जो अधिकांश उप-सहारा अफ्रीका, भारत और दक्षिण पूर्व एशिया को भी शामिल करता है।

2023 में दुनिया का सबसे भयानक डेंगू का प्रकोप प्रमुख डेंगू के इलाके वाला क्षेत्र में था, जिससे बांग्लादेश में हजारों लोग प्रभावित हुए। वहां, मच्छर से फैलने वाले वायरस से 12 नवंबर तक लगभग 1,500 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2,91,000 से अधिक लोग संक्रमित हुए। मैरीलैंड के बेथेस्डा में यूएस नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इनफेक्शियस डिजीज में संक्रामक रोगों की प्रयोगशाला में एक संक्रामक महामारी विशेषज्ञ ए. आओगो ने कहा कि उन्होंने और उनकी टीम ने अपने निकारागुआ के आंकड़ों से अतिरिक्त अनोखे निष्कर्ष निकाले। शोधकर्ताओं का कहना है कि वे अब सटीक तरीके से पूर्वानुमान लगा सकते हैं कि निकट संबंधी जीका वायरस का संक्रमण डेंगू से सुरक्षा प्रदान कर सकता है और यहां तक कि व्यापक पैमाने पर डेंगू के फैलने में देरी भी कर सकता है। वास्तव में, हाल ही में जीका के प्रकोप के कारण अगली डेंगू महामारी में देरी हो सकती है, लेकिन बाद में डेंगू वायरस का पुनरुत्थान हुआ, जिसने ज्यादातर कमजोर लोगों को प्रभावित किया, जैसा कि अध्ययन में पाया गया है।

डेंगू और जीका दोनों वायरस फ्लेवीवायरस परिवार से संबंधित हैं, जो न केवल करीबी रिश्तेदार हैं, वे एक ही क्षेत्र में फैलते हैं और पिछले दशक में बड़ी महामारी का कारण बने हैं। तथ्य यह है कि एक दूसरे के खिलाफ प्रतिरक्षा प्रदान कर सकता है, यह एक ऐसी खोज है जिसका संक्रामक और टीकों के विकास के लिए व्यापक प्रभाव है।

अपने अध्ययन में, एओगो और सहकर्मियों ने विनाशकारी 2016 और 2017 में जीका महामारी के प्रभाव का विश्लेषण किया, जिससे पता चला कि जीका वायरस डेंगू के खिलाफ प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त था। इस जानकारी के साथ, टीम, जिसमें मानागुआ में निकारागुआ के सस्टेनेबल साइंसेज इंस्टीट्यूट के वायरोलॉजिस्ट शामिल थे, वैज्ञानिकों के पास अब नए आंकड़ों का भंडार है क्योंकि वे भविष्य में फ्लेविवायरस महामारी का सामना कर रहे हैं।



*वैज्ञानिकों के मुताबिक, दुनिया भर में जलवायु परिवर्तन ने डेंगू फैलाने वाले मच्छरों को दुनिया के नए लेकिन अब गर्म क्षेत्रों में अपना विस्तार करने में मदद की है*

**- साभार-डीटीई**

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 07 दिसंबर, 2023



## संक्षिप्त समाचार

### जब तक चल सकता हूं, आईपीएल खेलता रहूंगा : मैक्सवेल

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के स्टार हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि जब तक वह चल पा रहे हैं, दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग आईपीएल में खेलते रहेंगे। 35 वर्षीय के मैक्सवेल हाल ही में आस्ट्रेलिया की विश्व कप जीत के नायकों में से एक रहे हैं। वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेलेंगे। मैक्सवेल ने कहा, आईपीएल शायद आखिरी टूर्नामेंट होगा जो मैं खेलता रहूंगा। जब तक मैं चल सकता हूं, आईपीएल खेलता रहूंगा। उन्होंने कहा, मेरे पूरे कैरियर में आईपीएल का काफी योगदान रहा है। जिन लोगों से मैं मिला हूं या जिन कोचों के मार्गदर्शन में खेला है। जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेला हूं। इससे मुझे बहुत फायदा मिला है।

### टी-20 विश्वकप से पहले वापसी सकते हैं फाफ डु प्लेसी

**अबुधाबी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डु प्लेसी ने संकेत दिया है कि वह अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। डुप्लेसी ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के कोच रॉब वाल्टर से पिछले कुछ समय से संपर्क में हैं। उन्होंने आखिरी बार टी-20 मैच 2020 में खेला था जबकि दक्षिण अफ्रीका के लिए आखिरी मैच फरवरी 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट खेला था। उन्होंने अबुधाबी टी-10 लीग के प्रसारक से कहा , मुझे लगता है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लौट सकता हूं। हम पिछले कुछ समय से इस पर बात कर रहे हैं। मैंने नए कोच से इस पर बात की है। अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप में संतुलन देखना होगा। डुप्लेसी ने दुनिया भर की टी-20 लीग में शानदार प्रदर्शन किया है।

### अफगानिस्तान के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगा भारत

**दुबई।** भारत शुक्रवार को एशियाई क्रिकेट परिषद पुरुष अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के शुरूआती मैच में अफगानिस्तान से भिड़ेगा। पाकिस्तान शुरूआती दिन के दूसरे मैच में नेपाल के सामने होगा। भारत और चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना रविवार को होगा। अमीरात क्रिकेट बोर्ड की मेजबानी में आयोजित किए जा रहे इस 50 ओवर के टूर्नामेंट में आठ टीम शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। इन टीम को चार चार के दो ग्रुप में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में भारत, अफगानिस्तान, नेपाल और पाकिस्तान शामिल हैं।

# जॉनसन को मिली वॉर्नर पर टिप्पणी करने की सजा

## ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान सीरीज में नहीं कर पाएंगे कमेंट्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**





**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन और डेविड वॉर्नर इन दिनों विवादों में घिरे हुए हैं। जॉनसन ने अपने कॉलम में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वॉर्नर के चयन पर निशाना साधा था। जॉनसन ने कहा था कि वॉर्नर का चयन इस वजह से हुआ कि वह सीरीज के बाद संन्यास ले रहे हैं, न कि उनकी फॉर्म की वजह से हुआ था। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ने साथ ही कहा कि मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली से मौजूदा खिलाड़ियों के रिश्ते बेहद अच्छे हैं। वह प्रदर्शन के आधार पर नहीं बल्कि संबंध के आधार पर टीम का चयन कर रहे हैं। इस विवाद के बाद से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में खलबली मच गई।

उन्होंने कहा, लोगों को मेरा कॉलम पसंद आया और उससे जुड़े हैं। उन्हें ऐसा लगा कि इसका एक निजी पक्ष भी है, जो कि वाकई है। लेकिन जब मैंने आर्टिकल लिखे हैं, तो मैंने हमेशा यह कोशिश की है कि मैं जो भी लिखूं, बाद में उसका बचाव करने की पूरी तैयारी रखूं। दरअसल, जॉनसन ने कहा था कि वह ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान टेस्ट सीरीज के लिए ट्रिपल एम कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। हालांकि, कंपनी द्वारा मंगलवार को जारी कमेंटेटरों की लिस्ट में उनका नाम शामिल नहीं था। इसमें मर्व ह्यूज, वसीम अकरम और मार्क टेलर जैसे दिग्गजों के नाम थे, लेकिन जॉनसन को इससे बाहर किया गया है। वॉर्नर पर कॉलम के जरिये निशाना साधने के दो दिन बाद पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने इसके पीछे के कारण का खुलासा किया था। साथ ही अपने कॉलम पर ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता जॉर्ज बेली की प्रतिक्रिया को बचकाना और बेतुका बताया था।

### टीम हित में फैसले करने से डरते हैं बेली

जॉनसन ने कहा- वॉर्नर ने जो मैसेज मुझे किया था, वह काफी निजी था। इससे पहले तक हमारे रिश्ते उतने बुरे नहीं थे जितने उस मैसेज के बाद हुए थे। यही वह क्षण था, जिसने मुझे यह आर्टिकल लिखने के लिए प्रेरित किया। उसमें भी मैंने कुछ बातें ही बोली हैं, ज्यादा नहीं। निश्चित तौर पर वह एक कारण था। उस मैसेज में कुछ बातें जो कही गई थीं, मैं कभी उन्हें या किसी को नहीं कहूंगा। अब यह वॉर्नर पर है कि वह मुझसे इस मसले पर बात करते हैं या नहीं। जॉनसन ने कहा कि बेली ऑस्ट्रेलियाई टीम के मौजूदा खिलाड़ियों के इतने करीब हैं कि वे टीम के हित में और कड़े फैसले करने से डरते हैं। वॉर्नर के चयन पर हमले का जवाब देते हुए बेली ने कहा था- मुझे इसके छोटे-छोटे स्क्रीनशॉट भेजे गए हैं। मुझे उम्मीद है कि वह ठीक हैं। अब इसके जवाब में जॉनसन ने कहा- यह पूछना कि क्या मैं ठीक हूं क्योंकि मुझे मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं, इससे उन्होंनेमेरे आर्टिकल का मजाक उड़ाने की कोशिश की है, जो कि गलत बात है।

# वॉर्नर के विकल्प का चयन फॉर्म नहीं, क्लास के आधार पर करें

### सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेलेगा दिग्गज ओपनर

**एजेंसी। मेलबर्न**



**आस्ट्रेलिया** के टेस्ट बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से अपील की है कि डेविड वॉर्नर के टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद उनके विकल्प का चयन फॉर्म नहीं बल्कि क्लास के आधार पर करें। वॉर्नर पाकिस्तान के खिलाफ तीन जनवरी से अपने शहर सिडनी में अपना आखिरी टेस्ट खेलेंगे।

ख्वाजा अपने अगले जोड़ीदार को लेकर अधिक चिंतित नहीं है लेकिन उन्होंने चयनकर्ताओं से सही खिलाड़ी के चयन का आग्रह किया।

उन्होंने सेन रेडियो से कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता कि मेरा अगला जोड़ीदार कौन है। चयनकर्ता जिसे भी चुनना चाहते हैं, चुनें। उन्होंने कहा , आप टीमों का चयन फॉर्म के आधार पर नहीं करते। आप यह देखते हैं कि सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कौन है। अगर फॉर्म के आधार पर टीम चुनी जाए तो आस्ट्रेलियाई टीम में हर दूसरे सप्ताह बदलाव होगा। क्लास स्थाई होती है और फॉर्म क्षणिक। देखते हैं कि वे किसे चुनते हैं।

# इंग्लैंड ने भारत के सामने खड़ा किया रनों का पहाड़

## पहले टी-20 मैच में छह विकेट खोकर बनाए 197 रन

### डेनियल यॉट और नेट स्किवर ने जड़े अर्धशतक, रेणुका ने चटकाए तीन विकेट

**एजेंसी। मुंबई**



इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने यहां खेले गए पहले टी-20 मैच में भारत के सामने रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया है। इंग्लैंड ने डेनियल यॉट और नेट स्किवर ब्रंट के शानदार अर्धशतकों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर को भारतीय टीम को जीत के लिए 198 रन का लक्ष्य दिया है। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 77 रन नेट शिवर ने बनाए। डेनियल यॉट ने भी 75 रन का योगदान दिया। अंत में एमी जोन्स ने नौ गेंद में 23 रन जड़कर इंग्लैंड के स्कोर को 200 के करीब पहुंचा दिया। भारत के लिए रेणुका सिंह ने तीन विकेट चटकाए। श्रेयांका पाटिल को दो और साइका इशाक को एक विकेट मिला।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम इंडिया की पेसर रेणुका सिंह ने कप्तान हरमनप्रीत कौर के फैसल को सही साबित करते हुए इंग्लैंड को दो रन के कुल स्कोर पर दोहरा झटका दिया। रेणुका ने इंग्लिश ओपनर सोफिया डंकली (01) को बोल्ड कर पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद तीसरे नंबर पर उतरी एलिस कैप्सी को शून्य के स्कोर पर चलता किया। इसके बाद डेनियल यॉट और नेट स्किवर ब्रंट ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली। इस दौरान दोनों ही बल्लेबाज ने अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 138 रन की साझेदारी निभाई। डेलियल ने 47 गेंदों पर 75 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 8 चौके और 2 छक्के लगाए। डेनियल को 140 रन के कुल स्कोर पर साइका इशाक की गेंद पर ऋचा घोष ने स्टंप आउट किया। नेट स्किवर 77 रन बनाकर रेणुका का शिकार बनीं। हीदर नाइट सात गेंद में छह रन बनाकर आउट हुईं, श्रेयांका पाटिल ने उन्हें बोल्ड किया।

# बीसीसीआई ने हार्दिक पंड्या की वापसी का बनाया खास प्लान

## एनसीए में 18 सप्ताह रहकर करेंगे कड़ी मेहनत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



**भारतीय** टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या चोट के चलते टीम से बाहर चल रहे हैं। हार्दिक को वनडे विश्वकप 2023 में बाग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में चोट लगी थी। इस वजह से वह विश्व कप के भी अधिकतर मुकाबलों में नहीं खेल पाए थे। दक्षिण अफ्रीका दौरे में उनके वापस लौटने की उम्मीद थी, लेकिन टीम में उन्हें शामिल नहीं किया गया। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हार्दिक की फिटनेस के लिए बीसीसीआई ने खास प्लान बनाया है। हार्दिक खुद को पूरी तरह से फिट बनाने के लिए 18 सप्ताह तक मेहनत करेंगे। इसके बाद वह मार्च के महीने में वापसी कर सकते हैं। इस स्थिति में वह अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में भी नहीं खेल पाएंगे।

अगले साल जून के महीने में होने वाले टी-20 विश्व कप में हार्दिक बेहद अहम खिलाड़ी होंगे। टीम के नियमित कप्तान रोहित शर्मा ने 2022 टी-20 विश्व कप के बाद देश के लिए कोई टी-20 मैच नहीं खेला है। उनकी गैरमौजूदगी में अधिकतर मौकों पर हार्दिक ने ही टीम की कमान संभाली है। ऐसे में हार्दिक पांड्या ही अगले विश्व कप में भारत के कप्तान हो सकते हैं। इस वजह से बीसीसीआई उनकी फिटनेस का विषेश ध्यान रख रही है और जल्दबाजी में वापसी करा कर कोई रिस्क नहीं लेना चाह रही है।

बीसीसीआई ने हार्दिक की फिटनेस के लिए 18 सप्ताह का प्लान बनाया है। हार्दिक को इस दौरान एनसीए में फिटनेस पर काम करना होगा। इससे पहले जसप्रीत बुमराह, लोकेश राहुल और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ियों के लिए भी बीसीसीआई ने ऐसा ही प्लान बनाया था और ये खिलाड़ी पूरी तरह से फिट होकर विश्व कप में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल थे। अब हार्दिक के लिए भी ऐसा ही प्लान बनाया गया है।

### पूर्व चैंपियन वोज्नियाकी को आस्ट्रेलियाई ओपन में वाइल्ड कार्ड



**मेलबर्न।** दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी को आस्ट्रेलियाई ओपन 2024 के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। वह सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम में अपने दोनों बच्चों को लेकर आने की सोच रही हैं। आस्ट्रेलियाई ओपन 2018 चैंपियन वोज्नियाकी और आस्ट्रेलिया के छह खिलाड़ियों को पहले चरण में वाइल्ड कार्ड दिए गए। तीन साल के ब्रेक के बाद 33 वर्ष की वोज्नियाकी अगस्त में ही कोर्ट पर लौटी है। उन्होंने मांट्रियल और सिनसिनाटी में खेला और अमेरिकी ओपन में चौथे दौर तक पहुंची जहां उन्हें कोको गॉ ने हराया। वोज्नियाकी ने कहा कि वह अपनी बेटी ओलिविया और बेटे जेम्स को लेकर आएंगी।

# रवि बिश्नोई बने दुनिया के नंबर वन बॉलर

## आईसीसी रैंकिंग: राशिद खान को शीर्ष स्थान से हटाया

**एजेंसी। दुबई**

**भारत** के युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत पांच पायदान की छलांग लगाकर बुधवार को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टी-20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज हो गए।

बिश्नोई ने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ समाप्त हुई श्रृंखला में पांच मैच में नौ विकेट झटके थे। 23 वर्षीय बिश्नोई के 699 रेटिंग अंक हैं, उन्होंने इस तरह पांच पायदान के फायदे से अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान (692 अंक) को शीर्ष से हटा दिया।



श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसारंगा और इंग्लैंड के आदिल राशिद संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं और दोनों के 679 अंक हैं।

श्रीलंका के महीश तीक्षणा (677 अंक) शीर्ष पांच गेंदबाजों में शामिल हैं। बिश्नोई खेल के इस छोटे प्रारूप में शीर्ष 10 में काबिज एकमात्र गेंदबाज हैं जबकि अक्षर पटेल नौ पायदान की छलांग से 18वें स्थान पर पहुंच गए।

### सूर्या बैटिंग में शीर्ष पर

भारत को टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में आस्ट्रेलिया पर 4-1 से जीत दिलाने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं जबकि सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ एक पायदान खिसककर सातवें स्थान पर पहुंच गए। हार्दिक पंड्या ने आल राउंडर खिलाड़ियों की सूची में तीसरा स्थान बरकरार रखा है जबकि वह चोट के कारण आस्ट्रेलिय के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे।

# क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के लिए आउट होने वाले पहले बांग्लादेशी बल्लेबाज बने रहीम

**मीरपुर।** पूर्व कप्तान मुश्फिकुर रहीम बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरूआती दिन एक अजीबोगरीब घटना में क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के लिए आउट होने वाले बांग्लादेश के पहले बल्लेबाज बने। रहीम 35 रन बनाकर बांग्लादेश के शीर्ष स्कोरर रहे। मेजबान टीम 67 ओवर में 172 रन पर सिमट गई।

रहीम ने 41वें ओवर की चौथी गेंद पर काइल जैमीसन की उछलती हुई गेंद का बचाव करने के बाद गेंद को रोकने के लिए दायां हाथ उठाया। गेंदबाज ने अपील की और मैदानी अंपायर ने इसे टीवी अंपायर अहसान रजा को रेफर किया जिन्होंने रहीम को आउट किया। नियम 37.1.2 के अनुसार, स्ट्राइकर को क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के लिए तब आउट माना जाएगा, अगर वह अपना विकेट बचाने के लिए गेंदबाज द्वारा फेंकी गई गेंद को जानबूझकर उस हाथ से रोकता है जिससे उसने बल्ला नहीं पकड़ा हुआ है। यह पहली स्ट्राइक या इसके बाद दूसरी स्ट्राइक पर भी लागू होगा।

### जूनियर हॉकी विश्वकप में स्पेन से मुकाबला

# भारत को आत्ममुग्धता से बचना होगा

## विपक्षी टीमों को अधिक पेनल्टी कॉर्नर देने से कोच नाखुश

**एजेंसी। कुआलालंपुर**

**एफआईएच** जूनियर हॉकी विश्व कप में सकारात्मक शुरूआत के बाद भारत को बृहस्पतिवार को पूल सी में स्पेन के खिलाफ मैच में आत्ममुग्धता से बचना होगा। उपकप्तान अराइजीत सिंह हुंडल की हैटिक के दम पर भारत ने पहले मैच में कोरिया को 4-2 से हराया।

भारत के कोच सीआर कुमार टीम के प्रदर्शन से खास खुश नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि टीम को बाकी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करके अनावश्यक पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। भारतीय टीम ने पहले मैच में छह पेनल्टी कॉर्नर दिए जबकि दो ही बना सकी। कुमार ने कोरिया के खिलाफ मैच के बाद कहा , हमें खुशी है कि हमने पूरे तीन



अंक लिए लेकिन हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हमने पेनल्टी कॉर्नर पर दो गोल गंवाए जिस पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा , इतने पेनल्टी कॉर्नर देना सही नहीं है। हमने छह पेनल्टी कॉर्नर दिए और दो ही बना सके।

भारत ने 2001 में होबर्ट और 2016 में लखनऊमें जूनियर विश्व कप जीता है। वहीं 1997 में इंग्लैंड में रजत पदक जीता था। कप्तान उत्तम सिंह और हुंडल पिछली बार भी भुवनेश्वर में टूर्नामेंट खेले थे जब भारत चौथे स्थान पर रहा था। स्पेन ने 2005 में रॉटरडम में कांस्य पदक जीता था।

# पाक के कोच बनने को तैयार हैं अजय जडेजा

## पाक को कोच की तलाश, विश्वकप में अफगानिस्तान टीम के मेंटर की निभाई थी भूमिका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**पिछले** कुछ समय से पाकिस्तान क्रिकेट में काफी उथलपुथल का दौर रहा है। जहां टीम डायरेक्टर मिकी आर्थर समेत सभी कोच को हटा दिया गया। वहीं, मुख्य चयनकर्ता भी बदले गए। पाकिस्तान के मौजूदा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मोहम्मद हफीज टीम के डायरेक्टर के साथ-साथ हेड कोच की भी भूमिका निभाएंगे। वहीं, वहाब रियाज को मुख्य चयनकर्ता बनाया गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड फिलहाल एक नए कोच की तलाश कर रहा है।

घरेलू कोच होने का फायदा टीम इंडिया को विश्वकप में मिला था। ऐसे में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स ने भी टीम का कोच अपने देश का होने



### अफगानिस्तान से की पाकिस्तान की तुलना

जडेजा ने कहा- मैंने अफगानिस्तान के साथ अपने सभी अनुभवों को साझा किया। मुझे विश्वास है कि पाकिस्तान भी कभी अफगानिस्तान की तरह ही रहा होगा। अफगानिस्तान ने भारत में हुए विश्व कप में नौ मैचों में चार जीत दर्ज की और अंक तालिका में छठे स्थान पर रहा। वहीं, पाकिस्तान विश्व कप 2023 अंक तालिका में अफगानिस्तान से ऊपर रहने में कामयाब रहा।

पर जोर दिया है या फिर कोई ऐसा जिनसे पाकिस्तान खिलाड़ी बेहतर तरीके से बातचीत कर सकें। ऐसे में भारत के पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा के बयान ने सभी को चौंका दिया है।

एक स्पोर्ट्स चैनल से बातचीत के दौरान उनसे जब पूछा गया कि क्या वह पाकिस्तान टीम के कोच बनना चाहेंगे? इस पर भारत के इस दिग्गज ने कहा कि 'मैं तैयार हूं'। अब ऐसा जडेजा ने मजाक में कहा यह वह किसी चीज का संकेत दे रहे थे, इस बारे में जडेजा ही बेहतर जानते होंगे। जडेजा ने हाल ही में हुए विश्व कप में अफगानिस्तान टीम के मेंटर की भूमिका निभाई थी। यह उनका किसी टीम के स्टाफ के तौर पर पहला असाइनमेंट था। जडेजा की देखरेख में अफगानिस्तान ने बेहतरीन खेल दिखाया था और चार मैच जीते थे, जो किसी एक विश्व कप में इस टीम द्वारा जीते गए सबसे ज्यादा मैच थे। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी विश्व कप विजेता टीमों को हराया था।

अफगानिस्तान के खिलाफ पाकिस्तान की हार में जडेजा ने अहम भूमिका निभाई। इसके बाद क्रिकेट प्रेमियों को 1996 विश्वकप का क्वार्टर फाइनल मैच याद आ गया था, जिसमें भारत-पाकिस्तान आमने-सामने थे। भारत की जीत में नवजोत सिंह सिंद्धू, वेंकटेश प्रसाद और अनिल कुंबले ने अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, इस मैच के असली हीरो अजय जडेजा रहे थे। उन्होंने 25 गेंद में 45 रन की तूफानी पारी खेली थी।

# काफी ज्यादा क्रिकेट से टेस्ट में अच्छे ऑलराउंडरों की कमी हो गई है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**दिग्गज** हरफनमौलाओं की सूची में शामिल जाक कैलिस ने कहा है कि सभी प्रारूपों में काफी अधिक क्रिकेट के कारण आधुनिक क्रिकेट, विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में स्तरीय ऑलराउंडर की कमी हो गई है।

सर गारफील्ड सोबर्स (8032 रन और 235 विकेट) को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर माना जाता है जबकि इसमें कोई संदेह नहीं कि कैलिस (25 हजार से अधिक रन और 235 विकेट) आधुनिक युग के महान ऑलराउंडर में से एक हैं। क्रिकेट जगत ने 1980 के दशक में इमरान खान, रिचर्ड हैडली, इयान बॉथम और कपिल देव के रूप में चार महान ऑलराउंडर देखे जबकि नई सदी में



कैलिस और एंड्रयू फ्लिंटॉफ का जलवा देखने को मिला। लेकिन टी-20 क्रिकेट के आने और दुनिया भर में नए नियमों के साथ कई लीग के शुरू होने से हरफनमौलाओं के विकास पर असर पड़ा है। कैलिस ने एक साक्षात्कार में कहा, इसका जवाब देना कठिन है, हरफनमौला खिलाड़ी आपको हर दिन नहीं मिलते। क्रिकेट के इतिहास में बहुत सारे ऑलराउंडर नहीं हैं। बहुत सी चीजें, क्रिकेट की मात्रा भी निश्चित रूप से एक भूमिका निभाती है।

दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व कप्तान लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलने के लिए भारत में है। कैलिस ने आईपीएल का नाम नहीं लिया लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स का यह पूर्व कोच इंपैक्ट प्लेयर नियम का समर्थक नहीं है जहां टीम अपनी बल्लेबाजी या गेंदबाजी पारी के दौरान अपनी जरूरत के अनुसार एक खिलाड़ी को बदल सकती है। कुछ टी-20 प्रतियोगिताओं में वैकल्पिक खिलाड़ी होते हैं (आईपीएल) और मैं इसका बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं क्योंकि यह आपकी टीम में ऑलराउंडर की भूमिका खत्म कर देता है।